वर्ष 69 ▸ अंक 236 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, सोमवार 25 मई, 2026
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रकृति में गहराई से देखो, तब तुम हर चीज को बेहतर ढंग से समझ पाओगे।
– अल्बर्ट आइंस्टीन

## आईपीएल 2026

### प्लेऑफ में पहुंचने वाली राजस्थान चौथी टीम बनी



**मुंबई, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराते हुए आईपीएल 2026 की अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। इसके साथ ही वह बेंगलुरु, गुजरात और हैदराबाद के बाद प्लेऑफ में प्रवेश करने वाली चौथी टीम बन गई। लीग स्टेज के अंतिम दिन राजस्थान की जीत ने उनके खाते में कुल 16 अंक कर दिए। इसके चलते वह पंजाब से आगे निकल गए। प्लेऑफ का आगाज क्वालिफायर-1 के साथ होगा, जो बेंगलुरु और गुजरात के बीच 26 मई को धर्मशाला में खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा। हैदराबाद और राजस्थान के बीच 27 मई को न्यू चंडीगढ़ में एलिमिनेटर खेला जाएगा। जो टीम मुकाबला हारेगी वह टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। जीतने वाली टीम 29 मई को क्वालिफायर 1 हारने वाली टीम से क्वालिफायर 2 खेलेगी।

- 26 मई बेंगलुरु और गुजरात के बीच पहला क्वालिफायर
- 27 मई को हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर खेलेगी राजस्थान

### आईपीएल परिणाम

**राजस्थान ने मुंबई को 30 रनों से हराया।**

**दिल्ली ने कोलकाता को 40 रनों से हराया।**

# पारा 48° के पार: दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में 89 भारत के

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ, जेएनएन।** मई का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही देश के बड़े हिस्से आग की तरह तपने लगे हैं। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। रविवार को दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में भारत के 89 शहर शामिल रहे। निजी मौसम एजेंसी एक्आई के अनुसार दोपहर 2 बजे उत्तर प्रदेश के 6 शहरों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रयागराज देश का सबसे गर्म शहर रिकॉर्ड किया गया।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 48 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को गर्मी और बढ़ सकती है तथा कई इलाकों में भीषण हीटवेव की स्थिति बनेगी।

भीषण गर्मी का सबसे गंभीर असर तेलंगाना में देखने को मिला है, जहां हीटस्ट्रोक के कारण इस सीजन में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। कई जिलों में 26 मई तक हीटवेव अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

भीषण गर्मी के बीच उत्तराखंड से भी चिंताजनक तस्वीर सामने आई। चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम के पास कंचन गंगा ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट गया। कुबेर पर्वत की ओर से बर्फ और धूल का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया, जिसके बाद पत्थर और मलबा नीचे गिरने लगा। हालांकि राहत की बात यह रही कि मलबा आबादी या सड़क तक नहीं पहुंचा। प्रशासन के अनुसार चारधाम यात्रा और बद्रीनाथ हाईवे पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

## आज और कल भी रहेगी भीषण गर्मी

*मौसम विभाग के अनुसार 25 और 26 मई को उत्तर भारत में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा।*

- दिल्ली पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश और आंधी का अनुमान जताया गया है।
- 26 मई को हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।
- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी।
- दूसरी तरफ असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, केरल और तमिलनाडु में भारी बारिश और तूफान की चेतावनी दी गई है।




### राज्यों का हाल

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश के 10 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। बांदा में तापमान 46.2 डिग्री, प्रयागराज में 46 डिग्री, झांसी में 44.9 डिग्री और कानपुर में 44.2 डिग्री दर्ज किया गया।

**राजस्थान:** राजस्थान में एक तरफ पश्चिमी जिलों में हीटवेव तेज हो गई है, वहीं जयपुर, अलवर और टोंक में हल्की बारिश हुई। जैसलमेर में तापमान फिर 46 डिग्री के करीब पहुंच गया। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि तेज धूप से त्वचा जलने तक की स्थिति बन सकती है।

**बिहार:** बिहार के चार जिलों में हीटवेव और पांच जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

**हरियाणा:** 11 जिलों में गर्म हवाओं को लेकर चेतावनी दी गई है। रोहतक राज्य का सबसे गर्म शहर रहा।

**छत्तीसगढ़:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को राहत देने के लिए वाटर मिस्ट सिस्टम लगाया गया है, जिससे ठंडी फुहारें छोड़ी जा रही हैं।

**पहाड़ों की ओर बढ़ी भीड़:** मैदानी इलाकों की भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग बड़ी संख्या में पहाड़ी पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं।

## मध्य प्रदेश के 44 जिलों में हीट वेव, 5 में रेड अलर्ट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में रविवार को 44 जिलों में लू यानी हीट वेव रही। इसमें 5 जिले ऐसे रहे, जहां हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया गया, इनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना का नाम शामिल हैं। इनमें सीवियर हीट वेव की स्थिति रही। वहीं प्रदेश के 17 जिले ऐसे हैं, जहां गर्मी का येलो अलर्ट रहा, इन जिलों अधिक गर्मी के कारण लू की स्थिति रही। इसके अलावा 22 जिलों में सामान्य गर्मी के कारण लू की स्थिति बनी। भोपाल मौसम केंद्र द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के मुताबिक 28 मई तक प्रदेश में गर्मी कम होने की संभावना नहीं है।

**खजुराहो व नौगांव में 45 डिग्री से ज्यादा तापमान**

नौतपा आज से: सूरज की सीधी किरणें और बढ़ाएंगी गर्मी: पेज-5 पर

### 12 जिलों में पारा 44° से ज्यादा

प्रदेश के 80 फीसदी जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इसका कारण यहां दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक होना है। रविवार को एमपी के 12 जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री या इससे ऊपर रिकार्ड किया गया। सबसे अधिक तापमान छतरपुर जिले के खजुराहो व नौगांव में रहा। दोनों ही जगह पारा 45.8 डिग्री रहा। भोपाल में 42.7 डिग्री, इंदौर में 40.9 डिग्री, उज्जैन में 41.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

# बांधवगढ़: बाघ के हमले का शिकार बनी महिला

## बचाने आए परिवार के तीन सदस्य हुए घायल

**जागरण, उमरिया।** प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा क्षेत्र के खेरवा मोहल्ला में एक बाघ अचानक घर के भीतर घुस आया। बाघ ने आंगन में गहरी नींद में सो रही महिला पर हमला कर उसकी जान ले ली। महिला को बचाने दौड़े परिवार के तीन अन्य सदस्य भी बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत, तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मृतका की पहचान 40 वर्षीय फूल बाई, पति पहलू पाल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रात करीब तीन बजे बाघ अचानक घर में दाखिल हुआ और सीधे फूल बाई पर हमला बोल दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर पति पहलू पाल, उसके पिता और ससुर दशई पाल उसे बचाने पहुंचे, लेकिन बाघ ने उन पर भी हमला बोल दिया।

घटना के बाद हालात तब और भयावह हो गए, जब बाघ कई घंटों तक घर के अंदर ही मौजूद रहा और बीच-बीच में दहाड़ता रहा। भयभीत ग्रामीण घर से दूरी बनाए रहे और बड़ी संख्या में लोग गांव के बाहर जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहीं टाइगर रिजर्व में आक्रोशित ग्रामीणों और वन विभाग की टीम से झड़प हो गई। ग्रामीणों ने टाइगर रिजर्व की टीम पर हमला कर दिया। सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। इस दौरान परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक श्रीवास्तव के सिर में चोट आई, जबकि पतौर रेंजर अंजू वर्मा के साथ भी मारपीट की गई। हालात संभालने और भीड़ नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात करना पड़ा।



बाघ के हमले के बाद गांव में महिलाएं लाठियां लेकर निगरानी करते हुए।

### ट्रैंकुलाइज के बाद टाइगर की मौत

वहीं वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान टाइगर को ट्रैंकुलाइज किया, जिसके बाद वह बेहोश हो गया। हालांकि, कुछ देर बाद टाइगर की मौत हो गई। ट्रैंकुलाइज के दौरान दवा की ओवरडोज की वजह से जान जाने की आशंका है। वन विभाग मामले की जांच में जुटा है। अफसरों के मुताबिक यह क्षेत्र जंगल से सटा है, इसलिए सतर्कता जरूरी है। स्थानीय लोगों के अनुसार बाघ हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे भय बना हुआ है। इलाके में बाघ की गतिविधियों पर निगरानी जारी है।

### मृत महिला के परिजनों को मिलेंगे 25 लाख



**विशेष संवादताता, भोपाल।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में बाघ के हमले से एक महिला की मौत पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुःख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के निःशुल्क उपचार और आवश्यक मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में बाबा महाकाल से दिवंगत की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।




*₹ 10.99 lakh for e VITARA Delta. Battery EMI: ₹ 3.99/km (subject to financier terms). Taxes and statutory charges are extra. Visit dealership for full T&Cs. | *As certified by Kantar IMRB for an OEM platform for end-to-end usage as on November 28, 2025. | *543 km range: Certified range; actual results may vary by driving conditions and usage. | *ADAS features are for driver assistance only. Driver is responsible for safe and attentive driving. | *Always wear your seatbelt. | *Mentioned ownership plan is for e VITARA Delta variant. Calculation is done assuming vehicle is running 60 km per day, excluding charging cost. Valid on retail sales for the e VITARA till 31st May '26, capped at 1 000 units of electricity (kWh) per customer or 1 Year from the purchase of the vehicle, whichever is earlier. Assured buyback plan is available on payment basis with the option of 3 years/45 000 km or 4 years/60 000 km ownership plans (whichever is earlier). The program is offered through an Insurance company. e VITARA comes with standard warranty of 3 years/1 00 000 km with an option of extending the same on payment basis to 5 years/1 40 000 km and service activated coverage for 6th to 8th year for EV related components.



# जल संरक्षण का जनआंदोलन



जल संरक्षण को जन-जन से जोड़ने का

## जल गंगा संवर्धन अभियान-2026

(19 मार्च - 30 जून)

अंतर्गत

## गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेशव्यापी जनसहभागिता कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

25 मई, 2026 । धार, मध्यप्रदेश



### जल संरक्षण में राष्ट्रीय गौरव

- भारत सरकार के जल संचय-जनभागीदारी अभियान 2026 में मध्यप्रदेश चल रहा देश में अग्रणी
- प्रदर्शन के स्तर पर देश के टॉप 10 जिलों में मध्यप्रदेश के खण्डवा, डिंडौरी, शहडोल और राजगढ़ जिले शामिल



### ऐतिहासिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन

- बावड़ी एवं मंदिर तालाबों का जीर्णोद्धार
- 5,000+ पुराने जल स्रोत संवारे गए
- 40 लाख+ नागरिकों की सहभागिता

### जल गंगा संवर्धन अभियान 2025

उपलब्धियाँ



### ग्रामीण जल संरक्षण

- 86 हजार+ खेत तालाब और 553 अमृत सरोवरों का निर्माण
- 1.04 लाख कुओं का पुनर्भरण



### जनजागरूकता एवं जल संरक्षण

- 2.30 लाख जलदूत पंजीकृत
- 40 हजार कृषकों का पंजीयन कर ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सुविधा का विस्तार
- नहरों एवं जल संरचनाओं का अभिलेखीकरण



### शहरी जल संवर्धन

- 3,300+ जल स्रोतों का पुनर्जीवन
- 2,200 नालों की सफाई
- 4,000 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण



### नदी संरक्षण एवं हरित विकास

- 57 नदियों में मिलने वाले 194 नालों का शोधन, गंगोत्री हरित योजना में 145 नदी उद्गम क्षेत्रों का विकास
- वन्य जीवों के लिए 2,500+ जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण

## वर्ष 2026 का लक्ष्य

₹ 10,666 करोड़ लागत के 3.68 लाख जल संरक्षण कार्य

19 मार्च से अब तक 1.91 लाख से अधिक कार्य पूर्ण

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11024/26

आकल्पन : म.प. माध्यम/2026

वर्ष 69 » अंक 236 » पृष्ठ 12
भोपाल, सोमवार 25 मई, 2026
» ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2083
» महानगर » मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रकृति की हर चीज में कुछ न कुछ अद्भुत होता है।
- अरस्तू

**ऑफ बीट**

## 'फोटोनिक इंजन' बदल देगा 6जी की दुनिया



*चीन ने 6जी तकनीक की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने का दावा किया है। साउथ चाइना यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने एक लेजर-पावर्ड 'फोटोनिक इंजन' विकसित किया है, जो सफेद रोशनी के जरिए बेहद तेज गति से डेटा ट्रांसफर कर सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह तकनीक भविष्य में 6जी नेटवर्क का चेहरा बदल सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नई तकनीक ने विजिबल लाइट कम्युनिकेशन (वीएलसी) के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड बनाया है। जहां अब तक ऐसी तकनीकें केवल कुछ मीटर तक डेटा भेज पाती थीं, वहीं चीन के इस फोटोनिक इंजन ने 1.2 किलोमीटर दूर तक सफलतापूर्वक डेटा ट्रांसफर कर दिखाया है। इस रिसर्च का नेतृत्व वैज्ञानिक झिगुओ शिया ने किया। उन्होंने कहा कि यह तकनीक पारंपरिक इंटरनेट सिस्टम से बिल्कुल अलग है। इसे कम लागत वाले सिरेमिक मटेरियल से तैयार किया गया है और भविष्य में यह एआई आधारित सुपर-फास्ट 6जी नेटवर्क की रीढ़ बन सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाला 6जी इंटरनेट सिर्फ तेज स्पीड तक सीमित नहीं रहेगा।*

**संक्षिप्त खबरें**

## इबोला को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अफ्रीका में तेजी से फैल रहे इबोला वायरस ने दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। हालात की गंभीरता को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इबोला को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, युगांडा और आसपास के देशों में संक्रमण के बढ़ते मामलों के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत इस आपातस्थिति की घोषणा की। वहीं अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने भी इसे 'महाद्वीपीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित किया है। इधर भारत सरकार ने नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारतीयों को कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। सरकार ने कहा है कि जो लोग इन देशों में रह रहे हैं या जरूरी कारणों से वहां जा रहे हैं, वे सभी स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। भारत ने अफ्रीकी देशों की मदद के लिए चिकित्सा सामग्री और दवाइयों की पहली खेप रवाना की है।




## नीट पेपर दोबारा होने की चिंता में छात्रा ने दी जान

**कलबुर्गी, जेएनएन।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में नीट परीक्षा देने वाली 18 वर्षीय छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पढ़ाई में बेहद होनहार थी और पीयूसी परीक्षा में उसने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। पुलिस के अनुसार, भाग्यश्री ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिवार और इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। छात्रा के पिता राजशेखर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि परिवार में किसी तरह की परेशानी नहीं थी और सबकुछ सामान्य चल रहा था। उन्होंने बताया कि भाग्यश्री ने नीट परीक्षा भी अच्छी दी थी। हालांकि उन्हें लगता है कि परीक्षा दोबारा होने को लेकर उसके मन में तनाव या चिंता रही होगी। राजशेखर ने कहा, 'हम किसी को दोष नहीं दे रहे। वह पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। शायद उसके मन में कुछ चल रहा था, लेकिन हम उसकी तकलीफ समझ नहीं पाए।' 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा, पेपर लीक के बाद रद्द कर दी गई थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने दोबारा परीक्षा 21 जून को कराने का फैसला लिया है।



# मौत के 12 दिन बाद त्विषा का अंतिम संस्कार, भाई ने दी मुखाग्नि, दिल्ली एम्स की टीम ने किया दोबारा पोस्टमार्टम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रिटायर्ड जिला जज गिरिबाला सिंह की बहू त्विषा शर्मा की मौत के 12 दिन बाद रविवार शाम को भदभदा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। त्विषा के मेजर भाई हर्षित शर्मा ने मुखाग्नि दी। इस दौरान उनकी मां और परिवार के सदस्य रोत-बिलखते रहे। परिवार के लोग एक-दूसरे को संभालते रहे। इस मौके पर पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। इससे पहले रविवार को ही दिल्ली एम्स की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने टीम ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम किया। इस दौरान पूरा परिवार एम्स में रहा। पोस्टमार्टम करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। टीम में दिल्ली एम्स के फोरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. मिलो समेत कुल चार सदस्य शामिल थे। इसके बाद टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई। डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि त्विषा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने में अभी कुछ समय लगेगा। कुछ प्रयोगशाला जांच जैसे हिस्टोपैथोलॉजी और विसरा का परीक्षण किया जाना बाकी है। दिल्ली एम्स के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम नमूने, फोटोग्राफ, वीडियो और लिखित निष्कर्षों के साथ सोमवार को लौटेगी। 12 मई की रात कटारा हिल्स में त्विषा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष ने इसे आत्महत्या बताया है। जबकि मायके पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है।



### डॉक्टरों की टीम ने किया घटनास्थल का मुआयना | लिखित निष्कर्षों के साथ आज लौट जाएगी टीम | पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने में लगेगा अभी समय | पूछताछ में कुछ नहीं बता रहा आरोपी पति समर्थ

### पति बोला- हमारे बीच कोई विवाद नहीं था

इधर, एसआईटी पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी पति समर्थ सिंह से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो उससे घटना का कारण पूछा तो उसने मना कर दिया। उसे नहीं पता कि आखिर त्विषा ने यह कदम क्यों उठाया। पुलिस ने उनके बीच विवाद की बात पूछी तो उसने बताया हमारे बीच कोई विवाद नहीं था। समर्थ ने पत्नी त्विषा पर आरोप लगाए हैं कि वह ड्रग्स लेती थी। बच्चा नहीं चाहती थी। इससे माना जा रहा है कि पुलिस पूछताछ में कुछ हासिल नहीं कर पाई। फरारी काटने के संबंध में पूछा गया तो चुप रहा।



त्विषा के भाई ने मुखाग्नि दी तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। इनसेट में त्विषा। (फोटोः एचसी वर्मा )

### एसआईटी करेगी घटना का री-क्रिएशन

एक टीम जल्द ही जबलपुर रवाना हो गई है। चूंकि आरोपी जबलपुर में सरेंडर करने पहुंचा था। इसलिए पुलिस जबलपुर में सबूत जुटाने जा सकती है। आरोपी समर्थ से कटारा हिल्स में पूछताछ की जा रही है। वह 29 मई तक पुलिस की रिमांड पर है। सोमवार को एसआईटी घटना का री-क्रिएशन करेगी।

### हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

सोमवार को जबलपुर हाईकोर्ट में आरोपी सास और रिटायर्ड जिला जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त करने के मामले में सुनवाई होनी है। इस संबंध में हाईकोर्ट में पुलिस की ओर से याचिका लगाई गई है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने त्विषा शर्मा के मौत के मामले में शनिवार को स्वतः संज्ञान लिया है। सीजेआई की बैंच सोमवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। इस बैंच में सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत के अलावा जस्टिस जॉय माल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली भी शामिल हैं।

## ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इनकार, कहा- ये डील का हिस्सा नहीं

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर जारी कूटनीतिक हलचल के बीच नया विवाद सामने आ गया है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपना संवर्धित यूरेनियम भंडार अमेरिका को नहीं सौंपेगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा है कि फिलहाल जो शुरुआती समझौते की बातचीत चल रही है, उसमें परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार का मुद्दा शामिल ही नहीं है।

ईरानी अधिकारी के बयान ने उन रिपोर्ट्स को झटका लगा है जिनमें दावा किया जा रहा था कि तेहरान अपने समृद्ध यूरेनियम के भंडार को हटाने या अमेरिका को सौंपने पर सहमत हो गया है। अब ईरान ने इन खबरों को खारिज करते हुए संकेत दिया है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आसानी से झुकने वाला नहीं है।

ईरान का कहना है कि यूरेनियम और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तृत बातचीत अंतिम समझौते के दौरान होगी। फिलहाल यह केवल शुरुआती राजनीतिक और सैन्य तनाव कम करने की बातचीत है। प्रस्तावित समझौते को लेकर इजराइल में चिंता बढ़ गई है। इजराइली अधिकारियों का मानना है कि यह डील ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार के रूप में करने का मौका दे सकती है। इजराइली चैनल-12 की रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह रणनीति परमाणु हथियार जितनी प्रभावी साबित हो सकती है। इस संकट का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। 27 देशों ने वर्ल्ड बैंक से मदद मांगी है।

### ट्रंप बोले थे- 'यूरेनियम लेकर रहेंगे'



इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा था कि अमेरिका ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखने की इजाजत नहीं देगा। ट्रंप ने कहा, 'हम उसे हासिल करेंगे, ईरान को यह रखने नहीं देंगे।' उनके बयान के बाद यह माना जा रहा था कि अमेरिका किसी बड़े समझौते के करीब पहुंच चुका है, लेकिन अब ईरानी पक्ष के इनकार ने हालात को फिर जटिल बना दिया है।

### समझौते में युद्धविराम और हमले रोकने की बात

- अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस और ईरानी एजेंसी फार्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका-ईरान के बीच तैयार हो रहे मसौदा समझौते में 60 दिन के युद्धविराम विस्तार की योजना शामिल है। इसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा पूरी तरह खोलने, समुद्री रास्तों को सुरक्षित बनाने और तेल सप्लाई सामान्य करने पर सहमति बनने की संभावना जताई गई है।
- समझौते में अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान या उसके समर्थक समूहों पर हमला नहीं करने का आश्वासन दिया जा सकता है। बदले में ईरान भी अमेरिका और इजराइल पर पहले हमला न करने का वादा करेगा।
- साथ ही इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष को खत्म करने का प्रस्ताव भी शामिल बताया जा रहा है। हालांकि अगर हिजबुल्लाह की ओर से हमला होता है तो इजराइल को जवाबी कार्रवाई की छूट मिलेगी।

### ट्रंप बोले- ओबामा जैसी 'खराब डील' नहीं करेंगे

ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही बातचीत को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने साफ कहा कि उनकी सरकार पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह ईरान के साथ कोई 'कमजोर' परमाणु समझौता नहीं करेगी। उन्होंने 2015 की ईरान न्यूक्लियर डील को अमेरिका के इतिहास की 'सबसे खराब डील्स' में से एक बताया। ट्रंप ने आरोप लगाया कि उस समझौते ने ईरान को अप्रत्यक्ष रूप से परमाणु हथियार बनाने का रास्ता दे दिया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जिस नए समझौते पर बातचीत कर रही है, वह पूरी तरह अलग होगा और उसमें अमेरिका की सुरक्षा प्राथमिकता होगी। ट्रंप ने कहा, 'मैंने अपने प्रतिनिधियों से कहा है कि किसी तरह की जल्दबाजी न करें। समय हमारे पक्ष में है। जब तक अंतिम समझौते पर आधिकारिक हस्ताक्षर नहीं हो जाते, तब तक ईरान पर अमेरिकी दबाव और प्रतिबंध जारी रहेंगे।'

### ट्रंप ने की मोदी की तारीफः बोले- भारत मुझ पर 100% भरोसा कर सकता है

**नई दिल्ली/ वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत की खुलकर तारीफ करते हुए कहा कि भारत जब भी चाहे, अमेरिका और वह खुद उसके साथ खड़े रहेंगे। ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अच्छी तरह पता है कि जरूरत पड़ने पर किसे फोन करना है। अमेरिका की आजादी के 250 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में ट्रंप ने फोन के जरिए संबोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने ट्रंप को फोन मिलाकर स्पीकर पर उनका संदेश सुनाया। अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी का बहुत बड़ा फैन हूं। भारत मुझ पर 100 फीसदी भरोसा कर सकता है। अगर उन्हें कभी मदद की जरूरत पड़े, तो उन्हें पता है कि कहां फोन करना है। वे यहीं फोन करते हैं।' ट्रंप ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी को उनकी ओर से 'नमस्ते' कहें और बताएं कि वह उनके बड़े प्रशंसक हैं। ट्रंप ने इस दौरान रुबियो की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि रुबियो अमेरिका के इतिहास के सबसे बेहतरीन विदेश मंत्रियों में गिने जाएंगे। ट्रंप ने कहा, 'मार्को शानदार हैं और इतिहास उन्हें महान विदेश मंत्री के रूप में याद करेगा।'

**भारत-अमेरिका वार्ता में जयशंकर ने उठाया वीजा मुद्दा... पेज 11 पर**

## छतरपुर में 50 हजार की उधारी पर बहस के दौरान युवक की गला काट कर हत्या

### मृतक पोस्ट ऑफिस कर्मी, कोर्ट के पास हुई वारदात, दोस्त को भी मारे चाकू

**जागरण, छतरपुर।** प्रदेश के छतरपुर जिले में शनिवार रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। लवकुशनगर सिविल कोर्ट के पास बदमाशों ने एक युवक का गला काटकर हत्या कर दी, जबकि उसके दोस्त पर भी चाकू से हमला किया गया। हमले में युवक की सांस नली कट गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद कार खून से सन गई।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 23 वर्षीय केके गुप्ता के रूप में हुई है। वह पोस्ट ऑफिस में सरकारी कर्मचारी था। घटना शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे ऑक्टोहां तिराहा के पास हुई। युवक के गले और शरीर पर धारदार हथियार के कई निशान मिले हैं। अत्यधिक खून बहने के कारण उसकी जान चली गई। घायल सत्येंद्र राजपूत ने बताया कि विवाद 50 हजार रुपए के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ था। क्रिन्स राजपूत के पैसे विक्की विश्वकर्मा से लेने थे। इसी सिलसिले में सत्येंद्र और क्रिन्स बाइक से गांव बगमऊ से लवकुशनगर पहुंचे थे। सत्येंद्र के अनुसार, वहां पहले से विक्की, उसका पिता बड्डन विश्वकर्मा, मनीष यादव और भरत द्विवेदी मौजूद थे। पैसे मांगने पर विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज शुरू हो गई। बाद में विक्की ने 28 मई को पैसे लौटाने का आश्वासन दिया। इसी दौरान केके भी क्रिन्स की स्विफ्ट डिजायर से मौके पर पहुंचा। उसने भी पैसे लौटाने की बात कही, जिससे विवाद और भड़क गया और विक्की ने केके के गले पर चाकू से हमला कर दिया।



केके गुप्ता, मृतक

> आरोपियों की पहचान विक्की विश्वकर्मा, गुड्डन विश्वकर्मा, भारत द्विवेदी और मनीष यादव के रूप में की है। कुछ लोगों को राउंडअप किया है, जबकि अन्य आरोपी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।
> **नवीन दुबे**, एसडीओपी, लवकुशनगर

**एनआईएः पहलगाम हमले और दिल्ली ब्लास्ट में जांच एजेंसी का बड़ा खुलासा**

## चीन होकर लश्कर तक पहुंचा अमेरिकी कैमरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक ऐसा सुराग लगा है, जिसने अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क की परतें खोलनी शुरू कर दी हैं। अमेरिका में बना और चीन भेजा गया एक हाईटेक गोप्रो कैमरा आखिर जम्मू-कश्मीर में सक्रिय लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकियों तक कैसे पहुंचा? अब यही सवाल भारतीय जांच एजेंसियों के केंद्र में है।

यह कैमरा उन तीन आतंकियों के पास से बरामद हुआ था, जिन्हें पिछले साल जुलाई में डाचीगाम के जंगलों में सेना के विशेष बलों ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। जांच अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ एक कैमरा नहीं, बल्कि सीमा पार से आतंकियों तक पहुंचने वाले गुप्त हथियार और तकनीकी सप्लाई नेटवर्क का अहम सबूत हो सकता है। एनआईए की हालिया चार्जशीट के बाद एजेंसियों ने इस कैमरे की सप्लाई चेन की जांच तेज कर दी है। इस डिवाइस का रास्ता ट्रेस करने से उन नेटवर्कों का पर्दाफाश हो सकता है, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों तक फंडिंग, हथियार और डिजिटल उपकरण पहुंचाते हैं। जांच के दौरान एनआईए ने अमेरिकी कंपनी गोप्रो से संपर्क कर कैमरे की बिक्री और डिस्ट्रीब्यूशन से जुड़ी जानकारी मांगी। कंपनी ने एजेंसी को बताया कि यह कैमरा मूल रूप से चीन के एक अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर को भेजा गया था।




## आतंकियों ने सर्च किए थे 'रॉकेट' बनाने के वीडियो

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के लाल किला कार ब्लास्ट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी की 7500 पन्नों की चार्जशीट के मुताबिक, अल-कायदा से जुड़े आतंकियों ने विस्फोटक और रॉकेट आधारित आईईडी बनाने के लिए चैटजीपीटी और यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया था। एनआईए के अनुसार, आतंकियों ने इंटरनेट पर 'रॉकेट कैसे बनाएं', 'विस्फोटक का मिक्सचर किस रेश्यो में हो' और ड्रोन के जरिए हमले करने जैसे सवाल सर्च किए थे। जांच में सामने आया है कि आतंकी मॉड्यूल आधुनिक तकनीक और एआई टूल्स की मदद से हमले की योजना तैयार कर रहा था। यह खुलासा 14 मई को एनआईए द्वारा स्पेशल कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट में हुआ। रविवार को इसकी जानकारी सार्वजनिक हुई। गौरतलब है कि 10 नवंबर 2025 की शाम दिल्ली के लाल किला के पास हुए कार ब्लास्ट में 11 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। जांच एजेंसियों के मुताबिक, इस हमले के पीछे एक्यूआईएस यानी 'अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' से जुड़ा मॉड्यूल सक्रिय था। चार्जशीट में मुख्य आरोपी पुलवामा निवासी डॉ. उमर-उन-नबी का नाम भी शामिल है। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुका था।

**क्यू-डे का खतरा** — क्वांटम कंप्यूटर तोड़ सकते हैं बैंकिंग, ईमेल, क्रिप्टो और मेडिकल डेटा की सुरक्षा

# दुनिया के सामने सबसे बड़े साइबर संकट की आहट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया एक ऐसे तकनीकी मोड़ की तरफ बढ़ रही है, जहां इंटरनेट और डिजिटल दुनिया की पूरी सुरक्षा व्यवस्था अचानक बेकार हो सकती है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'क्यू-डे' कह रहे हैं। यह वह दिन होगा, जब क्वांटम कंप्यूटर इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि वे आज इस्तेमाल होने वाली लगभग सभी एन्क्रिप्शन तकनीकों को मिनटों या घंटों में तोड़ सकेंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर ऐसा हुआ तो बैंकिंग ट्रांजैक्शन, मेडिकल रिकॉर्ड, ईमेल, लोकेशन हिस्ट्री, सरकारी फाइलें और यहां तक कि क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट्स भी खतरे में आ सकते हैं। अब तक माना जा रहा था कि इस स्तर के क्वांटम कंप्यूटर आने में काफी समय लगेगा, लेकिन गूगल की हालिया चेतावनी ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है।

गूगल ने मार्च 2026 में कहा कि 2029 तक ऐसे क्वांटम कंप्यूटर विकसित हो सकते हैं, जो मौजूदा एन्क्रिप्शन सिस्टम को हैक करने में सक्षम होंगे। इस अनुमान ने सरकारों, कंपनियों और साइबर सुरक्षा एजेंसियों के पास तैयारी के लिए उपलब्ध समय को अचानक बहुत कम कर दिया है।

**सुपरपोजिशन में काम करता है क्वांटम कंप्यूटरः** साधारण कंप्यूटर 'बिट' पर काम करते हैं, जो या तो 0 होता है या 1। लेकिन क्वांटम कंप्यूटर 'क्यूबिट' का उपयोग करते हैं, जो एक साथ 0 और 1 दोनों हो सकता है। इसे सुपरपोजिशन कहा जाता है। इसी वजह से क्वांटम कंप्यूटर एक साथ कई गणनाएं कर सकते हैं और बेहद जटिल समस्याओं को कम समय में हल कर सकते हैं।

हालांकि क्वांटम कंप्यूटर बनाना बेहद कठिन है। इन्हें अत्यधिक ठंडे और नियंत्रित वातावरण में रखना पड़ता है ताकि क्यूबिट स्थिर रहें और गणना में त्रुटियां न हों। आईबीएम, गूगल और कई टेक कंपनियां इस दिशा में तेजी से काम कर रही हैं।



### क्या है 'क्यू-डे'?

कनाडा की साइबर सुरक्षा कंपनी इवेल्युशन के सीईओ और क्वांटम विशेषज्ञ मिशेल मोस्का के अनुसार, 'क्यू-डे वह दिन होगा जब किसी देश या संगठन के पास ऐसा क्वांटम कंप्यूटर होगा जो मौजूदा क्रिप्टोग्राफिक कोड्स को तोड़ सकेगा।' आज इंटरनेट की सुरक्षा आरएसए और ईसीसी जैसी एन्क्रिप्शन तकनीकों पर आधारित है। ये तकनीकें जटिल गणितीय समस्याओं पर निर्भर करती हैं, जिन्हें सामान्य कंप्यूटरों के लिए हल करना लगभग असंभव होता है। लेकिन क्वांटम कंप्यूटर इन्हीं समस्याओं को बहुत तेजी से हल कर सकते हैं।

### 'हार्वेस्ट नाउ, डिक्रिप्ट लेटर' खतरा

विशेषज्ञों को डर है कि कई देश और साइबर अपराधी अभी से एन्क्रिप्टेड डेटा चोरी कर रहे हैं। इसे 'हार्वेस्ट नाउ, डिक्रिप्ट लेटर' रणनीति कहा जा रहा है। यानी अभी डेटा चुराकर स्टोर कर लिया जाए और जब शक्तिशाली क्वांटम कंप्यूटर उपलब्ध हो जाएं, तब उसे डिक्रिप्ट किया जाए। इसका मतलब यह है कि आज सुरक्षित समझे जाने वाले मेडिकल रिकॉर्ड, सरकारी दस्तावेज और निजी बातचीत भविष्य में उजागर हो सकती हैं।

### क्रिप्टो और ब्लॉकचेन भी खतरे में

गूगल और कई अमेरिकी विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भविष्य के क्वांटम कंप्यूटर क्रिप्टोकरेंसी की सुरक्षा को भी तोड़ सकते हैं। ज्यादातर ब्लॉकचेन तकनीक ईसीसी यानी एलिप्टिक कर्व क्रिप्टोग्राफी पर आधारित है।

**ब्रिटेन में भारत का परचम**

## भारतीय मां और बेटा एक साथ बने मेयर

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक परिवार ने अनोखा इतिहास रच दिया है। हरियाणा से जुड़े इस परिवार की मां और बेटा एक ही समय में अलग-अलग शहरों के मेयर चुने गए हैं। इस उपलब्धि को भारतीय समुदाय के लिए गर्व का क्षण माना जा रहा है। तुषार दहिया 13 मई को एल्स्ट्री और बोरहैमवुड टाउन काउंसिल के सबसे कम उम्र के मेयर बने। वहीं उनकी मां परवीन रानी दहिया 20 मई को हर्ट्समेयर बरो काउंसिल की पहली भारतीय मूल की मेयर चुनी गईं। दहिया परिवार का पुश्तैनी गांव हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखौदा क्षेत्र में है। परिवार लंबे समय तक रोहतक में रहा, जिसके बाद 2013 में बेहतर अवसरों की तलाश में ब्रिटेन चला गया।



## संक्षिप्त खबरें

### रेल यात्रियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने अभियान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन के उद्देश्य से भोपाल मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रविवार को जल पुनर्भरण पॉइंट्स का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान मंडल के इंजीनियरिंग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर रिफिल पॉइंट्स, पेयजल व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि यात्रियों को स्वच्छ एवं सुगम पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके। साथ ही यात्रियों को अपनी व्यक्तिगत पानी की बोतलों का उपयोग एवं पुनर्भरण करने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे सिंगल यूज प्लास्टिक बोतलों के उपयोग में कमी लाई जा सके। वाणिज्य विभाग द्वारा रेलवे स्टेशनों के सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों को प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। उद्घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों से अपील की गई कि वे प्लास्टिक बोतलों एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का सीमित उपयोग करें तथा पर्यावरण संरक्षण में रेलवे का सहयोग करें। यात्रियों से जल पुनर्भरण सुविधाओं एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी जागरूकता अभियान पर फीडबैक भी प्राप्त किया गया। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए रेलवे द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों को सकारात्मक कदम बताया।

### बीएमएचआरसी को मिला प्रथम पुरस्कार

**नगर संवाददाता, भोपाल।** गोविंदपुरा स्थित एमएसएमई एग्जीबिशन सेंटर में 22 से 24 मई तक आयोजित राइजिंग एमपी एग्जीबिशन 2026 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आईसीएमआर-बीएमएचआरसी को बेस्ट स्टॉल कोऑर्डिनेशन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला। यह सम्मान मध्यप्रदेश शासन के उद्योग आयुक्त एवं एमएसएमई विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में बीएमएचआरसी की टीम ने स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित कीं। लोगों को सीपीआर, कैंसर जागरूकता, सिकल सेल एनीमिया, टीबी उन्मूलन, नेत्रदान, रक्तदान और आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी गई। अंतिम दिन शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। साथ ही योग सत्र आयोजित कर तनावमुक्त जीवन और स्वस्थ दिनचर्या के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन और बायोडोसिमेट्री विषय पर प्रेजेंटेशन भी दिया गया। प्रदर्शनी में आईसीएमआर के अनुसंधान और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों को पोस्टर व अन्य सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा।

### रेडियोडायग्नोसिस मशीन आपरेट करने की ट्रेनिंग

**नगर संवाददाता, भोपाल।** एम्स भोपाल के रेडियोडायग्नोसिस एवं इमेजिंग विभाग द्वारा कॉन्ट्रास्ट एन्हांस्ड अल्ट्रासाउंड विषय पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला से एक दिन पहले ब्रैको डायग्नोस्टिक्स के प्रतिनिधि द्वारा रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए एक प्रस्तुति दी गई। इसमें बताया गया कि कॉन्ट्रास्ट एन्हांस्ड अल्ट्रासाउंड तकनीक का उपयोग शरीर के विभिन्न रोगों की पहचान में किस प्रकार किया जाता है। विशेषज्ञों ने समझाया कि यह तकनीक कई बीमारियों की अधिक स्पष्ट और सटीक जांच करने में मदद करती है। कार्यशाला में एम्स भोपाल के रेडियोडायग्नोसिस एवं इमेजिंग विभाग के फैकल्टी सदस्य और रेजिडेंट डॉक्टर शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अल्ट्रासाउंड में उपयोग होने वाली कॉन्ट्रास्ट दवा को तैयार करने की प्रक्रिया दिखाई गई। साथ ही दवा की सही मात्रा, शरीर में दवा देने की विधि और अल्ट्रासाउंड मशीन में उपयोग होने वाली विशेष स्कैनिंग सेटिंग्स की जानकारी भी दी गई।

**जल संकट:** मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक, पीएचई के भरोसे नहीं रहेंगे पंचायतें, खुद करेंगी मेंटेनेंस

# अमले की छुट्टियां रद्द, कलेक्टर संभालेंगे कंट्रोल रूम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की पंचायतें हैंडपम्प व अन्य जलस्रोतों की मामूली खराबी के लिए पीएचई के भरोसे नहीं रहेंगी, अलबत्ता पंचायतें अपने मद से ही पेयजल में आ रही रुकावटों को दूर कराएगी। रविवार को इस आशय के निर्देश मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दिए। जैन जलसंकट को लेकर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए पीएचई के अधिकारियों के अलावा जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और जल निगम के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से कहा कि वे ग्राम पंचायतों को साफ तौर पर यह बता दें कि पेयजल में बाधा आने वाली किसी भी तरह के मेंटेनेंस के लिए पीएचई के अधिकारियों का इंतजार नहीं करें, अलबत्ता मोटर खराब होने, पाइप लाइन फूटने जैसे छोटे- मोटे जैसे मेंटेनेंस के काम स्वयं कराएं, जिससे लोगों को वक्त पर पानी मिल जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्राम पंचायत में छोटी-मोटी खराबी पर ग्रामीणों को भटकना नहीं पड़े। एक ही दिन में मरम्मत का काम कराया जाए। सीएस ने कहा कि 16 वें वित्त आयोग के बजट में साफ तौर पर कहा गया है कि 50 प्रतिशत फंड का उपयोग पेयजल और स्वच्छता के कामों में खर्च किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि 10 हजार रुपए तक के काम आरईएस के जरिए बिना टेंडर और एस्टीमेंट के खर्च किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी कलेक्टर से कहा कि उनके द्वारा हर दिन सबसे पहले जिले में पेयजल आपूर्ति को लेकर समीक्षा करें, जहां भी पेयजल बाधित होने की खबर मिलती है,वे संबंधित अधिकारियों को भेजकर उस समस्या को दूर कराएं। पेयजल समस्या की जानकारी मिलती है,तो उस पर स्वयं संज्ञान लें और उसे दूर कराने की पहल करें। उन्होंने कहा कि लोग पानी के संकट या समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत




दर्ज करा रहे हैं। इन शिकायतों का कलेक्टर दो दिन में निराकरण कराए। मुख्य सचिव ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में कई बार ऐसी शिकायतें आती है,कि टैंकरों से पेयजल की सप्लाई निष्पक्ष तौर पर नहीं हो रही है। ऐसे में निकायों में बैठे अधिकारी यह सुनिश्चित करें,कि पेयजल आपूर्ति करने वाले टैंकरों का वितरण निष्पक्ष तरीके से किया जाए। इसी तरह गांवों में भी ग्रामीणों को पहले से यह जानकारी होनी चाहिए कि टैंकर किस गांव,मोहल्ले या कॉलोनी में कब पहुंच रहा हैं।

### अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

पेयजल संकट के चलते मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पेयजल व्यवस्था से जुड़े लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय निकायों, पंचायत, जल निगम के अमले की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सीएस ने साफ तौर पर निर्देशित किया है कि गर्मियों के दिनों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

### सीएम चढ़ाएंगे चुनरी

मुख्यमत्री उज्जैन में शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में 300 फीट की चुनरी चढ़ाएंगे। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 25 और 26 मई को भव्य शिप्रा तीर्थ परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। यह रामघाट से प्रारंभ होकर नृसिंहघाट, कर्कराज मंदिर, वेधशाला, महामृत्युंजय द्वार और प्रशांतिधाम शनि मंदिर से होते हुए दत्तअखाड़ा घाट पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन गंगा दशमी पर यह परिक्रमा रणजीत हनुमान मंदिर, भैरवगढ़, मंगलनाथ, सांदीपनि आश्रम, गढ़कालिका और गोपाल मंदिर से होते हुए पुनः रामघाट पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वयं माँ शिप्रा को 300 फीट की चुनरी अर्पित की जाएगी। 26 मई को भारतीय नौसेना (इंडियन नेवी) के बैंड की प्रस्तुति होगी, जिसके साथ ही मुंबई के केशवम् बैंड द्वारा भजन जैमिंग और प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर एवं साथियों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### जलस्रोतों का संरक्षण भविष्य की आवश्यकता: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसके लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के जरिए सरकार जनभागीदारी से जल संरक्षण की दिशा में लगातार काम कर रही है। सीएम ने कहा कि सोमवार 25 मई को गंगा दशहरा पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। प्रदेश के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में व्यापक जल संरक्षण गतिविधियों और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आहुत होंगे, जिसमें जन सामान्य को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। गंगा दशहरा पर्व पर राज्य के सभी जिला मुख्यालय में होने वाले आयोजनों में वहां के प्रभारी मंत्री,सांसद,विधायक व दूसरे जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जिनके द्वारा अपने अपने क्षेत्र में जनसमुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्थानीय कुओं, नहरों, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई, घाटों की स्वच्छता और पुराने बंद पड़े बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण जैसे जलसंरक्षण के कार्यों में श्रमदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।

**जिलों में होंगे कार्यक्रम, प्रभारी मंत्री रहेंगे मौजूद**

### जिले की सभी आठ तहसीलों में की जा रही पटाखा दुकानों की जांच

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** देवास की पटाखा फैक्ट्री में हुए हालिया हादसे से सबक लेते हुए अब भोपाल जिला प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद और सख्त हो गया है, जिसके तहत पिछले तीन दिनों से जिले की सभी आठ तहसीलों हुजूर, बैरसिया, कोलार, टीटी नगर, बैरागढ़, गोविंदपुरा, शहर और एमपी नगर में पटाखा गोदामों और स्थाई दुकानों की सघन जांच की जा रही है। कोलार एसडीएम पीसी पांडे के अनुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित इन सभी प्रतिष्ठानों के वैध लाइसेंस, आग से बचाव के सुरक्षा इंतजामों, स्टॉक की मौजूदा स्थिति और प्रतिदिन होने वाली बिक्री का पूरा ब्यौरा दुकानदारों से लिया जा रहा है। इसके लिए संबंधित तहसील के एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। प्रशासन का सबसे बड़ा फोकस उन पटाखा दुकानों और गोदामों पर है, जो कभी शहर के बाहर थे, लेकिन बढ़ते शहरीकरण के कारण अब घनी आबादी और रिहायशी इलाकों के बीच घिर चुके हैं। ऐसे सभी संवेदनशील गोदामों को आबादी क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के लिए एक विशेष प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है ताकि भविष्य में किसी भी आकस्मिक बड़ी दुर्घटना को समय रहते टाला जा सके।

**चेक किया जा रहा स्टॉक और रिकॉर्ड**

## मध्यप्रदेश को चारागाह की तरह इस्तेमाल कर रही है भाजपा: वर्मा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। कांग्रेस जहां अपनी इकलौती सीट बचाने की कोशिश में है, तो भाजपा तीनों सीटों पर नजर जमाए हुए है। रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा को हॉर्स ट्रेडिंग की आदत लग गई है और वह प्रदेश को चारागाह की तरह इस्तेमाल कर रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस किसे राज्यसभा भेजती है, यह निर्णय पार्टी हाईकमान को लेना है, जिसके पास सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की कुण्डली है। लेकिन भाजपा राज्यसभा जैसे पवित्र सदन में सांसद भेजने के मामले में पूरी ईमानदारी नहीं दिखाती। भाजपा को खरीद-फरोख्त की आदत लग गई है। उन्होंने भाजपा द्वारा दूसरे राज्यों के नेताओं को मध्यप्रदेश से भेजे जाने का विरोध किया। वर्मा ने कहा कि जॉर्ज कुरियन और एल.मुरुगन जैसे हरल्ले नेताओं को प्रदेश से नहीं भेजा जाना चाहिए। क्योंकि ये दोनों नेता अपने-अपने राज्यों में विधानसभा चुनाव हार चुके है,ऐसे नेताओं को भाजपा राज्यसभा भेजकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की छाती पर मूंग दलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ही जमीनी व्यक्ति को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए।

### 5 जून तक तय होंगे प्रत्याशी

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश से खाली हो रही 3 राज्यसभा सीटों के लिए 18जून को मतदान होना है। इसके लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 8 जून है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के बारे में जून के प्रथम सप्ताह में निर्णय ले सकती है। सूत्रों की माने तो भाजपा की 5 जून को भोपाल में बड़ी बैठक होंगी, जिसमें प्रत्याशियों के नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। जिस पर दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में निर्णय होगा। कांग्रेस भी भाजपा की तरह ही अंतिम समय पर अपने प्रत्याशी का नाम उजागर करेगी। उल्लेखनीय है कि ये तीनों सीटें भाजपा नेता एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन,सुमेर सिंह सोलंकी और कांग्रेस के दिग्विजय सिंह के कार्यकाल पूरा होने की वजह खाली हो रही है।

# नए वक्फ कानून से बोर्ड को मिली कानूनी ताकत कब्जा करने वालों को थमाए 41 करोड़ के नोटिस

**वक्फ बोर्ड करेगा अपनी जमीनों पर 5 लाख पौधरोपण, संपतियों का लेखा-जोखा पोर्टल पर दर्ज कराने में पहले नंबर पर**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** नए वक्फ कानून से मप्र वक्फ बोर्ड को कई कानूनी शक्तियां प्राप्त हुई हैं। जिसका इस्तेमाल करते हुए बोर्ड ने बीते कुछ महीनों में अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए उनसे वसूली की कार्रवाई शुरू की है। मप्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनव्वर पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मप्र वक्फ बोर्ड ने नवीन वक्फ अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, पारदर्शी प्रबंधन और जनहित में उनका उपयोग सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक और प्रभावी कार्रवाई की है। वक्फ बोर्ड की संपत्तियों से वर्षों से अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया और भौतिक सत्यापन के बाद जरुरतमंद लोगों को संपत्ति के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया गया। बोर्ड की आय कैसे बढ़े इस पर अन्य राज्यों की वफ्फ समितियां से चर्चा कर, राजस्व बढ़ाने के लिए कार्य किया गया। भारत सरकार द्वारा वक्फ संपतियों का लेखा-जोखा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने में मप्र. वक्फ बोर्ड ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। परिणामस्वरूप मप्र वक्फ बोर्ड को स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया।



### बेटा-बेटियों के लिए खुली नई राहें

डॉ. सनवर पटेल ने बताया कि देश में वक्फ संशोधन कानून लागू होने के बाद 1552 बेटा-बेटियों को स्कूल ड्रॉप आउट होने से बचाया गया। वे आगे की पढ़ाई जारी रख सकें, इसके लिए समुचित रुप से आर्थिक सहायता की व्यवस्था भी की गई, नवीन वक्फ अधिनियम के बाद समाज के बेटा-बेटियों के लिए नई राहें खुली है।

### दागी प्रबंधकों को हटाया

नए कानून के तहत प्रदेश में वक्फ माफियाओं, दागदार प्रबंधकों और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कठोर अभियान चलाया गया। वक्फ संपत्ति को हानि पहुंचाने वाले प्रबंधकों के विरुद्ध कुल 41 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली के लिए आरआरसी/वसूली नोटिस जारी किए गए और वसूली की कार्यवाही भी की गई। वक्फ यतीमखाना शाहजहांनी, भोपाल के प्रबंधक को 28 करोड़ 96 लाख रुपये का वसूली नोटिस जारी किया गया, जो देश के वक्फ इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा वसूली नोटिस माना जा रहा है। वक्फ मदर गेट उज्जैन के प्रबंधन के विरुद्ध 7 करोड़ 21 लाख रुपये की वसूली के लिए कार्रवाई की गई। वक्फ जामा मस्जिद, बीना बजरिया सागर के प्रबंधकों के विरुद्ध 1 करोड़ 84 लाख रुपये की वसूली का नोटिस जारी कर कार्यवाही की गई। वक्फ बड़वाली चौकी, इंदौर प्रकरण में 1 करोड़ 24 लाख रुपये की वसूली की कार्रवाई की गई। वक्फ हिंदू अनाथालय भोपाल के प्रबंधन पर 1 करोड़ 5 लाख की वसूली को आरआरसी जारी की गई। वक्फ अंजुमन इस्लामिया, जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष प्यारे साहब द्वारा वक्फ को पहुंचाई गई 81 लाख 43 हजार रुपये की हानि की वसूली के लिए भी नोटिस जारी किया गया। इससे स्पष्ट है कि नवीन वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# हमने हमेशा वैश्विक कल्याण का नारा दिया: सीएम

**कर्नाटक के उदयपुरा में श्री श्री रविशंकर के जन्मोत्सव में शामिल हुए डॉ. मोहन यादव**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमने हमेशा सबके सुख की कामना की है और वैश्विक कल्याण का नारा दिया है। मन की शांति ही तन के योग सादृश्य है। जब मन शांत होता है, तभी शरीर सही संतुलन, स्वास्थ्य और सामंजस्य में रहता है। यही आर्ट ऑफ लिविंग है। मुख्यमंत्री रविवार को कर्नाटक के बैंगलुरु के उदयपुरा स्थित आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल सेन्टर में श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव एवं आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने कभी दुनिया को हथियारों के बल पर जीतने की चेष्ठा नहीं की। हमने विश्वशक्ति नहीं, विश्वगुरु बनने का मार्ग चुना है। हमने हमेशा सबके सुख की कामना की है वसुधैव कुटुम्बकम हमारी संस्कृति का मूल है और श्री श्री रविशंकर इसी संदेश को पूरे विश्व में प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने दुनिया के लाखों-करोड़ों



लोगों को तनाव से मुक्ति दिलाकर शांत, स्वस्थ और सुखी जीवन का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 7 दशक की श्री श्री की ऊर्जा और करुणा इस व्यस्त और ऊथल पुथल के दौर में भी हर दिन नई और चिरयुवा है। आर्ट ऑफ लिविंग इस विश्व को श्री श्री की देन है। यह सेवा, साधना और शांति का परम संगम है। आर्ट ऑफ लिविंग पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता में बताये गये निष्काम कर्मयोग और जीवन को एक उत्सव की तरह जीने की कला का सहज मार्ग है, एक नव वैश्विक स्वरूप है।

### सांसारिक जीवन में प्रत्येक मनुष्य का जीवन नियत

डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है। गुजरात के सोमनाथ में गुरुदेव श्री श्री के आशीर्वाद से सोमनाथ उत्सव भी मनाया जा रहा है। गुरुदेव श्री श्री ने हमें प्राण से परमानंद और परमानंद से परमात्मा की ओर जाने का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसारिक जीवन में प्रत्येक मनुष्य का जीवन नियत है। हमारा यह जीवन ऊर्जा और चेतना के साथ प्रकृति से भी जुड़ा रहे, इसके लिए श्री श्री के सभी सामाजिक सेवा प्रकल्प विशेष महत्व रखते हैं। कार्यक्रम में तेलंगाना राज्य के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, जानकी शुक्ला, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी, उत्तरप्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, फिल्म अभिनेता श्री जैकी श्राफ भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# किसानों का 160 मीट्रिक टन गेहूं कौन खरीदेगा: कुणाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने कहा है कि सरकार ने एमएसपी पर किसानों का गेहूं खरीदने के लिए मात्रा निर्धारित की है,लेकिन इससे कहीं ज्यादा गेहूं का उत्पादन हुआ है। ऐसे में किसानों के पास शेष रहने वाला 160 मीट्रिक टन गेहूं कौन खरीदेगा,इस पर प्रदेश सरकार को स्थिति साफ करनी चाहिए। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार गेहूं खरीदी को लेकर पूरी तरह से झूठे वायदे कर रही है। सरकार ने पहले गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने की घोषणा की थी,लेकिन वास्तविकता यह है कि 30 मई तक स्लॉट बुकिंग रखने के बजाय सरकार ने तारीख घटाकर 28 मई कर दी,जो किसानों के साथ पूरी तरह से अन्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का दावा भी कर रही है,लेकिन सरकार ही बता रही है कि इस बार प्रदेश में 360 मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन हुआ है,ऐसे में सरकार 100 मीट्रिक टन गेहूं खरीद लेगी। इतना ही



किसान कम दामों में व्यापारियों को बेच देंगे,लेकिन शेष बचा 160 मीट्रिक टन किसानों का गेहूं कौन खरीदेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार 100 मीट्रिक टन गेहूं खरीदकर किसानों के साथ एहसान नहीं कर रही है,क्योंकि उसका दायित्व है कि वह किसानों की पूरी उपज खरीदें और उन्हें समय पर भुगतान दे। आज स्थिति यह है कि किसान परेशान,हताश और व्यवस्था से पीड़ित है। उन्होंने सरकार से गेहूं खरीदी का अवधि बढ़ाने, सभी किसानों को तत्काल स्लॉट उपलब्ध कराने और खरीदी केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

**मौसम की मार** राजधानी के अस्पतालों में 300 से ज्यादा मरीजों को बुखार, डायरिया के बाद भर्ती किया गया

# 20 दिन में हीट स्ट्रोक के 150 मरीज अस्पताल में भर्ती

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में गर्मी के सख्त तेवर जारी है। हमीदिया, जेपी और एम्स में हीट स्ट्रोक के मामले बढ़ गए हैं। हालत यह है कि इस महीने 20 दिन में हीट स्ट्रोक से पीड़ित 150 से अधिक मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जा चुका है। यही नहीं करीब 300 मरीजों को डायरिया और बुखार के कारण भर्ती करना पड़ा। यह आंकड़े शहर के तीन बड़े अस्पतालों से लिए गए हैं। अस्पतालों से मई महीने में भर्ती हुए मरीजों की जानकारी मांगी गई, जिसमें हीट वेव के केस भी सामने आए। जेपी अस्पताल और हमीदिया में पिछले सप्ताह की ओपीडी में जो 15 हजार से अधिक मरीज आए थे। इनमें से मौसमी बीमारी के मरीजों की संख्या 3 हजार से ज्यादा थी। इनमें से कुछ मरीजों तेज गर्मी से हीट स्ट्रोक की वजह से बेहोशी की हालत में अस्पतालों में लाया गया। तेज गर्मी की वजह से लोगों को पेट दर्द,उल्टी, दस्त और बुखारकी परेशानी भी हो रही है। हालांकि अच्छी बात यह है कि हीट स्ट्रोक से अब तक किसी मरीज की मौत नहीं हुई।

### डिहाइड्रेशन के मुख्य लक्षण

- अधिक प्यास लगना
- सिर में दर्द
- डिहाइड्रेशन के कारण शरीर में कमजोरी और थकान
- चक्कर आना
- मुंह और जीभ सूखना
- यूरीन का रंग गहरा होना
- मांसपेशियों में ऐंठन
- चिढ़चिढ़ापन



**दो महीने में मिले सैंकड़ों मरीज:** प्रदेश में इमरजेंसी एंबुलेंस सेवा का संचालन कर रही जय अंबे इमरजेंसी सर्विससे की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ भोपाल ही नहीं पूरे प्रदेश में हीट वेब का असर हो रहा है। अप्रैल और मई माह में ही प्रदेश में हीट स्ट्रोक के सैंकड़ों मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया जा चुका है। वहीं 4145 मरीजों को बुखार, डायरिया के लक्षणों के बाद भर्ती करना पड़ा। सबसे खराब हालात सागर जिले में हैं जहां अब तक 278 लोगों को हीट स्ट्रोक के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

**पर्याप्त मात्रा में पीते रहें पानी:** जीएमसी के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल शेजवार ने बताया कि इस मौसम में शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी होना जरूरी है। शरीर में पानी की कमी होगी तो डिहाइड्रेशन से हालत बिगड़ सकती है। प्रतिदिन दो से तीन लीटर पानी पीना चाहिए। त्वचा को धूप से बचाएं, दिन के समय घर से बाहर न निकलें। हीट स्ट्रोक से बचाव के उपायों का पालन करें।

**जेपी में बच्चों की भीड़:** बच्चों में भी गर्मी का असर दिख रहा है। जेपी के बच्चा वार्ड में 20 से अधिक मरीज उल्टी, दस्त के पहुंचे। इनमें से एक की हालत बिगड़ने पर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। शिशु रोग विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे बच्चों को समय पर स्तनपान कराएं। माता अगर स्वस्थ रहेंगी तो बच्चे भी स्वस्थ होंगे। बड़े बच्चों को बाहर की चीजे खिलाने से परहेज करें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी दार फल जरूर खिलाएं।

> गर्मी बढ़ने की वजह से मरीजों की संख्या एकाएक बढ़ गई है। तापमान में वृद्धि के कारण उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन की शिकायतें ज्यादा आ रही हैं। गंभीर रूप से प्रभावित लोगों का इलाज किया जा रहा है। अन्य को दवा देने के साथ ही गर्मी से बचने की सलाह दी जा रही है।
>
> ● **डॉ. मनीष शर्मा**, सीएमएचओ भोपाल

# ई-उपार्जन पोर्टल बंद, जिले के 2419 किसानों को मंडियों में बेचना होगा गेहूं

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के अब केवल चार दिन ही शेष हैं, लेकिन जिले के 2400 से ज्यादा किसान इस बार अपनी उपज उपार्जन केंद्रों पर नहीं बचे सके हैं। दरअसल ई-उपार्जन पोर्टल बंद हो जाने से जिले के 2,419 किसान स्लॉट बुक करने से वंचित रह गए हैं, जिससे इन किसानों को खुले बाजारों में या मंडियों में कम भाव में गेहूं बेचना पड़ेगा। जिले में पंजीकृत 37,407 किसानों में से केवल 34,988 किसान ही स्लॉट बुक कर पाए हैं और नियमों के तहत अब यह किसान ही 28 मई तक अपनी उपज उपार्जन केंद्र पर बेच सकते हैं। ऐसे में इन किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए खुली मंडियों या फिर रहवासी इलाकों का रुख करना पड़ेगा। जिससे इन्हें कम दामों पर अपनी उपज बेचनी पड़ेगी, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इस संबंध में किसानों का कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी देर से शुरू हुई, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ा है। यदि पूर्व में नियत समय पर गेहूं खरीदी शुरू हो जाती, तो सभी किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं बेच सकते थे। जिन किसानों के स्लॉट बुक हुए थे, उन्हें राहत देने के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख को बढ़ाया गया था। इस बार जिले के 93 उपार्जन केंद्रों पर 3.5 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। 33,494 किसानों से 3,33,541 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है।

**93 उपार्जन केंद्रों पर चार दिन और होगी गेहूं की खरीदी**

## नगर में आज

**पुस्तकों का विमोचन एवं विमर्श**
- **स्थान:** संस्कृति भवन, भोपाल
- **समय:**- शाम 6:30 बजे

**प्रोडक्शन बेस्ड कंटेम्परेरी डांस वर्कशॉप**
- **स्थान:** सुभाष एक्सीलेंस स्कूल
- **समय:** सुबह 8 बजे

**'माह का प्रादर्श'**
- **स्थान:** मानव संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

**73 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
- **स्थान:** लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### एम्स के डॉक्टर का लुटेरे आईफोन लेकर भागे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एम्स भोपाल में डॉक्टर के साथ लूट की घटना सामने आई है। वह अपनी बेटी से बात क रहे थे तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका आईफोन छीना और फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर गोविंदपुरा पुलिस ने केस दर्ज किया है। लूटे गए आईफोन की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है। डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा एम्स भोपाल में सर्जन हैं। वह रचना टावर में रहते हैं। शनिवार रात करीब पौने 9 बजे वह रचना टावर के गेट नंबर 3 पर खड़े होकर बेटी प्रियदर्शनी से फोन पर बात कर रहे थे। जैसे ही उनकी बात खत्म हुई, तभी पीछे से बाइक सवार दो लुटेरे आए। उनके हाथ पर झपट्टा मारकर वह आईफोन छीनकर फरार हो गए। डॉक्टर ने चीख-पुकार की, लेकिन लुटेरे गौतम नगर की ओर भाग निकले। इसके बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला

**जागरण, भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसके सिर, हाथ, पैर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तीन आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय साहिल सबकाले जनता क्वार्टर में रहता है। वह निजी काम करता है। शनिवार रात साढ़े 12 बजे साईबाबा नगर स्थित दुर्गा चौक मंदिर के पीछे वह बैठा था। आरोपी आयुष का पहले साहिल से आपसी विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने के लिए वह अपने दोस्त विवेक,अधिराज के साथ वहां पर पहुंचा। जहां उसने साहिल को देखकर गाली देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने चाकू से साहिल पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आयुष, विवेक, अधिराज के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जहांगीराबाद इलाके में एक युवक से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1.77 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित ने इस संबंध में ई-जीरो एफआईआर की थी। जांच प्रतिवेदन आने पर पुलिस ने असल कायमी की है। मोहम्मद अयाज खान (35) बरखेड़ी जहांगीराबाद इलाके में रहता है। वह गोविंदपुरा स्थित एक फैक्ट्री में ड्राइवर की नौकरी करता है। उसके पास 26 फरवरी को एक कॉल आया था। कॉलर ने बताया कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाईन जा रही है। इसके लिए इसे रीन्यू करना होगा। अयाज उसकी बातों में आ गया। इसके बाद कॉलर ने उससे ओपीटी पूछा। अयाज ने जैसे उसे ओटीपी पूछा उसके खाते से कई बार में 1.77 लाख रुपए कट गए। ठगी का अहसास होने पर उसने इसकी शिकायत की थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नौतपा आज से: सूरज की सीधी किरणें और बढ़ाएंगी गर्मी

## 28 तक राहत नहीं: भोपाल में गर्मी का येलो अलर्ट, 1.1 डिग्री बढ़कर पारा 42.7 पर, 2 जून तक रहेगा नौतपा का असर

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आज से नौतपा की शुरूआत हो रही है। नौ तपा को लेकर दो अलग-अलग मत हैं। एक धार्मिक मत है, जिसकी अपनी परिभाषा है। जबकि एक मत मौसम विज्ञान का है। मौसम विज्ञान के अनुसार नौतपा की अवधि 25 मई से मानी गई है। इन दिनों में सूरज कर्क रेखा में प्रवेश करता है। कर्क रेखा मप्र के कई जिलों से होकर गुजरती है। इसमें विदिशा, शिवपुरी, श्योपुरकलां, ग्वालियर मुख्य रूप से शामिल हैं। इसलिए 25 मई के बाद एक सप्ताह तक उक्त जिलों में सीधी धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी होती है और अत्यधिक गर्मी पड़ती है। यह एक प्रकार की खगोलीय घटना है। दिसंबर के महीने में सूरज कर्क रेखा से हटकर मकर में पहुंचता है, इससे सूरज की किरणें तिरछी हो जाती हैं, जिस कारण गर्मी में कमी आती है।



- **रेड अलर्ट वाले जिले:** निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना।
- **ओरेंज अलर्ट:** राजगढ़, आगर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट, दमोह, सागर, मैहर
- **येलो अलर्ट:** भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुरकलां, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी।



### 43 डिग्री जा सकता है पारा

भोपाल मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक प्रमेन्द्र कुमार ने बताया कि वर्तमान में कहीं कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है। इससे गर्मी बढ़ने की संभावना है। नौतपा के दौरान सूरज की धूप में तेजी होगी इससे मप्र के कई जिलों में दिन का अधिकतम तापमान एक से दो डिग्री बढ़ सकता है। भोपाल की बात करें तो रविवार को भोपाल का अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री रहा। आने वाले दिनों में यह 43-44 के बीच पहुंच सकता है। इसी तरह इंदौर, ग्वालियर व बुदेलखंड के जिलों में भी पारा बढ़ सकता है।

### पिछले साल हुई थी बारिश

नौतपा में बारिश को अच्छा नहीं माना जाता है, लेकिन पिछले वर्ष यह मिथ टूट गया था। बीते साल नौतपा के पहले दिन प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई थी। इसमें भोपाल सहित कुल 18 जिले शामिल थे। माना जाता है कि नौतपा के बीच यदि बारिश हो जाए तो फिर सीजन में बारिश कम होती है। लेकिन पिछले साल यह मिथ गलत साबित हुआ। बीते वर्ष नौतपा से शुरू हुई बारिश पूरे सीजन तक जारी रही थी। पिछले वर्ष मप्र में मानसून ने सामान्य से अधिक वर्षा कराई थी। हालांकि इस बार कम बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है।

### भीषण गर्मी की चपेट में मप्र

नौतपा से पहले ही प्रदेश के कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इनमें कई जिलों में सीवियर हीट वेव और कई जिलों में सामान्य हीट वेव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार राजस्थान की ओर से आने वाली गर्म हवाओं के कारण प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी से फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं है।

### मप्र कब पहुंचेगा मानसून

मौसम विभाग के अनुसार मप्र में मानसून जून के दूसरे सप्ताह तक मध्यप्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में पहुंच सकता है। इसके बाद भोपाल, इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में धीरे-धीरे मानसूनी गतिविधियां बढ़ेंगी। हालांकि मानसून की वास्तविक गति समुद्री परिस्थितियों और आगामी मौसम प्रणालियों पर निर्भर करेगी। फिलहाल प्रदेश में प्री-मानसूनी गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में आंधी, बादल और हल्की बारिश की संभावना बन रही है, जबकि पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में अभी भी भीषण गर्मी बनी हुई है।

# कई इलाकों में जलसंकट, कम प्रेशर तो कहीं नलों से नहीं टपक रहा पानी

## एक दिन छोड़कर सप्लाई वाले क्षेत्रों में ज्यादा परेशानी, टूटी पाइप लाइनें भी बढ़ा रहीं समस्या

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर के कई इलाकों में पिछले 20 दिनों से जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। मई माह की शुरुआत के साथ ही पानी की सप्लाई कम प्रेशर से की जा रही है। नतीजतन कई लोगों को जरूरत का पानी नहीं मिल पा रहा है। पुराने भोपाल के शाहजहांनाबाद, टीलाजमालपुरा, नारियलखेड़ा, शारदा नगर, सिंधी कालोनी, हमीदिया रोड, जहांगीराबाद, चांदबड़ और सेमरा में लोगों को जरूरत का पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं नए भोपाल के अरविंद विहार, बागमुगालिया एक्सटेंशन, कटारा हिल्स, साकेत नगर, लिंक रोड नंबर तीन और अन्य इलाकों में भी लोग पानी का प्रेशर कम होने की शिकायत कर रहे हैं। यह स्थिति पिछले एक सप्ताह से और गंभीर हो गई है। सबसे ज्यादा समस्या पुराने भोपाल के लोगों को उठाना पड़ रही है। पानी का प्रेशर कम होने के कारण कई जगह तो लोगों को 100 लीटर पानी भी बमुश्किल मिल पा रहा है। नगर निगम की हेल्पलाइन सहित स्थानीय अमले को जानकारी देने के बाद भी समस्या में सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। जिसके चलते लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।



**1. चांदबड़ और सेमरा :** चांदबड़ और सेमरा में पिछले एक सप्ताह से जलसंकट की समस्या बनी हुई है। इस क्षेत्र में एक दिन छोड़कर नर्मदा जल की सप्लाई की जाती है। रहवासियों के अनुसार अप्रैल तक स्थिति ठीक थी, लेकिन मई की शुरुआत के साथ ही जलसंकट की स्थिति निर्मित हो गई है। सुबह 6 बजे पानी की सप्लाई शुरू होते ही प्रेशर ठीक नहीं होता है, जिसके कारण समस्या होती है। इस संबंध में जानकारी देने के बाद भी स्थिति ठीक नहीं हो पा रही है।

**2. नारियलखेड़ा (एलआईजी कालोनी) :** कालोनी में सुबह 8 बजे पेयजल सप्लाई होती है, लेकिन गर्मी के मौसम में कई बार पानी की सप्लाई नहीं होती। रविवार को भी पेयजल सप्लाई नहीं हुई। इसके चलते लोग परेशान हुए। कालोनी व आसपास के अन्य इलाकों में भी लोग इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग करते हैं, जिससे कई घरों में पानी का प्रेशर बहुत धीमा रहता है।

**3. लिंक रोड-3 (पत्रकार कालोनी) :** लिंक रोड-3 स्थित पत्रकार कालोनी में पिछले 10 दिनों से कम प्रेशर से पानी की सप्लाई की समस्या बनी हुई है। कालोनी में रविवार को पानी की सप्लाई ठीक हुई है, लेकिन 10 दिनों तक लोग कम पानी मिलने की समस्या से परेशान होते रहे। रहवासियों ने बताया कि इस संबंध में नगर निगम के अमले को शिकायत की गई थी, लेकिन रविवार को सुधार हुआ।

**4.बागमुगालिया एक्सटेंशन :** बागमुगालिया एक्सटेंशन और अरविंद विहार कालोनी में पिछले 20 दिनों से कम प्रेशर से पानी आने की समस्या बनी हुई है। लोगों का कहना है कि दोनों कालोनियों में कई लोग पेयजल सप्लाई के दौरान मोटर लगाकर पानी खींचते हैं, जिससे कई अन्य घरों में पानी न आने की समस्या खड़ी हो जाती है। साथ ही कालोनी में सड़क निर्माण के दौरान बार बार पानी की पाइप लाइन फूट रही है। इससे भी जलसंकट की स्थिति बन रही है।

**5. अयोध्या बायपास, करोंद और न्यू जेल रोड :** एनएचएआई द्वारा अयोध्या बायपास को 10 लेन किए जाने के कार्य के दौरान कई बार पानी की पाइप लाइन फूट गई है। एनएचएआई द्वारा अधिकृत ठेकेदार लापरवाही पूर्वक काम कर रहा है, जिसका खामियाजा रहवासी भुगत रहे हैं। पाइप लाइन फूटने से जलसंकट की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर निगम द्वारा इस मामले में एनएचएआई के विरुद्ध थाने में मामला भी दर्ज कराया था, इसके बाद भी एक बार पाइप लाइन फूट चुकी है।

# युवक ने लगाई फांसी, पिता को फोन पर कहा- बहन की शादी में शामिल नहीं हो पाऊंगा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गोविंदपुरा में किशोर और टीलाजमालपुरा में किशोरी ने फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले किशोर ने अपने पिता को फोन लगाया और बोला- सॉरी, मैं बहन की शादी में शामिल नहीं हो पाऊंगा। उसकी बहन की 18 जून को शादी होने वाली है। दोनों मामलों में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। गोविंदपुरा पुलिस के मुताबिक, 16 वर्षीय करण पिता मोहर सिंह अन्ना नगर भेल इलाके में रहता था। वह सुबह दुकानों पर दूध बांटने वाली गाड़ी पर काम करता था। मोहर सिंह के दो घर हैं। एक घर अशोका गार्डन में है और दूसरा अन्ना नगर में है। रविवार को परिवार के सभी लोग अशोका गार्डन वाले घर में थे। करण अन्ना नगर में था। उसकी बहन की 18 जून को शादी वाली है। करण ने रविवार सुबह बहन और पिता से फोन पर बात की। पिता से बोला सॉरी, मैं बहन की शादी में शामिल नहीं हो पाऊंगा। पिता ने कुछ देर बाद करण को फोन लगाया तो वह उसने रिसीव नहीं किया। इसके बाद छोटे बेटे ने उन्हें घटना की जानकारी दी। घर पहुंचने पर परिजनों ने देखा तो करण फांसी से फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

**गोविंदपुरा और टीला इलाके की घटना**

**ग्यारहवीं की छात्रा थी सिफा:** इधर, टीलाजमालपुरा में 17 वर्षीय सिफा खान ने शनिवार रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह ग्यारहवीं की छात्रा थी। सिफा मां के साथ बागमुफ्ती कबीटपुरा में रहती थी। शनिवार रात करीब नौ बजे उसकी मां आधा घंटे के लिए अपने मायके गई थी। लौटकर देखा तो सिफा फांसी के फंदे पर लटकी थी। परिजन उसे तुरंत हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि सिफा के पिता की 5 साल पहले मौत हो चुकी है।

# पति के हथौड़े की मार से घायल महिला की सातवें दिन मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पति की हथौड़े की मार से गंभीर रूप से घायल महिला ने इलाज के दौरान सातवें दिन दम तोड़ दिया। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। पत्नी को मरा समझकर आरोपी पति ने खुद का गला रेत कर पेट में चाकू मारे थे, जिससे उसकी मौके पर भी मौत हो गई थी। खुदकुशी के लोगों ने लाइव वीडियो बनाए थे। आरोपी ने चरित्र पर शक के चलते दूसरी पत्नी पर हमला किया था। पिपलानी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पिपलानी पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय कल्पना भारती सी सेक्टर पिपलानी इलाके में सात साल की बेटी के साथ रहती थी। करीब दो साल पहले उसने लक्ष्मण प्रसाद रिछारिया से दूसरी शादी की थी। लक्ष्मण सुल्तानपुर में एक प्रिंसिपल की गाड़ी चलाता था। उसकी पहली पत्नी की करीब साढ़े तीन साल पहले मौत हो गई थी। करीब दो महीने से पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा है। लक्ष्मण का मल्टी में एक घर है, जिसे कल्पना अपने नाम करने को बोल रही थी। विवाद बढ़ने पर एक महीने से कल्पना बच्ची के साथ अलग रह रही थी। 17 मई की सुबह पौने 11 बजे कल्पना काम करने के लिए जा रही थी। वह बीमाकुंज अस्पताल के पास थी। तभी वहां बाइक से लक्ष्मण प्रसाद पहुंचा। उसने पत्नी को रोका और कमर से हथौड़ा निकाला। एक के बाद एक उसके सिर पर हथौड़े से 14 बार हमला किया था। इससे कल्पना वहीं जमीन पर ढेर हो गई। पत्नी को मरा समझकर वह भाग निकला था। वह पीछे वाली गली में पहुंचा। जहां उसने अपने पास रखी चाकू से खुद का गला रेता।

**पति ने खुद का गला रेत कर ली थी खुदकुशी**

# यूपीएससी की पहली परीक्षा ने ही युवाओं को सिखाई समय की पाबंदी, केंद्रों में लगे जेमर

## भोपाल में 12 हजार युवाओं ने दी पहली परीक्षा

**जागरण, भोपाल।** संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की वर्ष 2026 की प्रारंभिक परीक्षा मध्यप्रदेश के चार शहरों सहित देश के कुल 83 शहरों में रविवार को दो शिफ्ट में आयोजित की गई। मप्र के सवा सौ केंद्रों में करीब 35 हजार अभ्यर्थियों ने अपना सपना पूरा करने की दिशा में पहली परीक्षा दी। भोपाल में 12 हजार अभ्यर्थियों के लिए 36 केंद्र बनाए गए थे। इलेक्ट्रानिक और डिजिटल डिवाइस को लेकर केंद्रों में सख्त व्यवस्था रही। कई युवाओं को पहली परीक्षा में समय का महत्व समझकर गेट से ही लौटना पड़ा। यूपीएससी-2026 के लिए प्रदेश में भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर के स्कूल-कालेजों में केंद्र बनाए गए थे। पहली शिफ्ट 9.30 से 11.30 बजे के बीच थी तो दूसरी शिफ्ट का पेपर दोपहर ढाई से साढ़े 4 बजे रखा गया था। भोपाल में सरोजिनी नायडू, मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, एमएलबी गर्ल्स कॉलेज, केएनपी कॉलेज, कोपल कॉलेज, मित्तल इंस्टीट्यूट सहित करीब 36 स्कूल-कालेजों को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन करीब सप्ताह भर से तैयारी कर रहा था। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले सुबह 9 बजे रिपोर्टिंग टाइम था। मगर कुछ अभ्यर्थी नौ बजे के बाद परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो गेट बंद मिला। गार्ड लेकर केंद्र के अधिकारियों से फिर सभी अभ्यर्थी बात ही करते रहे। उन्हें सालों की तैयारी के बाद भी केंद्र के बाहर से ही लौटना पड़ा। पहली शिफ्ट की तुलना में दूसरी शिफ्ट में अधिकांश सेंटर्स पर परीक्षार्थियों की उपस्थिति कम रही।



**केंद्रों में लगाए जेमर:** आयोग के निर्देश पर केंद्रों में जेमर लगाए गए थे ताकि कोई मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर सके। हालांकि केंद्रों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ईयर बड्स, सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित था। इसके चलते अधिकांश अभ्यर्थी मोबाइल या डिवाइस से दूरी बनाकर ही आए थे। वहीं परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर आने की अनुमति भी नहीं थी। केवल चप्पल पहनकर आए अभ्यर्थी ही प्रवेश कर सकते थे। वहीं अपने पहचान दस्तावेज व पानी की पारदर्शी बोतल ही साथ ले जाने दी गई।

**मुख्य परीक्षा 21 से:** प्रारंभिक परीक्षा के बाद 21 अगस्त 2026 से मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी। चार दिन चलने वाली मुख्य परीक्षा के लिए कार्यक्रम अलग से जारी किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शामिल हो सकेंगे। इसके पहले प्रारंभिक परीक्षा की प्रोविजनल आंसर की जल्दी उपलब्ध कराने की तैयारी आयोग ने की है। ताकि अभ्यर्थियों को अपने प्राप्तांकों का अनुमान समय रहते हो जाए।

**गणना** — 22 से 24 मई तक चले महाअभियान में मिले कुल 10,742 गिद्ध, सटीक आंकड़ों के लिए एप से हुई डिजीटल गणना

# तीन दिन चली ग्रीष्मकालीन गणना पूरी, एक साल में बढ़े 1,200 गिद्ध

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पर्यावरण के सफाईकर्मी कहे जाने वाले गिद्धों की संख्या में मध्य प्रदेश में एक बार फिर बढ़ोत्तरी हुई है। रविवार को पूरी हुई तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में गिद्धों की कुल संख्या बढ़कर 10,742 हो गई है। गिद्धों की यह संख्या 2025 की तुलना में करीब 1,200 अधिक है। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो लगातार मॉनिटरिंग और लोगों को दी जाने वाली समझाइश के चलते प्रदेश में पशुओं के इलाज में उपयोग की जाने वाली दर्द निवारक दवा डायक्लोफेनिक सोडियम का उपयोग कम हुआ है। दरअसल इस दवा के अंश गिद्धों के यूरिनरी सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। यदि किसी बीमार पशु को यह दवा दी जाती है और उसकी मौत हो जाती है, तो दवा के अंश उसके शरीर में ही रह जाते हैं और यदि इस मृत शरीर का भक्षण गिद्ध करते हैं, तो उनकी मौत हो जाती है। वन विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के चलते वन क्षेत्रों के आसपास और अभ्यारण्य व रिजर्व के अंदर रहने वाले ग्रामीणों ने इन दवाओं का उपयोग बंद किया है, जिसके चलते गिद्धों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बता दें कि जब 2016 में पहली बार गिद्ध गणना शुरू हुई थी, तब प्रदेश में 7028 गिद्ध चिन्हित हुए थे, 11 सालों में प्रदेश में 3714 गिद्ध बढ़ चुके हैं।



### इन क्षेत्रों में ज्यादा मिलते हैं गिद्ध

पन्ना, श्योपुर, मंदसौर और छतरपुर में गिद्ध ज्यादा हैं। पन्ना टाइगर रिजर्व में गिद्धों की संख्या सबसे ज्यादा है। पीटीआर में करीब 900 गिद्ध मौजूद हैं। यहां एशियाई गिद्ध और भारतीय काला गिद्ध पाया जाता है। इसे लाल सिर वाला गिद्ध भी कहते हैं। भोपाल के पास विदिशा, औबेदुल्लागंज के पास रातापानी टाइगर रिजर्व और रायसेन में भी गिद्धों की बस्तियां हैं।

### दो बार न हो काउंटिंग, इस कारण नहीं गिने गए उड़ते हुए गिद्ध

प्रदेश में गिद्ध गणना 22 मई से शुरू हुई थी। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों, पक्षी विशेषज्ञों, स्वयं सेवी संगठनों और स्वयं सेवकों के दल द्वारा सूर्योदय के ठीक बाद ही पक्षियों की गणना का काम शुरू कर दिया जाता था और गणना का काम सुबह 9 बजे तक चलता था। दरअसल गिद्ध हवा के गर्म होने के बाद ही उड़ान भर पाते हैं। ऐसे में सुबह के समय घौसलों के आसपास बैठे गिद्धों की गिनती आसानी से हो जाती है। इस कारण गणना के दौरान अपने आवास या विश्राम स्थलों पर बैठे हुए गिद्धों और उनके नवजातों की ही गिनती की गई। आसमान में उड़ रहे गिद्धों को गिनती में शामिल नहीं किया गया, ताकि एक ही गिद्ध को दो बार गिने जाने की मानवीय चूक न हो और सटीक आंकड़े हासिल किए जा सकें। बता दें कि इस बार की गिद्ध गणना प्रदेश के सभी 16 वन वृत्त, 9 टाइगर रिजर्व, वन विकास निगम के क्षेत्र और अन्य संरक्षित क्षेत्र में की गई।

# पति के दोस्त ने घर में महिला से किया दुष्कर्म

**जागरण,भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में महिला से जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना को उसके पति के दोस्त ने अंजाम दिया। जो उसके घर आता-जाता था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 31 वर्षीय महिला बरखेड़ा पठानी में रहती है। वह हॉस्टल में सफाई का काम करती है। उसके पति नगर निगम में गाड़ी चलाते है। आरोपी सैतान सिंह जाटव उसके पति का बचपन का दोस्त है। जिसका अक्सर घर में आना-जाना लगा रहता है। इसलिए उस पर कभी किसी को शक नहीं हुआ। इसी बात का फायदा उठाकर 21 दिसंबर को उसने महिला को घर में अकेला पाकर डरा-धमकाकर जबरन उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। घटना के वक्त पति का काम पर गया था। बाद में महिला बदनामी के डर से चुप रही। फिर भी वह उसे लगातार फोन पर ब्लैकमेल करने लगा। जिससे परेशान होकर उसने अपने पति को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद उसने थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप और धमकी समेत विभिन्न धाराओं मामला दर्ज किया है।

संस्थापक ▶ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# अर्थव्यवस्था पर उठ रहे गंभीर सवाल

प्रख्यात अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक के पद पर काम कर चुके हैं, लिहाजा उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के जिन संकेतकों की व्याख्या की है, वे बेहद गंभीर सवाल भी हैं। उन्होंने इस विरोधाभास को उठाया है कि भाजपा अपनी राजनीति के 'चरमोत्कर्ष' पर है। लेकिन अर्थव्यवस्था के मामले में वह हार रही है। देश की अर्थव्यवस्था कमजोर और निम्न है। इसकी गारंटी नहीं दी जा सकती कि यह 'निम्नतम' श्रेणी में नहीं जाएगी। अर्थशास्त्री भल्ला के अनुसार, जीडीपी वृद्धि के लिहाज से भारत 9वें स्थान पर है। प्रति व्यक्ति जीडीपी विकास में 8वें स्थान पर है और डॉलर में प्रति व्यक्ति विकास के संदर्भ में 16वें स्थान पर है। बांग्लादेश 8.3 फीसदी सालाना प्रति व्यक्ति विकास में प्रथम स्थान पर है। इथियोपिया जैसा युद्धरत और धूप से जले हुए चेहरों का देश 7.2 फीसदी जीडीपी वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर है। अमरीकी डॉलर में भारत का प्रति व्यक्ति विकास 4.7 फीसदी है और देश 16वें स्थान पर है। डॉ. भल्ला के इस डाटा के आधार पर सवाल सहज है कि भारत एक 'प्रमुख अर्थव्यवस्था' है या आज भी 'नाजुक अर्थव्यवस्था' वाली श्रेणी में है? प्रख्यात अर्थशास्त्री की बुनियादी चिंता निजी-विदेशी निवेश (औसतन 32 फीसदी) और बीते सात सालों से 'रुपए' के लगातार अवमूल्यन को लेकर है। निर्यात भी बहुत कम हो गया है। दूसरा विश्लेषण प्रो. संतोष मेहरोत्रा का है। वह भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति के 'विकासवादी अर्थशास्त्री' हैं। 2009-14 के दौरान वह योजना आयोग में 'अनुप्रयुक्त मानव संसाधन अनुसंधान संस्थान' के महानिदेशक (भारत सरकार में सचिव पद के समकक्ष) रहे। आज भी ब्रिटेन, मॉस्को समेत कुछ विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र के विजिटिंग प्रोफेसर हैं। प्रो. मेहरोत्रा ने शोधात्मक विश्लेषण किया है कि भारत में करीब 12.10 करोड़ युवा न तो पढ़ रहे हैं और न ही काम कर रहे हैं। उनमें से करीब 8 करोड़ युवा अपना रोजगार 'कृषि' बताते हैं, जो उनका पुश्तैनी काम होगा। इतना व्यापक, युवा श्रम बेकार जा रहा है, क्योंकि वे बेरोजगार हैं।

यह देश के लिए शर्मनाक और विडंबनापूर्ण स्थिति है। प्रो. मेहरोत्रा के मुताबिक, 2012-25 के दौरान बेरोजगारी दर 'तिगुनी' बढ़ चुकी है। खुदरा महंगाई दर भी 5 फीसदी को पार कर चुकी है और अभी महंगाई तेजी से बढ़ेगी। यह देश की व्यवस्था की विडंबना है कि मौजूदा दौर में कामगार या दिहाड़ीदार अथवा स्वरोजगार में लगे लोगों की आमदनी नहीं बढ़ सकी है, तो ये तबके महंगाई का सामना कैसे कर पाएंगे? दरअसल अर्थव्यवस्था संबंधी विरोधाभास यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी अभी पांच देशों के प्रवास से लौटे हैं। इस दौरान भारत के साथ 57 करार किए गए हैं। प्रधानमंत्री 50 से अधिक वैश्विक सीईओ से भी मिले। आज यूरोपीय संघ के केंद्र में भारतीय बाजार और अर्थव्यवस्था है। शीत युद्ध के कालखंड में ऐसा रुख नहीं था। पश्चिम के साथ भारत के अंतरंग, रणनीतिक, मधुर संबंध नहीं थे, क्योंकि हम तत्कालीन सोवियत संघ की रक्षा और आर्थिक नीतियों के अनुसार ही निर्णय लेते थे। आज भारत का निर्यात बाजार और यूरोप के साथ पूंजी, विकसित प्रौद्योगिकी, ग्रीन ऊर्जा, एआई, सेमीकंडक्टर चिप्स, रक्षा, बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान, निवेश आदि क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारियों ने भारत को 'धुरी' बना दिया है। यदि यूरोपीय देशों ने भारत के साथ इतने करार किए हैं, तो निश्चित ही भारत आर्थिक रूप से सक्षम होगा और एक विशालतम बाजार होगा! आज फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड जैसे देश और नॉर्डिक देश भी भारत के साथ अंतरंग और गहरे रणनीतिक संबंध बना रहे हैं, तो यह भारत की चौतरफा ताकत है। चीन से संभावित जोखिमों को कम करने के लिए भी यूरोप भारत को साझेदार बना रहा है। क्या भारत की कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण ये रणनीतिक साझेदारियां संभव होंगी? लिहाजा इस बार फिर प्रधानमंत्री को देश को संबोधित कर खुलासा करना चाहिए कि सच क्या है? भारत की दृष्टि से दूसरे देशों के साथ आर्थिक समझौते तभी लाभदायक माने जाएंगे, अगर निर्यात के बजाय आयात कम हो। निर्यात और आयात के बीच संतुलन पैदा करने की जरूरत है।

## प्रसंगवश

# गंगा दशहरा जल के प्रति कृतज्ञता का पर्व



डॉ. मोहन यादव

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में नदियों को मात्र जल स्रोत नहीं, बल्कि देवी के रूप में पूजा जाता है। गंगा दशहरा या गंगावतरण ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। पृथ्वी पर गंगा के अवतरण की स्मृति में मनाया जाने वाला गंगा दशहरा जल के प्रति कृतज्ञता का पर्व है।

गंगा यानी पवित्र-साफ जल के इसी महत्व को समझते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण को एक राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने जल को विकास का प्रमुख पैरामीटर बनाते हुए हर घर जल और जल है तो कल है के संकल्प को साकार किया। उनके नेतृत्व में जल शक्ति मंत्रालय का गठन, जल जीवन मिशन, नमामी गंगे, अमृत सरोवर मिशन और जल शक्ति अभियान जैसी ऐतिहासिक पहल हुईं, जिन्होंने देश की जल सुरक्षा को नई दिशा दी है।

अमृत सरोवर योजना में प्रत्येक जिले में 75 जलाशयों के निर्माण या पुनरुद्धार का लक्ष्य रखा गया। अब तक 70 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो चुके हैं। इनसे वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और सिंचाई सुविधा बढ़ी है। यह मिशन सामुदायिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। नमामी गंगे परियोजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, नदी फ्रंट विकास और जैव विविधता संरक्षण के कार्य भी हो रहे हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाके तहत प्रति बूंद अधिक फसल का मंत्र दिया गया, जिसमें ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला। कैच द रेन अभियान ने वर्षा जल संचयन को जन आंदोलन बनाया। प्रधानमंत्री ने बार-बार कहा कि पानी बचाना स्वच्छ भारत मिशन की तरह सामूहिक दायित्व है।

इन प्रयासों का परिणाम साफ दिखता है। भूजल रिचार्ज बढ़ा है, ओवर-एक्सप्लॉइटेड इकाइयों की संख्या घटी है । प्रधानमंत्री श्री मोदी का विजन केवल बुनियादी ढांचा निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि जल संरक्षण को संस्कृति और आदत बनाने का है। ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए जल-समृद्ध भारत का आधार तैयार कर रहे हैं। जल संरक्षण अब मात्र नीति नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बन चुका है।

मध्यप्रदेश भी, जिसे प्राकृतिक जल संसाधनों से समृद्ध माना जाता है, जल संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल कर रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2025 में 19 मार्च से 30 जून तक चलाया गया। चालू वर्ष-2026 में भी यह अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों का संरक्षण, संवर्धन और पुनर्जीवन करना है। नए जल स्रोतों का निर्माण, वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और पुरानी जल संरचनाओं का पुनरुद्धार अभियान के प्रमुख स्तंभ हैं। प्रदेश में 10 हजार से अधिक चेकडैम और स्टॉपडैम के संधारण, हजारों तालाबों के गहरीकरण, नई जल संरचनाओं का निर्माण और लगभग 2,500 करोड़ रुपये की लागत से बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। यहां की अर्थव्यवस्था और किसानों की समृद्धि जल पर निर्भर है। इस अभियान का महत्व जल संकट जैसी चुनौतियों के समाधान में निहित है। अभियान से वर्षा जल का अधिकतम संचयन होता है, भूजल स्तर में वृद्धि से सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भी फसल उत्पादन संभव होता है। खेत तालाबों, रिज-टू-वैली मॉडल और जल संरक्षण संरचनाओं से किसानों की आय बढ़ रही है।

मध्यप्रदेश में प्राचीन बावड़ी, तालाब और जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार सांस्कृतिक गौरव बढ़ाता है और पर्यटन को बढ़ावा देता है।पानी चौपाल जैसे कार्यक्रमों में किसानों को दी जा रही कम पानी वाली फसलें, ड्रिप सिंचाई और आधुनिक तकनीकों की जानकारी से जल संरक्षण की संस्कृति विकसित हो रही है। इस अभियान से प्रदेश जल संरक्षण में देश का अग्रणी राज्य बन रहा है। अमृत सरोवरों के जल क्षेत्र में भारी वृद्धि, नदियों का पुनःप्रवाह और लाखों जल संरचनाओं का निर्माण राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में यह जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने में सफल हो रहा है।यह मध्यप्रदेश के भविष्य की नींव है। यदि हम आज जल स्रोतों का संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां समृद्ध जल संसाधनों का उपयोग कर सकेंगी। स्वच्छ, समृद्ध और जल-सम्पन्न मध्यप्रदेश का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक इस अभियान से जुड़कर जन संरक्षण का संकल्प लेगा।

**( लेखक - मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं )**

## चुनाव प्रक्रिया

**लोकतंत्र में सभी को सवाल उठाने का हक है, पर आरोप प्रामाणिक होना जरूरी**

# ईवीएम पर सवाल उठाएं, संदेह न फैलाएं

पीयूष पांडे



लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सभी को सवाल उठाने का हक है, पर आरोप प्रामाणिक होना जरूरी है। स्वतंत्र भारत में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्तूबर, 1951 से 21 फरवरी, 1952 के बीच हुआ था, और मई 1952 में पहली लोकसभा अस्तित्व में आई थी। संसदीय चुनावों के करीब 75 वर्षों के इतिहास में भारत की चुनाव प्रणाली अलग-अलग मोड़ों से गुजरते हुए उस मुकाम पर पहुंची है, जहां 'फ्री एंड फेयर' चुनाव की अवधारणा वास्तविकता के काफी निकट है। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दल हार के बाद चुनाव प्रणाली को ही कठघरे में खड़ा कर देते हैं और यह सिलसिला अब नियमित हो चला है।

भारत में बार-बार यह बात साबित हुई है कि यहां लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत हैं और इसका प्रमुख कारण है यहां की चुनाव प्रणाली। संविधान सभा ने जब तय किया कि भारत सभी वयस्कों को मताधिकार देगा, तो यह अपने आप में एक क्रांतिकारी कदम था। इसके बाद चुनाव संपन्न कराने में जो मेहनत हुई, वह अद्भुत थी। सबसे पहले एक समावेशी मतदाता सूची बनाने में ही अधिकारियों के पसीने छूट गए थे। लाखों लोगों के पास जन्म प्रमाणपत्र, पहचान-पत्र या निवास प्रमाण जैसी कोई चीज नहीं थी। अधिकारियों के पास न कोई डाटाबेस था और न कोई पूर्व अनुभव। तमाम कोशिशों के बावजूद लाखों महिलाएं अपना नाम बताने को तैयार नहीं थीं। इसी वजह से कई महिला मतदाताओं के नाम दर्ज नहीं हो पाए। कई राज्यों के अधिकारियों ने केंद्र को चिट्ठी लिखकर पूछा कि मतदाता सूची कैसे बनती है? तब पूर्वी पंजाब के चुनाव आयुक्त ने केंद्र को लिखा कि राज्य की सभी बड़ी प्रिंटिंग प्रेस पाकिस्तान के लाहौर में हैं, इसलिए मतदाता सूची की छपाई मुश्किल है। मतदाता सूची बनाना कितना कठिन था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान में सार्वभौमिक मताधिकार के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव होने व मतदाता सूची बनाने में दो दशक से ज्यादा का समय लग गया।

निर्वाचन आयोग ने हजारों मुश्किलें पार कर देश में चुनाव संपन्न कराए। हालांकि, उस समय भी चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें आईं, जबकि चुनाव आयुक्त कांग्रेस सरकार के ही चुने हुए थे। नौ फरवरी, 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को पत्र लिखकर कहा कि उन्हें चुनाव संचालन के विषय में कई शिकायतें मिली हैं। नेहरू जी ने लिखा-'मुझे बताया गया है कि कई जगह मतदान पेटियों को बदल दिया गया या उनके साथ छेड़छाड़ की गई है।'

दरअसल, भारत में चुनाव प्रणाली की इमारत अनुभवों के आधार पर खड़ी की गई है, और हर समस्या का समाधान खोजने की कोशिश हुई है। 1957 के चुनाव में बिहार के बेगूसराय जिले के रचियाही गांव में बूथ पर कब्जा करने का पहला मामला सामने आया था। देखते-देखते यह 'फिनोमिना' बन गया। प्रणय रॉय व दोरब आर सोपारीवाला लिखित द वर्डिक्ट किताब में जिक्र है कि एक वक्त ऐसा भी था, जब देश के कुल बूथ के 4-5 फीसदी बूथ सत्ताधारी दल द्वारा और 2-3 फीसदी बूथ विरोधी दलों द्वारा लूट लिए जाते थे। 1990 के पूर्व तक चुनावी प्रक्रिया को सत्ताधारी दल और बाहुबली प्रभावित कर लेते थे। फिर टी एन शेषन चुनाव आयुक्त बने। उन्होंने मतदान के समय केंद्रीय बलों की तैनाती, शिकायत मिलने पर चुनाव स्थगन, वोटर आईडी की अनिवार्यता और कई चरणों में मतदान जैसे सख्त कदम उठाए। टी एन शेषन की सख्ती से नाराज लालू प्रसाद यादव ने उन्हें 'पागल सांड' तक कह दिया था।

साल 2000 के बाद ईवीएम के इस्तेमाल ने मतदान को और सुगम बनाया। यह अलग बात है कि विपक्ष ईवीएम में गड़बड़ी का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है, पर 2017 में चुनाव आयोग द्वारा आयोजित 'ईवीएम चैलेंज' में कोई भी राजनीतिक दल मशीनों में छेड़छाड़ का दावा साबित नहीं कर पाया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वीवीपैट प्रणाली को भी व्यापक रूप से लागू किया गया। भारत में ईवीएम की उपयोगिता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि यहां करीब 97 करोड़ वोटर हैं, जबकि अमेरिका में सिर्फ 17 करोड़ और ब्रिटेन में सिर्फ पांच करोड़ ही वोटर हैं। चुनाव प्रक्रिया में भरोसा बढ़ाने के लिए ही बूथ पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे उपाय किए गए। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के बाद उम्मीदवारों के लिए अपनी संपत्ति, आपराधिक मामलों और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी सार्वजनिक करना अनिवार्य हुआ। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने ईवीएम में आखिरी बटन के रूप में नोटा जोड़ा। महत्वपूर्ण है कि 2024 के चुनाव में करीब एक करोड़ चार लाख वोट नोटा पर पड़े। ऐसे में, अब यह बहस जोर पकड़ रही है कि मतदाता के पास 'राइट टू रिकॉल' होना चाहिए।

चुनाव सुधार एक सतत प्रक्रिया है और भारत ने इस मामले में लगातार प्रगति की है। इसी कारण मतदाताओं का भरोसा संसदीय चुनाव प्रणाली पर बढ़ा है। देश में हुए पहले, दूसरे और तीसरे आम चुनाव में सिर्फ 45.7, 47.7, और 55.4 फीसदी लोगों ने वोट डाले थे, जो बढ़कर 2024 के लोकसभा चुनाव तक 65.8 फीसदी तक पहुंच गए। हाल में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तो पहले चरण में 93.19 फीसदी और दूसरे चरण में 91.66 फीसदी वोट पड़े। विपक्षी दलों ने चुनाव के नतीजों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अलावा निर्वाचन आयोग व सरकार की मिलीभगत का नतीजा बताया। निश्चित रूप से एसआईआर का क्रियान्वयन और बेहतर होना चाहिए था।

चुनाव में जीत-हार के पीछे अनेक कारण हो सकते हैं, लेकिन हर हार के बाद चुनावी प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा करना लोकतंत्र के लिए स्वस्थ संकेत नहीं है। यदि विपक्ष को लगता था कि बिहार या पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान बड़े पैमाने पर वास्तविक मतदाता प्रभावित हुए हैं, तो उसे ऐसे प्रभावित लोगों को सामने लाकर ठोस राष्ट्रीय बहस खड़ी करनी चाहिए थी। लोकतंत्र में सवाल उठाने का अधिकार सभी को है, पर यह भी आवश्यक है कि आरोप प्रमाण आधारित हों। भारत ने 75 वर्षों में अनेक कठिन दौर पार करते हुए चुनावों को लोकतांत्रिक आस्था का बड़ा उत्सव बनाया है। इस विश्वास को बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी है।

## खुला मंच

# गुस्सा और जूता !

शमीम शर्मा

हमारे संस्कारों मे यह कूट कूट के भर दिया जाता है कि में जूता सिर्फ पहना नहीं जाता, जरूरत पड़ने पर दिखाया भी जाता है। तभी तो हमारे गुस्से की 'आवाज' पहले आती है और लॉजिक बाद में। । हरियाणवी पूछता है—मन्नैं आंख दिखावै? हिंदी भाषी कहेंगे आप मुझे क्यों घूर रहे हो? इतनी लंबी लाइन बोलते-बोलते तो हमारा गुस्सा ही ठंडा हो जाए! हरियाणवी का गुस्से में जवाब होगा—मेरा जूता दिखै है ना। और सामने वाला समझ जाता है कि अब इतिहास लिखा जाएगा। हमारी बोली का गुस्सा क्यों खास है क्योंकि हमारे यहां गुस्सा भी देसी है। वो मिट्टी से जुड़ा है। वो जूते से शुरू होकर चप्पल तक जाता है और फिर मां के 'एक झापड़ पड़ैगा' पर आकर स्थिर हो जाता है।

जूते की बात चली है तो गुस्सा प्रदर्शन मे देसी जूते का ही उपयोग करना समझदारी माना जाता है, ताकि कितनी भी जोर से चले, जेब पर चोट न आए। ब्रांडेड जूते का गुस्सा प्रदर्शन तो खुद के सर के बाल उड़ा देने की योग्यता रखता है। ब्रांडेड जूते इतने महंगे हो गये हैं कि दादाजी को पूछना पड़ता है- छोरे! प्लॉट ले रह्या है कि जूते? बड़े-बूढ़ों का कहना है कि जूता भी बादाम की तरह होता है, जितना खाओगे उतना ही दिमाग तेज होगा। एक बात माननी पड़ेगी कि इंटरव्यू वाले दिन लड़के जूते ऐसे चमकाते हैं माने जूता ही इंटरव्यू देने जा रहा हो। ताऊ नई जूती पहन कर चौपाल में गया तो एक ने कह दिया- वाह ताऊ आज तो नयी जूती पैण कै आ रह्या है। ताऊ बोल्या- के होग्या फेर, पैर तो पुराने हैं।

भारतीय संस्कृति में जूता सिर्फ पहना नहीं जाता, जरूरत पड़ने पर दिखाया भी जाता है। जूता छिपाई की रस्म शादियों में तो सालियां करती हैं पर मंदिरों में जूता-चुराई की रस्म कौन करते हैं, आज तक नहीं पता चला। जूता चप्पल, झाड़ू, बेलन ये सब गुस्से के हथियार हैं। अपने यहां जब क्रोध सुलगने लग जाये तो गुस्से में कहा जाता है- जूता निकालूं क्या? मेरा मन सोचता है कि बेचारे अंग्रेज क्या निकालते होंगे? हमारे यहां तो बरसों पहले कहा गया कि लातों के भूत बातों से नहीं जूतों से मानते हैं। यह असल में एक सांस्कृतिक अलार्म है जो बताता है कि जहां कानून ना माना जाये वहां जूता लोकतंत्र संभाल लेता है।

यह संवाद आखिरी सीटी है .... एक बार की बात है एक रामप्यारी ने आधी रात में चोर पकड़ लिया और उसके ऊपर चढ़ कर बैठ गई ।जाड़ी रामप्यारी के बोझ से चोर का तो कचूमर निकलने को हो गया ।रामप्यारी अपने घरवाले से बोली - देख क्या रहा है, भाग के पुलिस बुला ले। ।उसका घरवाला नत्थू बोला - ना जूता मिल रहा ना चप्पल।तो चोर बोला - भाई जी! मेरी पहन लो पर जाओ जल्दी मेरा दम निकाल जाएगा नई तो... ।

## न्यायिक व्यवस्था

**देरी का अनुचित लाभ उठाकर दागी व्यक्ति भी राजनीति के शीर्ष पदों तक पहुंच जाते हैं**

# न्याय मिलने में देरी, न्याय से वंचित होने के समान

डॉ. सुधीर कुमार



न्याय के गलियारों में गूंजती 'तारीख पर तारीख' की प्रतिध्वनि दरअसल उस आम आदमी की सिसकी है, जिसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता फाइलों के बोझ तले दम तोड़ रही है। फिल्म 'दामिनी' का वह मशहूर संवाद- 'तारीख पर तारीख मिलती रही है माय लॉर्ड, लेकिन इंसाफ नहीं मिला' महज एक फिल्मी लाइन नहीं, बल्कि भारत की अदालतों की उस कड़वी हकीकत का जीवंत दस्तावेज़ है, जिससे हर रोज़ देश का आम नागरिक गुज़रता है। 'न्याय में देरी, न्याय से वंचित होना है'—यह कहावत भारतीय न्यायपालिका की सबसे बड़ी चुनौती रही है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने इस विसंगति को जड़ से मिटाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल की है।

हाल ही में माननीय उच्चतम न्यायालय की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने स्पष्ट किया है कि जमानत याचिकाओं में अनावश्यक देरी न केवल कानूनी विफलता है, बल्कि यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त 'प्राण और दैहिक स्वतंत्रता' के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। 'मेनका गांधी बनाम भारत संघ' के ऐतिहासिक मामले में स्थापित यह सिद्धांत कि 'कानूनी प्रक्रिया उचित, न्यायपूर्ण और तर्कसंगत होनी चाहिए', आज भी हमारी न्यायिक शुचिता की कसौटी है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट जैसे बड़े न्यायालयों में संसाधनों की भारी कमी और न्यायिक ढांचे पर अत्यधिक दबाव चिंताजनक है, जहां एक न्यायाधीश को प्रतिदिन औसतन 200 जमानत याचिकाओं की सुनवाई करनी पड़ती है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस अरुण कुमार जायसवाल ने 'तारीख पर तारीख' की संस्कृति पर तीखी टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि इस न्यायिक देरी का अनुचित लाभ उठाकर कई दागी व्यक्ति राजनीति के शीर्ष पदों तक पहुंच जाते हैं। न्यायालय ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि देरी के लिए केवल न्यायपालिका ही नहीं, बल्कि पुलिस द्वारा समय पर फोरेंसिक रिपोर्ट और गवाहों को पेश न करना भी समान रूप से जिम्मेदार है।

कानूनी परिप्रेक्ष्य में 'स्टेट ऑफ राजस्थान बनाम बालचंद (1977)' के तहत जस्टिस कृष्ण अय्यर का यह सिद्धांत सर्वोपरि है कि 'जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद'। भारतीय न्यायशास्त्र के अनुसार जब तक दोष सिद्ध न हो, व्यक्ति निर्दोष है। इसके बावजूद, 'तारीख पर तारीख' के चक्रव्यूह में फंसकर विचाराधीन कैदी बिना किसी अपराध के वर्षों जेल में काट देते हैं। इसी न्यायिक जड़ता को तोड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अब जमानत मामलों को हर हफ्ते या अधिकतम दो हफ्ते में लिस्ट करने का निर्देश दिया है। 'सत्येंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई (2022)' मामले में भी अदालत ने साफ कहा था कि जमानत में देरी नागरिक की गरिमा पर सीधी चोट है।

विकसित देशों में जमानत प्रक्रिया भारत की तुलना में अधिक त्वरित और तकनीक-केंद्रित है। यूनाइटेड किंगडम में 'बेल एक्ट 1976' के तहत जमानत एक वैधानिक अधिकार है, जिस पर अदालतें कुछ ही घंटों या दिनों में निर्णय लेती हैं । संयुक्त राज्य अमेरिका में 'एक्चुअरियल रिस्क असेसमेंट' और एल्गोरिदम जैसे तकनीकी टूल्स का उपयोग न्यायाधीशों को वस्तुनिष्ठ निर्णय लेने और प्रक्रिया को तेज करने में मदद करता है। इसी दिशा में भारतीय सुप्रीम कोर्ट भी अब 'ऑटोमेटिक लिस्टिंग सिस्टम' पर जोर दे रहा है।

इस न्यायिक जड़ता को तोड़ने के लिए 'मद्रास उच्च न्यायालय' की कार्यप्रणाली को राष्ट्रीय मॉडल बनाना होगा। व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा हेतु 'विशेष जमानत अदालतें' या समर्पित 'स्वतंत्रता बेंच' का गठन समय की मांग है। सुधार का दूसरा अनिवार्य स्तंभ 'संस्थागत जवाबदेही' है। जांच एजेंसियों और अभियोजन पक्ष के लिए जवाब दाखिल करने हेतु 72 घंटे से 7 दिनों की सख्त समय-सीमा तय हो। सरकारी पक्ष द्वारा समय मांगे जाने पर 'कॉस्ट इम्पाउन्डिंग' जैसे दंडात्मक उपाय लागू होने चाहिए। साथ ही, अधूरी चार्जशीट और विलंबित जांच पर अंकुश लगाना होगा, जो 'तारीख पर तारीख' का मुख्य कारण हैं।

जरूरी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से एक ऐसा 'केस मैनेजमेंट सिस्टम' विकसित हो, जहां हर मुकदमे का 'लाइफ-साइकिल' पहले से निर्धारित हो। ई-फाइलिंग और अनिवार्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रशासनिक एवं भौतिक पेशी की बाधाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी। न्याय को मानवीय संवेदनाओं की कसौटी पर कसना होगा। भारी मुचलके न भर पाने के कारण जेलों में बंद गरीब कैदियों के लिए 'पर्सनल बॉन्ड' को प्राथमिकता देना एक साहसी कदम होगा। जब जांच, तकनीक और मानवीय गरिमा का संगम होगा, तभी न्याय की ड्योढ़ी पर आम आदमी का विश्वास बहाल हो सकेगा।

सुप्रीम कोर्ट का यह हस्तक्षेप लोकतंत्र की जीवंतता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण का प्रतीक है। 'तारीख पर तारीख' के फिल्मी संवाद को हकीकत में बदलने के लिए प्रशासनिक जटिलताओं को खत्म करना और 'जेल नहीं, जमानत' के सिद्धांत को धरातल पर उतारना अनिवार्य है। यदि हम स्वचालित प्रणालियों और जवाबदेह कार्यशैली को अपनाते हैं, तो न्याय का रथ तारीखों के बोझ से मुक्त होकर मानवीय गरिमा और त्वरित तर्क के पथ पर अग्रसर होगा। यह केवल एक आदेश नहीं, बल्कि भारतीय न्याय प्रणाली के पुनरुद्धार का एक महा-संकल्प है।

## जीवन दर्शन

# हर दिन हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती है प्रकृति



विज्ञान हमें केवल तथ्य नहीं देता, बल्कि अनुशासन, विनम्रता और सत्य के प्रति सम्मान भी सिखाता है। इसी तरह पेड़, मिट्टी, बीज और ऋतुओं की शक्ल में प्रकृति भी हर दिन हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती रहती है। विज्ञान ने मुझे सिखाया है कि दुनिया उतनी सरल नहीं है, जितनी वह पहली नजर में दिखाई देती है।

यहां हर उत्तर के पीछे एक और प्रश्न छिपा होता है, हर खोज के भीतर एक दूसरा रहस्य छिपा होता है। और यही जीवन की सबसे सुंदर बात भी है कि मनुष्य अपनी खुशी किसी खोज में भी ढूंढ सकता है। क्योंकि, जब कोई व्यक्ति किसी नई सच्चाई को समझने की कोशिश करता है, जब वह प्रकृति के किसी छोटे-से संकेत को ध्यान से समझता है, तब उसके भीतर एक ऐसी जिज्ञासा जन्म लेती है, जो अधिक स्थायी होती है।

00:03 विज्ञान केवल प्रयोगशाला की ठंडी दीवारों में बंद विषय नहीं है, बल्कि यह संवेदनाओं, धैर्य और स्मृतियों का जीवंत संसार है। इसलिए, हमें अपने जीवन के हर महत्वपूर्ण चीज व क्षण को लिख लेना जरूरी हो जाता है, क्योंकि समय किसी का इंतजार नहीं करता है। वह हमें लोगों से दूर कर देता है और हमारी यादों को धुंधला बना देता है। तब, लिखे गए शब्द ही हमारे सच्चे गवाह बनते हैं। जो लिखा गया, वही भविष्य तक पहुंचता है, जो अनकहा रह गया, वह धीरे-धीरे खो जाता है। शायद यही कारण है कि कोई वैज्ञानिक शब्दों को उतनी ही गंभीरता से चुनता है, जितनी तसल्ली से कोई कवि अपनी कविता के लिए भाव का चयन करता है। विज्ञान हमें केवल तथ्य नहीं देता, बल्कि अनुशासन, विनम्रता और सत्य के प्रति सम्मान भी सिखाता है। संवेदनशील होना कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। पेड़, मिट्टी, बीज और ऋतुओं की शक्ल में प्रकृति हर दिन हमें धैर्य का पाठ पढ़ाती है। एक बीज वर्षों तक अंधेरे में रहकर भी सही समय आने पर अंकुरित हो जाता है। ठीक वैसे ही मनुष्य के भीतर के सपने भी कभी व्यर्थ नहीं जाते। जीवन में सबसे सुंदर लोग वही होते हैं, जो सीखना कभी बंद नहीं करते, जो बार-बार टूटने के बाद भी अपनी जिज्ञासा को बनाए रखते हैं, और जो अपने अनुभवों को शब्दों में बदलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए रोशनी छोड़ जाते हैं।

शिवदान सिंह

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः ।
उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महताम् धनम् ॥

**भावार्थ**

अर्थ- निम्न कोटि के लोग केवल धन की इच्छा रखते हैं, उन्हें सम्मान से कोई मतलब नहीं होता है। जबकि एक मध्यम कोटि का व्यक्ति धन और मान दोनों की इच्छा रखता है। और उत्तम कोटि के लोगों के लिए सम्मान हीं सर्वोपरी होता है। सम्मान, धन से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।

# चोरी व लूट बढ़ने से सड़कों पर उतरे डीसीपी आदर्शकांत शुक्ला, मांगा अमला

**संत हिरदाराम नगर में एक थाने को माना काम, लिया जायजा**



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** कुछ माह पूर्व कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी के भाई हीरो इसरानी के साथ हुई लूट, मई माह में ही दो जगहों पर बड़ी चोरियां, मनचले द्वारा स्कार्पियो से सड़क किनारे खड़ी लोडिंग आटो को उड़ाने के आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगने एवं ये घटनाएं अखबारों व सोशल मीडिया की सुर्खियां बनने के बाद पहली बार आईपीएस आदर्शकांत शुक्ला डीसीपी ने संत हिरदाराम नगर पुलिस थाने का निरीक्षण करने के अलावा आम जनता में विश्वास कायम करने के लिए अनेक गलियों व सड़कों पर पैदल घूमे। इस दौरान एसीपी आदित्य राज सिंह, थाना प्रभारी अशोक गौतम एवं ट्रेफिक टीआई आरती कतीजा भी उनके साथ थी। इधर एक संगठन के पदाधिकारी ने उनका ध्यान पुलिस के कम अमले पर केन्द्रित किया जिस पर उन्होंने कहा कि इसके लिए पत्र लिखा गया है।

**संवाद मुख्य उद्देश्य:** भ्रमण के दौरान इस प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस थानों में समुचित व्यवस्थाएं होना चाहिए ताकि यहां शिकायत लेकर आने वालों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसे देखना मुख्य उद्देश्य था इसके अलावा आम जनता के साथ संवाद और पुलिस की व्यवस्था को परखना था। इस दौरान सिंधी सेन्ट्रल पंचायत महासचिव ने डीसीपी का ध्यान पुलिस थाने में अमले की कमी पर केन्द्रित किया और बताया कि चूंकि भोपाल इंदौर राजमार्ग पर जबरदस्त ट्रेफिक रहता है, और यहां प्रदेश का सबसे बड़ा कपड़े का कारोबार है, ऐसे में मौजूदा अमला नाकाफी है, और भीतरी सड़कों पर यातायात का अधिक दबाव व मनचलों पर पुलिस ध्यान नहीं दे पा रही है। डीसीपी ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि यहां क्राइम बहुत कम होता है, चूंकि यह कारोबारी इलाका है। लगभग एक घंटे के भ्रमण के बाद आवश्यक दिशा निर्देश देकर डीसीपी रवाना हो गए।

### नहीं पता चला इन वारदातों का

वैसे तो आए दिन दोपहिया वाहनों की चोरी की खबरे सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं, पर अगर चोरियों एवं कुछ बड़ी वारदातों पर नजर डाली जाए तो पता चलता है कि 5 मई को प्रेम रामचंदानी मार्ग पर राकेश मंघरानी के सूने मकान से सोने के आभूषण व नकदी सहित लाखों के सामान पर चोरों ने हाथ साफ किया। सीहोर रोड स्थित बैराड़ड़ कला में 16 मई की सुबह आदित्य कुमार शुक्ला के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर डेड़ लाख की स्कूटी सहित अन्य सामान ले उड़े। 30 मई को प्रेम रामचंदानी मार्ग कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल के समीप लोडिंग आटो में बैठे चालक राजेन्द्र रजक को स्कार्पियो ने बुरी तरह से कुचल दिया। पिछले साल 6 अगस्त को कपड़ा एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी के भाई हीरो इसरानी के साथ 50 हजार की लूट करने वाले आज तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### एक थाना नाकाफी

संत हिरदाराम नगर पुलिस थाने में अमला आधे से भी कम है। दूसरे यह उपनगर अब कोई छोटा इलाका नहीं रहा। यहां आबादी तेजी से फैल रही है। हलालपुर से लेकर ग्राम भैसाखेड़ी तक और इधर बूड़ाखेड़ा से लेकर दाता कालोनी, सीटीओ आदि इलाका संत हिरदाराम नगर पुलिस के जिम्मे है, जहां की आबादी लगभग चार लाख है जिसके लिए एक थाना एवं मौजूदा बल नाकाफी साबित हो रहा है। दरअसल यहां भी दो थानों की आवश्यकता है। एक थाना लालघाटी में स्थापित होना चाहिए, जो नेवरी, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, एयरपोर्ट रोड, पंचवटी कालोनी फेस एक दो व तीन, ओम नगर, विजय नगर, सावन नगर से लेकर संत हिरदाराम नगर सैनिक कालोनी, टी वार्ड तक ऐरिया संभाले जबकि संत हिरदाराम नगर का शेष क्षेत्र मौजूदा पुलिस थाने के पास हो। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### चंचल चौराहा तक पैदल भ्रमण

राम लगभग 8 बजे पुलिस थाने पहुंचे डीसीपी आदर्शकांत शुक्ला ने पहले अधिकारियों से उपलब्ध सुविधाओं एवं खासतौर पर महिला पुलिस कर्मचारियों के बैठने, वाशरूम की सहुलियत एवं खासतौर पर साइबर क्राइम बावत क्या क्या व्यवस्था है, उसकी जानकारी हासिल की। वैसे उन्होंने थाना परिसर में सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। उसके बाद एसीपी एवं टीआई के साथ थाने से पैदल ही उपनगर की सड़कों पर निकल पड़े। बस स्टेण्ड, जैन मंदिर, एफ वार्ड रोड, स्टेट बैंक के सामने की सड़क एवं शनि मंदिर विक्रमादित्य डेयरी, मिनी मार्केट से होते हुए चंचल चैराहे पर रखी पुलिस चैकी पहुंचे और यहां किस समय पर पुलिस मौजूद रहती है, उसकी जानकारी हासिल की।

# विजय मंघरानी व जतिन सक्सेना इंग्लैण्ड में खेलेंगे

## क्रिकेट के लिए स्टेट बैंक के दो खिलाड़ियों का चयन



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के बाशिंदों के लिए यह गर्व करने वाली बात है कि यहां के दो खिलाड़ियों विजय मंघरानी एवं जतिन सक्सेना का चयन इंगलैण्ड में किक्रट में जोहर दिखाने के लिए हुआ है। भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्कल के दो खिलाड़ियों का इंडिया ओवर-40 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। इसमें संत हिरदाराम नगर के होनहार खिलाड़ी विजय मंघरानी भी शामल हैं। भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्कल के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि सर्कल क्रिकेट टीम के उत्कृष्ट खिलाड़ी श्री जतिन सहाय सक्सेना एवं श्री विजय मंघरानी का चयन वेटरन्स प्रो क्रिकेट इंटरनेशनल द्वारा गठित इंडिया ओवर 40 क्रिकेट टीम में किया गया है। यह भारतीय टीम आगामी 25 मई से 8 जून तक यूनाइटेड किंगडम (इंग्लैंड) के प्रतिष्ठित दौरे पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। दौरे के दौरान भारतीय टीम इंग्लैंड एवं वेल्स की ओवर-40 क्रिकेट टीमों के विरुद्ध 45-45 ओवरों की अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय श्रंखला खेलेगी। यह श्रृंखला अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक एवं रोमांचक मानी जा रही है। जतिन सहाय सक्सेना एवं विजय मंघरानी का इस राष्ट्रीय टीम में चयन न केवल उनकी प्रतिभा, अनुशासन एवं वर्षों के निरंतर परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह भारतीय स्टेट बैंक भोपाल सर्कल में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की सशक्त परंपरा को भी प्रदर्शित करता है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से बैंक परिवार, सहकर्मियों एवं खेल प्रेमियों में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। सर्कल वेलफेयर कमेटी, भोपाल सर्कल ने इस शानदार उपलब्धि पर दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सफल इंग्लैंड दौरे एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है। भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्कल मंडल कल्याण समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर देश एवं भारतीय स्टेट बैंक का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# दूसरों की मदद करने हमारे काम आसान हो जाते हैं: संत सिद्ध भाऊ




**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** ब्रम्हलीन स्वामी हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद से चार दशकों से संचालित अग्रणी सामाजिक संस्था नवयुवक परिषद जो हर साल उपनगर एवं आस पास के इलाकों के गरीब परिवारों के प्रतिभावान बच्चों को गोद लेकर उनकी सम्पूर्ण शिक्षा एवं स्वास्थ्य का खर्च दानवीरों के सहयोग से वहन करती है द्वारा गोद लिए गए विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु निरूशुल्क शैक्षणिक सामग्री किताबें, कॉपियाँ, स्कूल यूनिफॉर्म, पेन, पेंसिल आदि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पश्चात उन्होंने अपने करकमलों से परिषद द्वारा गोद लिए गए विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि दान देने से बरकत होती है जबकि हम दूसरों को सहयोग करते हैं, तो भगवान हमारा हर काम आान कर देता है, इसलिए दान देने एवं दूसरों की मदद करने मे हमेशा अग्रणी रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली से बारहवीं तक के लगभग 600 विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। शेष बचे संत हिरदाराम नगर के विद्यार्थियों को 24 मई को भी शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। गांधीनगर स्थित प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, लक्ष्मीदेवी विक्योमल श्रॉफ विद्यालय, चिल्ड्रेन होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को 25 मई को शैक्षणिक सामग्री वितरित की जाएगी। केवलराम चेनराय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को 26 मई को शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में महेश दयारामानी, प्रदीप खेमचंदानी, मनोहर वासवानी, हीरो ज्ञानचंदानी सहित परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आज श्रद्धा से मनेगी साबूमल रीझवानी की पुण्य तिथि



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर की पूज्य सिंधी पंचायत के 10 साल से अधिक समय तक अध्यक्ष रहे वरिष्ठ समाज सेवी साबूमल रीझवानी की द्वितीय पुण्य तिथि सोमवार को श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। उनके सुपुत्र औमप्रकाश रीझवानी शेरू भैया ने बताया कि साबूमल रीझवानी पंचायत के अध्यक्ष तो अंतिम समय तक रहे लेकिन मप्र सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक के रूप में उन्होंने सिंधी भाषा, कला, साहित्य व संस्कृति की भी सेवा की। उनकी द्वितीय पुण्य तिथि पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे सत्संग, 12 बजे भोग साहित, 12.30 बजे झूलेलाल मंदिर सभागार में श्रद्धांजलि सभा होगी, जिसमें अनेक गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। उसके बाद एक बजे भंडारे का आयोजन किया गया है।

# संत साधराम ने दिखाया नेकी का रास्ताः शर्मा





**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पाकिस्तान के रोहड़ी में निवास करने वाले सिंधियों के धार्मिक गुरू संत साधराम का विगत दिनों 63 साल की आयु में स्वर्गवास हो गया, उनके देश विदेश में कितनी संख्या में अनुयाई थे, और किस हद तक उनके प्रति श्रद्धा थी, इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश के बड़े व हर छोटे शहर में जगह जगह हो रही श्रद्धांजलि सभाओं में हजारों की संख्या में लोग जुट रहे हैं। सिंधी समाज की तरफ से रवीन्द्र भवन में आयोजित शोक सभा में सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि संत साधराम को वे व्यक्तिगत रूप से जानते थे, और उन्हें अनेक बार आशीर्वाद लेने का अवसर मिला। वे सरल, सहज एवं निर्मल स्वभाव के व्यक्ति थे, जिन्होंने आध्यात्मिक शक्ति से देश व दुनिया के सिंधियों एवं गैर सिंधियों के अलावा पाकिस्तान में मुसलमानों को भी नेकी का पाठ पड़ाया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि विश्वास नहीं होता कि संत साधराम हमारे बीच नहीं है उनके मार्गदर्शन में बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां सिंधी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। भोपाल सिंधी मेला उत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी ने बताया कि सिंध प्रांत स्थित प्रसिद्ध एसएसडी धाम रहड़की साहिब के गद्दीनशीन संत साधराम साहिब के निधन से सिंधी समाज में गहरा शोक व्याप्त है। यहां आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सिंधी साधु समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी महंत स्वामी तुलसीदास महाराज, महापौर मालती राय, किशोर तनवानी, महापौर मालती राय, गोविंद गोयल, राजेंद्र मनवानी, मनोहर ममतानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए साईं जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से करुणाधाम आश्रम में साईं शांडिल्य महाराज, लखी साई, बंटी साई, रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य नितेश लाल, जयकिशन लालचंदानी, दीपक लालचंदानी, सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, दुर्गेश केसवानी, राकेश कुकरेजा, नरेश तलरेजा, मोहित शेवानी, राम आसुदानी सहित समाज के गणमान्य नागरिक एएवं बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित हुई।

# अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड की बदहाल व्यवस्था ने स्वास्थ्य विभाग की खोली पोल



**बैरसिया।** सिविल अस्पताल में बड़ी लापरवाही सामने आई है जहां बीएमओ पुष्पा गुरु कि उदासीनता के कारण जच्चा बच्चा मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसी भीषण गर्मी के दौर में जहां नवजात शिशुओं और प्रसूता महिलाओं को विशेष देखभाल और ठंडे वातावरण की आवश्यकता होती है। वहीं बैरसिया सिविल अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में कूलर तक मौजूद नहीं हैं और कई पंखे बंद पड़े हैं। हालात ऐसे हैं कि महिलाएं भीषण गर्मी और उमस में तड़पने को मजबूर हैं।शासन द्वारा जहां करोड़ों की बिल्डिंग तो बना दी लेकिन कई सुविधाओं से वंचित है बैरसिया तहसील के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के मरीज यहां इलाज के लिए सिविल अस्पताल बैरसिया आते तो है लेकिन यहां इलाज मिलता है ना सुविधा मिलती हैं बैरसिया सिविल अस्पताल में करोड़ों रुपए के बजट और बड़ी-बड़ी योजनाओं के दावे करने वाला स्वास्थ्य विभाग मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करा पा रहा। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि जिन वार्डों में नवजात बच्चों और प्रसूताओं को रखा जाता है वहीं गर्मी से राहत के कोई पर्याप्त इंतजाम नहीं दिखाई दे रहे। प्रसूता महिलाएं पहले से शारीरिक पीड़ा और कमजोरी से जूझ रही होती हैं ऊपर से असहनीय गर्मी उनकी हालत और बिगाड़ सकती है जिससे नवजात बच्चो की मौत हो सकती हैं। जिससे नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा खतरा मंडरा रहा है।

# बैरसिया नगर पालिका की मदद कर रहा भोपाल निगम



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार द्वारा बनाई गई स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत भोपाल नगर निगम, बैरसिया नगर पालिका की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार लाने के लिए निरंतर सहयोग कर रहा है। जिसके तहत बैरसिया नगर पालिका को कचरा प्रबंधन के लिए तकनीकी सहायता के साथ आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भोपाल नगर निगम ने अब तक बैरसिया नगर पालिका को चार डोर-टू-डोर कचरा वाहन, एक रोड स्वीपिंग मशीन, चार रिक्शा, हैंडकार्ट और कंपोस्ट यूनिट प्रदान की हैं। इस के तहत रविवार को नगर निगम के सहायक आयुक्त सतीष मटसेनिया व नोडल अधिकारी राकेश शर्मा ने बैरसिया का दौरा कर नागरिकों और व्यापारियों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग करने की समझाइश दी। होम कंपोस्ट अभियान के तहत प्रथम चरण में 60 परिवारों को गीले कचरे से जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, जिसे आगामी चरणों में 500 परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही व्यापारियों से दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से दो डस्टबिन रखने की अपील की गई है।

# गायत्री परिवार के व्यसन मुक्ति सप्ताह का शुभारंभ



**जागरण, भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में व्यसन मुक्ति अभियान के अंतर्गत 24 मई से व्यसन मुक्ति सप्ताह का शुभारंभ इंडस टाउन चेतना केंद्र, भोपाल से किया गया। आगामी कार्यक्रम की जानकारी रमेश नागर जिला समन्वयक भोपाल ने बताया कि यह अभियान सप्ताह भर विभिन्न चेतना केंद्रों पर संचालित होगा, जिसमें प्रतिदिन जनजागरण, संपर्क अभियान, संकल्प सभाएँ,मानव श्रृंखला , चित्र कला, निबंध प्रतियोगिता , नुक्कड़ नाटक एवं व्यसन मुक्ति से संबंधित रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य समाज को नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारवान बनाना है। इस दौरान कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर लोगों को तंबाकू, शराब एवं अन्य नशों के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए व्यसन त्यागने हेतु प्रेरित करेंगे। मुक्ति सप्ताह का समापन 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कोलार चेतना केंद्र, रैली एवं व्यसन मुक्ति मानव श्रृंखला के साथ होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन, युवा, मातृशक्ति एवं नागरिकजन सहभागिता करेंग।

## SUDOKU 46

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 4 | | | | | 6 | 2 |
| 6 | | | 8 | 4 | 2 | | | |
| | 2 | | | | 6 | 4 | 8 | |
| | | | 6 | | 5 | | | |
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | 3 | 2 | | | 4 | | 9 | 7 |
| | | 5 | 3 | | 7 | | | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | 7 | |
| 7 | 9 | | | 5 | | 3 | | |

## SOLUTIONS 45

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 |
| 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज किस्मत आपके व्यापार और धन के दरवाजे खोलती नजर आ रही है। आमदनी बढ़ने से मन खुश रहेगा और लंबे समय से अटका पैसा भी अचानक वापस मिल सकता है।

**वृषभ :** आज का दिन नए अवसरों और आर्थिक तरक्की का संकेत दे रहा है। आय बढ़ने के योग हैं व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है।

**मिथुन :** आज आपका मन आराम, स्वादिष्ट भोजन और सुकून भरे पलों में डूबा रहेगा। सरकारी कामों में थोड़ी रुकावट आ सकती है।

**कर्क :** आज सितारे आपको एक ही संदेश दे रहे हैं। अपनी सेहत को नजरअंदाज मत कीजिए। कामकाज में कुछ चुनौतियां आएंगी, लेकिन आपका धैर्य आपको संभाल लेगा।

**सिंह :** आज का दिन नई शुरुआत और जीत का एहसास कराने वाला है। धन और सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कानूनी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है।

**कन्या :** आाज व्यापार में थोड़ी उठा-पटक देखने को मिल सकती है। पारिवारिक मामलों में संतुलन बनाकर चलना जरूरी होगा। तनाव लेने से बचें।

**तुला :** आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। किसी काम में उम्मीद के मुताबिक परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** आज खुशियों की हल्की-हल्की बारिश आपके मन को तरोताजा कर देगी। कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। सेहत के मामले में लापरवाही न करें।

**धनु :** आज मन किसी अनजानी चिंता में उलझा रह सकता है। संतान पक्ष से जुड़ी कोई बात आपको परेशान कर सकती है।

**मकर :** आज का दिन सुख-सुविधाओं और नए अवसरों से भरा रहेगा। नौकरी बदलने का सोच रहे लोगों के लिए समय अनुकूल है।

**कुंभ :** आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है। सेहत को लेकर चिंता और खर्च दोनों बढ़ सकते हैं। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**मीन :** आज का दिन भागदौड़ और जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना रिश्तों में दूरी बढ़ा सकता है, इसलिए खुद को शांत रखें। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**आज का पंचांग :** 25 मई सोमवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। **विशेष :** सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 'नौतपा प्रारंभ' अर्थात् भीषण गर्मी अगले नौ दिन। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु अधिक ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी 29 घंटे 11 मिनट तक, तत्पश्चात एकादशी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र 28 घंटे 09 मिनट तक, सिंह में चंद्रमा 09 घंटे 08 मिनट तक, तत्पश्चात कन्या में।

### शीतलदास की बगिया में तैर रहा युवक डूबा, मौत

**जागरण,भोपाल।** श्यामलाहिल्स थाना क्षेत्र में शीतलदास की बगिया में नहाते समय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 26 वर्षीय राहुल यादव पिता भगवान कठपुतली मोहल्ला,रोशनपुरा में रहते थे। वह अक्सर शितल दास की बगिया के पास नहाने आते थे। रविवार सुबह 8 बजे वह अपने साथियों के साथ झील में तैरने गया था। जहां गहरे पानी में तैरने में असमर्थ होने के कारण वह खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन डूब गया। तुरंत गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। जहां बेहोशी हालत में उसे हमीदिया अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया गया।

**नाबालिग से रेप का फरार आरोपी गिरफ्तार:** नाबालिग से रेप के फरार आरोपी को कोलार रोड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, 19 अप्रैल 2026 को पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी विकास लवाडे (23) पिता कन्हैयालाल लवाडे निवासी दानापानी भरत नगर त्रिलंगा उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जहां उसने उसके साथ गलत काम किया।

# भोपाल में भी मिलेगा प्रीमियम टायर और एडवांस कार सर्विस का अनुभव




**भोपाल।** अच्छी सड़कें और बढ़ती कारों की संख्या के साथ अब लोग अपनी गाड़ियों के लिए बेहतर टायर और प्रोफेशनल सर्विस भी चाहते हैं। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया ने भोपाल में अपना पहला कॉन्टिनेंटल प्रीमियम ड्राइव स्टोर शुरू किया है। कंपनी का कहना है कि इससे शहर के ग्राहकों को अब प्रीमियम टायर और आधुनिक व्हीक्ल सर्विसेस एक ही जगह पर मिल सकेंगी। शारदा टायर एजेंसी द्वारा संचालित यह नया स्टोर निरुपम एस्टेट फेज 3 में शुरू किया गया है। करीब 1100 वर्गफुट में फैले इस आउटलेट में ग्राहकों को कॉन्टिनेंटल के प्रीमियम टायर्स के साथ टायर बदलने, व्हील एलाइनमेंट, रोड फोर्स बैलेंसिंग, नाइट्रोजन फिलिंग, अलॉय फिटमेंट और टायर फाइनेंसिंग जैसी सुविधाएँ भी मिलेंगी। कंपनी का कहना है कि भोपाल में तेजी से बढ़ रही शहरी मोबिलिटी और ऑटोमोबाइल सेक्टर की जरूरतों को देखते हुए यह स्टोर शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को सुरक्षित और आरामदायक ड्राइविंग अनुभव प्रदान करना है। इस मौके पर कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया की प्रबंध निदेशक नेविन असलान-ओज़कान ने कहा कि भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है और भोपाल में पहला सीपीडी स्टोर शुरू करना इसी विस्तार का हिस्सा है।



जनजातीय संग्रहालय में कबीर भजनों और लोकगीतों से सजा संभावना का मंच

# सुर, ताल के अनूठे संगम में जीवंत हुई बघेली और बुंदेलखंडी लोक संस्कृति

**जागरण, भोपाल।** जनजातीय संग्रहालय का खुला मुक्ताकाश मंच और हवा में तैरती मिट्टी की सोंधी महक। जब इस माहौल में पारंपरिक वाद्यों की थाप गूंजी अवसर था संग्रहालय की साप्ताहिक गतिविधि 'संभावना' का, जहां रविवार की शाम लोकजीवन के विविध रंगों, कबीर के निर्गुण दर्शन और बुंदेलखंडी लोकनृत्य के नाम रही। इस आयोजन ने न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि हमारी जड़ें आज भी कितनी गहरी और समृद्ध हैं।

### कबीर के निर्गुण पदों से शंखनाद की शुरुआत

बद्रीलाल-सुमित्रा मालवीय एवं साथियों के कबीर भजनों से हुई। जैसे ही उन्होंने मालवी शैली में 'म्हारा सतगुरु है रंगरेज' और सदाबहार 'चदरिया' जैसे निर्गुण पदों को गाना शुरू किया, पूरा परिसर आध्यात्मिक शांति से भर गया। कबीर के गूढ़ दर्शन को बेहद सरल और सुरीले अंदाज में पेश कर कलाकारों ने श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया।

### बघेली गीतों में दिखी सावन और आस्था की छटा

इसके बाद मंच संभाला मऊगंज की अर्चना पाण्डेय एवं साथियों ने। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज से बघेली लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया। अर्चना ने शुरुआत 'गौरी गणेश मनाऊं आज सुन लीन्हैय हमारी...' वंदना से की। इसके बाद जब उन्होंने भोला गीत 'भोलन तोहरे लम्बे देशवा हो...' और कजरी 'हरे रामा छाई घटा घनघोर बदरिया कारी रे हारी...' की तान छेड़ी, तो ऐसा लगा मानो भोपाल के उमस भरे मौसम में सावन की फुहारें बरस पड़ी हों। उन्होंने झूला गीत, ददरा और देवी गीतों की एक ऐसी श्रृंखला पेश की, जिसने बघेली संस्कृति के हर पहलू को उजागर कर दिया।



### कानड़ा नृत्य-गीत

'रेकड़ी' की थाप और तात्कालिक कविता का जादू शाम का सबसे बड़ा आकर्षण रहा सागर से आए रामकिशन रजक एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत बुंदेलखंड का पारंपरिक 'कानड़ा नृत्य-गीत'। हाथों में पारंपरिक 'रेकड़ी' वाद्य थामे कलाकारों ने जब थिरकना शुरू किया, तो दर्शक भी झूमने पर मजबूर हो गए।

### तात्कालिक गीत

इस प्रस्तुति की सबसे खास बात इसकी 'तात्कालिक गीत रचना शैली' रही। मुख्य गायक रामकिशन ने मौके और परिस्थिति को देखकर तुरंत नए शब्दों को बुना और गीत के रूप में पेश कर दिया। वर्तमान की इस क्रिएटिविटी और हाजिरजवाबी ने लोक कला के जीवंत रूप को सबके सामने रखा।

### बहुरंगी लोक धरोहर

सह-कलाकारों की लय-ताल और नर्तकों के अद्भुत समन्वय ने बुंदेलखंड की इस अनूठी विधा को दर्शकों के दिलों में उतार दिया। 'संभावना' की यह शाम वास्तव में मध्य प्रदेश की बहुरंगी लोक धरोहर को सहेजने और उसे आज की पीढ़ी से जोड़ने का एक बेहद खूबसूरत और सफल प्रयास साबित हुई।

हर शक्ति फाउंडेशन द्वारा 'ग्रैंड बिजनेस अचीवर्स अवार्ड्स 2026' का आयोजन

# जिम्मेदारियों के साथ सपनों को नई उड़ान दे रहीं महिलाएं: मौनी रॉय

**जागरण, भोपाल।** हर शक्ति फाउंडेशन द्वारा रेडिसन होटल में आयोजित 'ग्रैंड बिजनेस अचीवर्स अवार्ड्स 2026' में बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज की महिलाएं केवल जिम्मेदारियां नहीं निभा रहीं, बल्कि अपने सपनों को भी नई पहचान दे रही हैं। आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान खुद बना रही है। मौनी रॉय ने अपनी आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को लेकर भी बातचीत की और अपने किरदार को बेहद अलग और चुनौतीपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान देशभर के बिजनेस लीडर्स और उभरते उद्यमियों की उपस्थिति रही। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को 'ग्रैंड बिजनेस अचीवर्स अवार्ड्स' से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रेरणादायी महिलाओं को 'नारी शक्ति सम्मान' प्रदान कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेकअप मास्टर क्लास में ईरान से आईं मेकअप आर्टिस्ट एटेना इस्माइली ने महिलाओं और ब्यूटी प्रोफेशनल्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ब्यूटी ट्रेंड्स, एडवांस टेक्निक्स और नए हुनर सिखाए। शो की ऑफिशियल शोस्टॉपर, जानी-मानी मॉडल और एक्ट्रेस पूजा मिलवानी रहीं। जैसे ही पूजा मिलवानी ने रैंप पर वॉक किया, उनकी ग्रेस और शानदार परफॉर्मेंस ने पूरे ऑडिटोरियम को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने पर मजबूर कर दिया।



## आलाप, जोड़ और पारंपरिक बंदिशों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**जागरण, भोपाल।** बैठक द आर्ट हाउस द्वारा राज्य संग्रहालय में आयोजित अनहद नाद संगीत संध्या में ध्रुपद गायन की अद्भुत प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें आलाप, जोड़, झाला और सरगम की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ चौताल में निबद्ध बंदिश 'मन में एक गूंज उठी' तथा डागर घराने की पारंपरिक बंदिश 'दोनों करतार तुम राज साज के' ने वातावरण को आध्यात्मिक और संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम में पखावज पर रोमन दास और जयंत गायकवाड ने संगत दी। वहीं, दिल्ली से आए मोहम्मद आसिफ ने तबले पर, भोपाल के हनीफ हुसैन ने सारंगी पर तथा संजीव ने फ्लेमिंको पर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को विशेष आयाम दिया। तानपुरे पर मोहिनी पटेल और दिव्या चौहान ने मधुर संगत प्रदान की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रंजीत और अमित वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक शैल भट्ट ने प्रभावशाली शैली में किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्कृति विभाग की उपसंचालक भारती राजपूत रहीं।

**ध्रुपद गायन से अनहद नाद की यात्रा का आगाज**

लेट्स विन द हार्ट थिएटर सोसायटी द्वारा नाटक 'शहीद साज' की प्रस्तुति

# मंटो की कहानी पर आधारित नाटक में दिखी विभाजन की त्रासदी और इंसानी संवेदनाएं

**जागरण, भोपाल।** समाज, विभाजन और इंसानी भावनाओं को दिखाते नाटक 'शहीद साज' की प्रस्तुति रविवार को दृष्टिमन थिएटर होम, नेहरू नगर में दी गई। प्रसिद्ध लेखक सआदत हसन मंटो की लिखी कहानी पर आधारित इस नाटक की प्रस्तुति विनोद कुमार के निर्देशन में लेट्स विन द हार्ट थिएटर सोसायटी द्वारा दी गई। इसमें कलाकारों ने अपने रंग अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया और मंटो के साहित्यिक दृष्टिकोण को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बना। इसमें म्यूजिक, लाइट और एक्टिंग का विशेष संयोजन देखने को मिला।

### नाटक की कहानी

नाटक 'शहीद साज' गुजरात काठियावाड़ के एक बनिए की है, जो भारत के बंटवारे के समय बेरोजगार हो जाता है। उसने कोकीन का थोड़ा सा कारोबार किया था, लेकिन बंटवारे के बाद पाकिस्तान जाने का निर्णय लिया। वहां पहुंचकर, उसने मकान और दुकानों का अलॉटमेंट का धंधा शुरू किया और मेहनत करके बहुत पैसे कमाए। हालांकि, भौतिक संपत्ति और सफलता के बावजूद, वह मानसिक शांति खो चुका था। उसे महसूस होता था कि उसके दिल का चैन कहीं खो गया है, और वह इस बोझ का कारण समझने की कोशिश करता है। कहानी यह दर्शाती है कि भौतिक संपत्ति से अधिक महत्वपूर्ण मानसिक संतोष और खुशी है।





**वरिष्ठ शायरों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

# दुष्यंत संग्रहालय में गूंजी गजलों की खुशबू

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश लेखक संघ की प्रादेशिक गजल गोष्ठी रविवार को दुष्यंत संग्रहालय, शिवाजी नगर में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेशभर से आए वरिष्ठ गजलकारों और शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। शुरुआत डॉ. प्रार्थना पंडित की सरस्वती वंदना से हुई। हरदा के जयकृष्ण चांडक 'जय', रतलाम के शफी लोदी, इंदौर की पूजा कृष्णा, भोपाल के रमेश नंद, सागर के बिंद्रावन राय 'सरल' और घोड़ा डोंगरी के संतोष जैन ने अपनी गजलों से महफिल को नई ऊंचाइयां दीं। मुख्य अतिथि वरिष्ठ गजलकार महेश अग्रवाल और संघ अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी की प्रस्तुतियों ने विशेष सराहना बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र गट्टानी ने की। संचालन मनीष बादल एवं डॉ. प्रार्थना पंडित ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सुनील चतुर्वेदी ने किया।




देशभर से आए विद्वानों ने साहित्य और सामाजिक सरोकारों पर रखे विचार

# 'राष्ट्रीय अस्मिता के स्वर' कार्यक्रम में गूंजा डॉ. देवेंद्र दीपक का साहित्य



**जागरण, भोपाल।** निराला सृजन पीठ द्वारा रविवार को रवींद्र भवन स्थित गौरांजनी सभागार में 'राष्ट्रीय अस्मिता के स्वर: डॉ. देवेंद्र दीपक' विषय पर व्याख्यान, रचना विमर्श एवं पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में जनसंपर्क विभाग के पूर्व संचालक लाजपत आहूजा ने कहा कि डॉ. दीपक के कुछ अवसरों का मैं साक्षी रहा हूं। डॉ दीपक ने युवाओं के बीच अपनी 'देह दान' का संकल्प व्यक्त किया, ताकि समाज तक सकारात्मक संदेश जाए। मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. देवानंद हिंडोलिया ने कहा कि डॉ. देवेंद्र दीपक जैसे व्यक्तित्व का मार्गदर्शन समाज को आगे ले जाने वाला है। सारस्वत अतिथि डॉ. विकास दवे ने कहा कि जब आदि ऋषियों के बारे में पढ़ते हैं तब सोचने में आता है कि वे कैसे होते होंगे, पर जब डॉ. दीपक को देखते हैं तब लगता है कि वे डॉ. दीपक की तरह ही होते हैं। डॉ. दीपक अंत्यज के लिए लड़ने वाले न्यायाधीश हैं। इसके अलावा प्रो. अरुण भगत, प्रो. मृगेंद्र राय, डॉ. अशोक कुमार ज्योति, डॉ. प्रकाश बरतूनिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

मॉडल रॉकेट बनाकर किया लॉन्च

# स्टूडेंट्स ने सीखे एयरोडायनामिक्स और रॉकेट डिजाइन के सिद्धांत

**रीजनल साइंस सेंटर में वैकेशनल क्रिएटिव साइंस वर्कशाप का आयोजन**

**जागरण, भोपाल।** रीजनल साइंस सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय 'रॉकेट रेंजर्स: मॉडल रॉकेट्री कार्यशाला' के अंतिम दिन प्रतिभागियों को रॉकेट लॉन्चिंग के सिद्धांत, न्यूटन के गति नियमों, एयरोडायनामिक्स तथा रॉकेट की संरचना और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। वैकेशनल क्रिएटिव साइंस वर्कशाप-2026 के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने रॉकेट विज्ञान और मॉडल रॉकेट्री की मूलभूत अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझा। इसमें विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को नोज कोन, बॉडी ट्यूब, फिन्स, इंजन माउंट और लॉन्चिंग मैकेनिज्म जैसे रॉकेट के प्रमुख हिस्सों के बारे में जानकारी दी गई। मॉडल रॉकेट के डिजाइन, संतुलन और स्थिरता से जुड़े वैज्ञानिक सिद्धांतों पर भी प्रशिक्षण दिया गया। स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रकार के ईंधनों की सहायता से कार्य करने वाले मॉडल रॉकेट्स के बारे में सीखा तथा उनके कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। कार्यशाला का विशेष आकर्षण रॉकेट रिकवरी सिस्टम रहा, जिसमें विद्यार्थियों को पैराशूट आधारित रिकवरी तकनीक के बारे में बताया गया। प्रतिभागियों ने स्वयं मॉडल रॉकेट तैयार कर उनके सफल प्रक्षेपण एवं सुरक्षित रिकवरी का अनुभव प्राप्त किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, टीमवर्क एवं नवाचार की भावना का विकास हुआ। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता हेतु प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



संतवाणी समारोह

# मीरा, कबीर और तुकाराम के भजनों से गूंजा भारत भवन

**जागरण, भोपाल।** तीन दिवसीय 'संतवाणी समारोह' के अंतिम दिन रविवार को भारत भवन का अंतरंग सभागार मीरा, कबीर और तुकाराम सहित अन्य संत कवियों की रचनाओं की भक्ति और सुरों से गूंज उठा। संगीत केंद्र 'अनहद' द्वारा आयोजित इस समारोह में श्रोताओं ने संत साहित्य, भक्तिकालीन काव्य और शास्त्रीय रागदारी संगीत के अद्भुत संगम का अनुभव किया। कार्यक्रम की शुरुआत युवा गायिका अनुषा शर्मा की प्रस्तुति से हुई, जिसमें संत एकनाथ का भजन 'गुरु कृपांजन पायो मेरे भाई', सूरदास का पद 'निसदिन बरसत नैन हमारे', कबीर के निर्गुण भजन और तुलसीदास की 'श्री राम स्तुति' शामिल रहे। उनकी प्रस्तुति को वाद्य संगत से और प्रभावी बनाया गया। इसके बाद प्रख्यात शास्त्रीय गायिका आरती अंकलीकर टिकेकर ने राग केदार में द्रुत एकताल की बंदिश 'राम नाम जपत हूं मैं' से अपने गायन की शुरुआत की। उन्होंने तराना, मीरा बाई का भजन 'म्हारे घर आओ जी', संत तुकाराम का अभंग 'बोलावा विठ्ठल' और मीरा का भजन 'चाला वही देश' प्रस्तुत किया।



**तीन दिवसीय आयोजन में दिखा भक्तिरस, सूफियाना संवेदना और शास्त्रीय संगीत का संगम**

कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 को लेकर जागरुकता

# साई अकादमी में 'संडे ऑन साइकिल' रैली खेलों और फिटनेस का दिया गया संदेश

**जागरण, भोपाल।** स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और वर्ष 2030 में भारत में प्रस्तावित राष्ट्रमंडल खेलों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बिशनखेड़ी स्थित सेंटर में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉमनवेल्थ गेम्स, खेलो इंडिया और खेलों के महत्व पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म प्रदर्शित करने के साथ की गई। इसके बाद सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कमांडिंग ऑफिसर चंद्रपाल सिंह राठौर ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली साई बिशनखेड़ी परिसर से शुरू होकर शूटिंग रेंज, नाथू बरखेड़ा गांव और आसपास के मार्गों से होते हुए पुनः परिसर में संपन्न हुई। रैली का विषय 'भारत में कॉमनवेल्थ गेम्स 2030' पर केंद्रित था। एसएसबी के कमांडिंग ऑफिसर चंद्रपाल सिंह राठौर ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन लाते हैं और स्वस्थ रहने के लिए नियमित खेल गतिविधियां आवश्यक हैं। इस आयोजन में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



संडे का खुशनुमा सवेरा: जब शाहपुरा की सड़कों पर थिरके भोपाली

# संगीत की थाप और योग की शांति संग मना 'संडे एट सवेरा'

**जागरण, भोपाल।** जागरण, भोपाल। रविवार की सुबह जब सूरज की पहली किरण शाहपुरा स्ट्रीट पर पड़ी, तो नजारा देखने लायक था। सुबह 6 से 9 बजे के बीच यहां शहर का एक अलग ही रूप देखने को मिला, जहां ऊर्जा, रचनात्मकता और सामुदायिक जुड़ाव का सैलाब उमड़ पड़ा। चौपाल आर्टग्राउंड द्वारा क्यूरेट किए गए इस विशेष आयोजन ने भोपालवासियों के संडे को यादगार बना दिया। सवेरे की शुरुआत हिमानी शर्मा के योगा और मेडिटेशन सेशन से हुई, जिसने लोगों को मानसिक शांति और सकारात्मकता से भर दिया। इसके ठीक बाद वीटा के जोशीले जुम्बा सेशन ने युवाओं और परिवारों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। आयोजन में फेस पेंटिंग, मोबाइल चार्म्स और फ्रिज मैग्नेट मेकिंग में बच्चों और युवाओं ने अपनी कला दिखाई। 30 साल से बेघरों को सहारा देने वाली 'अपना घर' की माधुरी मिश्रा, 'एनिमल विथ ह्यूमैनिटी' और 'ग्रीन प्लैनेट बाइसाइकिल राइडर्स' की टीम को समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही मुस्कान पांडेय की प्रस्तुति और 'लय बैंड' की मधुर गायकी ने समां बांध दिया, जिसके बाद डीजे मेस्सी और डीजे बेडलेक्स की बीट्स पर लोग जमकर झूमे। आरजे वेद के शानदार संचालन के बीच चौपाल आर्टग्राउंड के संस्थापक आयुष खरे, मोहित सक्सेना, प्रवीण विश्वकर्मा और यश मिश्रा की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाया।





## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.1 | 28.4 |
| मुंबई | 35.1 | 29.7 |
| चेन्नई | 41.4 | 23.8 |
| कोलकाता | 35.6 | 29.8 |

सूर्यास्त 6:58 PM
सूर्योदय 5:36 AM
चन्द्रोदय 12.05 PM
चन्द्रास्त 12:29 AM

# बूंद-बूंद पानी के लिए जंग, रातभर टंकियों पर कतार

## पानी नहीं मिलने पर इंदौर और रतलाम में चक्काजाम, रहवासियों का फूटा गुस्सा

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ जलसंकट भी बढ़ता जा रहा है। समस्या अंचल से निकलकर बड़े शहरों तक पहुंच गई है। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर और रतलाम में जलसंकट से आक्रोशित लोगों का गुस्सा सड़कों पर दिखा। इंदौर के कई इलाकों में रविवार को पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन और चक्काजाम किए गए। पालदा क्षेत्र में रहवासियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। देखते ही देखते लोग उग्र हो गए और सड़क पर वाहनों को रोककर चक्काजाम कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि घरों में पानी पूरी तरह खत्म हो चुका है और नगर निगम उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा। मजबूरी में उन्हें विरोध-प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

**सुखलिया में महापौर के खिलाफ नारेबाजी:** सुखलिया ग्राम में भी बड़ी संख्या में रहवासी पानी की टंकी पर पहुंचे और महापौर के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का आरोप था कि न तो नलों में पानी आ रहा है और न ही पर्याप्त टैंकर भेजे जा रहे हैं। निजी टैंकरों से पानी बांटने वालों को भी टंकियों से पानी भरने में दिक्कतें हो रही हैं। रहवासियों ने कहा कि उन्हें पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।



**दिन में नौकरी, रात में टंकी पर पानी के लिए लाइन**

जलसंकट से परेशान लोग देर रात तक पानी भरने के लिए लाइन में लग रहे हैं। सुखलिया ग्राम की पानी टंकी पर रात एक बजे तक लोगों की भीड़ देखी गई। रहवासी रमेश चौहान ने बताया कि दिनभर नौकरी करने के बाद रात में पानी भरना उनकी मजबूरी बन गई है। परिवार की महिलाएं दूर टंकी तक नहीं जा पातीं, इसलिए वे खुद केन भरकर घर पहुंचाते हैं।

### खाली बर्तन लेकर प्रवेश मार्ग पर बैठे

**जागरण, रतलाम।** जिले के डोसी गांव स्थित पीएम आवास मल्टी में पानी की समस्या से परेशान रहवासियों ने रविवार दोपहर शहर के प्रवेश मार्ग पर बने फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। महिलाएं और अन्य रहवासी खाली बर्तन लेकर सड़क पर बैठ गए और पार्षद से लेकर नगर निगम अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर निगम ने मौके पर पानी के टैंकर भेजे, लेकिन रहवासी मानने को तैयार नहीं हुए। इसी दौरान दूसरी ओर नगर निगम की फायर लॉरी से रेलवे ग्राउंड में पानी का छिड़काव किया जा रहा था, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया।रहवासियों का आरोप है कि वे लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। टैंकर आते तो हैं, लेकिन उससे पूरी मल्टी की जरूरत पूरी नहीं हो पाती। नल कनेक्शन होने के बावजूद टंकियों में नियमित पानी नहीं भरा जाता। चक्काजाम की सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी, नगर निगम के इंजीनियर और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन रहवासी सुनने को तैयार नहीं हुए।नगर निगम ने पहले एक पानी का टैंकर भेजा, लेकिन रहवासियों ने कहा कि इससे पूरी मल्टी की समस्या खत्म नहीं होगी। इसके बाद तीन और टैंकर बुलाए गए, फिर भी लोग नहीं माने और पानी के साथ अन्य समस्याएं भी उठाने लगे। काफी देर बाद तहसीलदार पिंकी साठे मौके पर पहुंचीं और लोगों से चर्चा की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। करीब ढाई घंटे बाद दोपहर तीन बजे नगर निगम कमिश्नर अनिल भाना मौके पर पहुंचे।



## सीएनजी ट्रक पलटा, गैस रिसाव के बाद आधा घंटे हाईवे रहा बंद



**जागरण, सीहोर।** जिले के इछावर-सीहोर हाईवे पर रविवार दोपहर कोनाझिर टोल प्लाजा के पास सीएनजी गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक से गैस रिसाव शुरू हो गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने तत्काल हाईवे सील कर ट्रैफिक डायवर्ट कराया। करीब आधे घंटे तक हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों ओर से यातायात रोक दिया और पूरे क्षेत्र को खाली कराया। चश्मदीदों और पुलिस के मुताबिक गेल इंडिया कंपनी का यह सीएनजी टैंकर इछावर से गैस रिफिल कराने के बाद सीहोर की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक संतुलन खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

## हिस्सा नहीं मिला तो 'हरिराम' बने मजदूर, पुलिस के सामने खोला भेद

**दमोह : खुदाई में मिले ब्रिटिशकालीन सिल्वर कॉइन**

**जागरण, दमोह।** प्रदेश के दमोह जिले के फुटेरा वार्ड क्रमांक 3 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान के निर्माण कार्य के दौरान पिलर की खुदाई में बड़ी मात्रा में चांदी के सिक्के मिलने का दावा हुआ। मजदूरों के अनुसार, मिट्टी खोदते समय पहले एक पीतल का कलश मिला, जिसमें एक चांदी का सिक्का था। इसके बाद आगे की खुदाई में और सिक्के तथा चांदी की रॉड मिलने की बात कही गई। मजदूरों का दावा है कि कुल मिलाकर करीब 35 किलो से अधिक चांदी के सिक्के निकले थे। मामले में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब मजदूरों ने मिलने वाले खजाने में हिस्सेदारी की मांग की। आरोप है कि उन्हें केवल 500 रुपए देकर वहां से हटा दिया और बाद में मकान मालिक ने सभी सिक्कों को बाल्टी में भरकर अपने पास रख लिया। इसके बाद नाराज मजदूरों ने गांव पहुंचकर पूर्व सरपंच के सामने सिक्कों का सारा भेद खोल दिया। पूर्व सरपंच ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। मजदूरों का कहना है कि उन्हें उचित हिस्सा नहीं दिया गया, जिसके कारण विवाद बढ़ गया।



**पुलिस और प्रशासन ने की कार्रवाई**

सूचना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कोतवाली टीआई मनीष कुमार, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी, तहसीलदार रोबिन सिंह और पुरातत्व विभाग के अधिकारी शुभम अरजरिया ने स्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मकान मालिक आलोक सोनी के पास से 42 चांदी के सिक्के बरामद किए गए। साथ ही पास के एक घर से स्टील के डिब्बे में छिपाकर रखे कुछ और सिक्के भी मिले।

## दहशत: आधी रात को पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ

**जागरण ग्यारसपुर।** ग्राम हैदरगढ़ के पहाड़ पर कस्बे की ओर महल वाली मस्जिद के पास तेंदुआ देखा गया, जिससे स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। बीती रात करीब 12 बजे हैदरगढ़ की पहाड़ी पर एक तेंदुए को देखा गया। जिसके बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है तेंदू पत्ता बीनने का सीजन शुरू हो चुका है। ग्रामीण अलसुबह और शाम के वक्त जंगल का रुख करते हैं, लेकिन तेंदुए की सक्रियता की खबर ने उन्हें डरा दिया है। स्थिति यह है कि अब लोग अकेले जंगल की ओर जाने से कतरा रहे हैं। जानकारों और स्थानीय लोगों का मानना है कि भीषण गर्मी के कारण जंगल के जलस्रोत सूखने लगे हैं। ऐसे में भूख और प्यास भोजन और पानी की तलाश में ये शिकारी जानवर पहाड़ियों से उतरकर आबादी वाले क्षेत्रों या निचले इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। शिकार की तलाश पानी के पास आने वाले छोटे जानवरों का शिकार करने के लिए तेंदुए अक्सर इन रास्तों पर देखे जा रहे हैं। सावधानी बरतने की अपील स्थानीय प्रशासन और जानकारों ने ग्रामीणों को सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

## शौच कर रहे युवक को खींच ले गया मगरमच्छ, मिला शव

**जागरण, मुरैना।** चंबल नदी किनारे एक दर्दनाक हादसा हुआ है। सराय छोला थाना क्षेत्र के रिठौरा गांव के पास शाम को शौच के लिए नदी किनारे गए एक 19 साल के युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे गहरे पानी में खींच ले गया। घटना के बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और करीब 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह युवक का शव नदी से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, रिठौरा गांव का रहने वाला अनिल गुर्जर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ चंबल नदी के बीहड़ में बकरियां चराने गया था। इसी दौरान अनिल शौच के लिए नदी के किनारे चला गया। पानी के पास बैठते ही



अचानक एक मगरमच्छ ने उस पर झपट्टा मारा और उसे खींचकर गहरे पानी में ले गया। काफी देर तक अनिल वापस नहीं लौटा, तो उसके दोस्त उसे ढूंढने नदी किनारे पहुंचे। वहां उन्हें केवल अनिल की लाठी पड़ी मिली। दोस्तों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत दौड़कर गांव वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर सराय छोला थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई।

## लग्जरी गाड़ी बेचने के मामले में देवास से एक युवक को उठाया

**जागरण, देवास।** दिल्ली की क्राइम ब्रांच ने चोरी की लग्जरी कार बेचने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर करीब 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह महंगी गाड़ियां चुराकर चेसिस नंबर बदलकर व जाली दस्तावेज तैयार कर उन्हें अन्य प्रदेशों में बेच रहा था। ऐसी कई लक्झरी गाड़ियां देवास में लाकर बेची हैं। इसी मामले को लेकर दो दिन पहले मक्सी रोड पर स्थित एक कालोनी में रहने वाले दीपक नामक एक युवक को दिल्ली पुलिस अपने साथ ले गई है। हालांकि, देवास पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। बताया जा रहा है कि दीपक नामक युवक पिछले दो-तीन वर्षों से दिल्ली व अन्य प्रदेशों से लग्जरी गाड़ी जैसी फार्च्यूनर, स्कार्पियो, थार, सफारी, क्रेटा लाकर देवास में औने-पौने दाम पर बेच रहा था। दीपक के संबंध देवास के कई नेताओं व अधिकारियों से भी थे, जिसके चलते उसने देवास शहर में भी दर्जनों लग्जरी गाड़ियां बेची हैं। देवास शहर में अभी भी यूपी, दिल्ली, आंध्रप्रदेश व गुजरात पासिंग लग्जरी गाड़ियां दौड़ रही हैं। इनमें से अधिकांश उसी युवक ने बेची है। दैनिक जागरण ने इस मामले को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर स्थानीय पुलिस-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था।

## जावर थाने के सामने लगी अवैध बीयर की थप्पियां

**1,991 पेटियों से 62 लाख की 47, 784 केन मिली**



**जागरण, आष्टा।** राजधानी से सटे सीहोर जिले में भोपाल-इंदौर हाईवे पर एक ट्रक से 62 लाख की बीयर जब्त की है। ट्रक लावारिस हालत में सड़क पर खड़ा था। जावर थाना प्रभारी हेमंत पांडेय के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को निर्माणाधीन चद्दर शेड के सामने एक ट्रक लावारिस हालत में मिला, जिसके पास कोई मौजूद नहीं था। ट्रक की तलाशी ली, तो उसमें भारी मात्रा में शराब भरी मिली। ट्रक से कुल 1,991 पेटियां बरामद हुईं, जिनमें पावरकूल ब्रांड की 47,784 बीयर केन थीं। जब्त की गई बीयर की कुल मात्रा 23,892 लीटर आंकी है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 62 लाख 11 हजार 920 रुपए है।

### सीधी में 29 पेटी से सात लाख की 3480 शीशी कफ सिरप बरामद

**जागरण, सीधी।** विंध्य क्षेत्र में रीवा आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीधी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जमोड़ी थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए 29 पेटी नशीली कफ सिरप जब्त की है। इसकी कीमत 7 लाख बताई जा रही है। थाना प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी और उनकी टीम ने सजाहवा नेबुहा कठौली मार्ग स्थित पुलिया के पास यह कार्रवाई की है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश में है कि इतनी बड़ी खेप कहां से लाई जा रही थी। इसके पीछे कौन-कौन से लोग शामिल हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



## तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो बहनों समेत तीन की मौत

**जागरण, छतरपुर।** जिले में मातगुवां के पास बिजावर रोड पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने रविवार शाम को ई-रिक्शा को रौंद दिया। हादसे में एक ही परिवार की दो सगी बहनों सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम हतनाई निवासी करंजू आदिवासी का परिवार रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ई-रिक्शा से अपने घर लौट रहा था। वाहन में 6 परिजन और एक अन्य यात्री सवार था।

तेज रफ्तार ट्रक एमपी 16 एच 1679 ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक झाड़ियों में जा घुसा। हादसे में परिवार की दो सगी बहनों 17 वर्षीय सुमन और 10 वर्षीय सोमवती सहित एक अन्य यात्री राजकुमार की मौत हो गई। वहीं कन्हैया आदिवासी, भूरा आदिवासी, गेंदाबाई और किसन पिता दशरथ आदिवासी समेत पांच लोग घायल हैं। सभी को जिला अस्पताल लाया गया। दो लोगों को ग्वालियर रेफर किया गया है।

## खंडवा: शराबी युवक ने खुद को लगाई आग तीन साल का मासूम भी झुलसा

**जागरण, खंडवा।** प्रदेश में खंडवा जिले के हरसूद क्षेत्र के ग्राम नवलपुरा टांडा में देर रात शराब के नशे में एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। आग की चपेट में आकर तीन साल का मासूम बच्चा भी गंभीर रूप से झुलस गया। दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी अनुसार नया हरसूद सेक्टर-6 निवासी राहुल पवार रात को अपने साढू भाई लालाराम पवार के घर नवलपुरा टांडा आया था। देर रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, उस समय राहुल शराब के नशे में था। विवाद के दौरान गुस्से में आकर उसने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगा ली।

**नाम परिवर्तन**

मैं दुर्गेश कुमार सिंह आत्मज श्री भवन सिंह, आयु वयस्क, निवासी वार्ड न. 09, कूडेली रोड, नदिया टोला, ग्राम पोस्ट कूडेली,जिला शहडोल म.प्र. 484669

ये है कि मेरी पुत्री का नाम काव्या सिंह कंवर (kavya Singh Kanwar) है, परंतु कुछ दस्तावेजों में त्रुटिवश उसका नाम सेजल अंकित हो गया जो कि सत्य नहीं है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों में काव्या सिंह कंवर नाम अंकित है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री को काव्या सिंह कंवर नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**मध्य प्रदेश राज्य सरकार की 7.64% मध्य प्रदेश एसजीएस 2034 और 7.83% मध्य प्रदेश एसजीएस 2048 प्रतिभूतियों की नीलामी**

मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने नीलामी के माध्यम से कुल ₹ **2,800 करोड़ (अंकित मूल्य)** राशि की प्रतिभूतियों की बिक्री का प्रस्ताव किया है।

एकाधिक मूल्य प्रारूप के अंतर्गत प्रतिफल आधारित नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्यूशन **(ई-कुबेर)** पर **26 मई 2026 (मंगलवार)** को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी **रिटेल डायरेक्ट पोर्टल (https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(www.rbi.org.in)** पर **22 मई 2026 (शुक्रवार)** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"

**बिजनेस प्लस**

## एलजी ने दोनों सेगमेंट में दिखाई स्थिर वृद्धि

**मुंबई।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने Qy FY26 में अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व 80.54 बिलियन दर्ज किया, जो YoY 8.1 प्रतिशत बढ़ा। EBITDA रु 9.45 बिलियन और मार्जिन 11.7प्रतिशत रहा, जबकि PAT रु 6.93 बिलियन रहा। पूरे FY26 में राजस्व रु 246.05 बिलियन रहा। प्रदर्शन का कारण प्रीमियम उत्पादों—टीवी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एसी—की मजबूत मांग रहा। कंपनी ने मेक-इन-इंडिया रणनीति और लागत अनुशासन पर फोकस किया। होम अप्लायंस और होम एंटरटेनमेंट दोनों सेगमेंट ने स्थिर वृद्धि दिखाई, जबकि OLED टीवी में 60 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी रही। कंपनी ने FY27 में निर्यात विस्तार और B2B व्यवसाय मजबूत करने की रणनीति भी बताई।

## फिल्म 'माँ-बहन' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की फिल्म 'माँ-बहन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह 4 जून 2026 को प्रीमियर होने वाली एक क्राइम-कॉमेडी है, जिसमें माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी, धारणा दुर्गा और रवि किशन मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी एक मां और दो बेटियों की है, जिनकी जिंदगी में एक डेड बॉडी मिलने के बाद भारी अफरा-तफरी मच जाती है। वे इस कांड को छिपाने की कोशिश करते हुए झूठ, शक और हास्यपूर्ण परिस्थितियों में फंस जाती हैं। सुरेश त्रिवेणी निर्देशित यह फिल्म पारिवारिक रिश्तों, कॉमेडी और अपराध के मिश्रण के साथ दर्शकों को मनोरंजन का अनोखा अनुभव देने का दावा करती है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना (म.प्र.)**
**निविदा विज्ञप्ति सूचना क्र. 02/2026-27 दिनांक 18.05.2026**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग गुना के अंतर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से वेबसाइट https:/mptenders.gov.in के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें एवं अन्य अभिलेख टेण्डर प्रपत्र के साथ संलग्न है। जिन्हे वेबसाइट से डाउनलोड कर देखा जा सकता है। कार्य का विवरण एवं ऑनलाइन टेण्डर क्रय करने बिड सबमिशन करने का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | जिले का नाम | कार्य का प्रकार | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | गुना | मार्ग अनुरक्षण | 2026_PWDRB_508369 | मारूति शोरूम गुना से टोल टेक्स बायपास एवं नानाखेड़ी मण्डी गेट से दो खम्बा मार्ग लंबाई 6.42 कि.मी. (क्रस्ट का पुनर्निर्माण 380 मी.) एवं (ओवरलेइंग 2000 मी.) | प्रथम | 81.81 | 81810.00 | 10000.00 | 30.06.2026 | आवश्यकता नही केवल टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध करावें (https://mptenders.gov.in) |

उपरोक्त निविदायें वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर दि.25.05.2026 से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 08.06.2026 को समय 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा मे होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी- 13318/26

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग गुना

**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (शाखा समन्वय)**
**वन भवन, लिंक रोड न.2. तुलसी नगर, भोपाल**
**कार्यालयीन कम्प्यूटर, प्रिन्टर एवं फोटोकापी मशीन की सामग्री हेतु ऑनलाइन निविदा सूचना**

**निविदा का विवरण**

| क्र. | विषय | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र विक्रय का प्रारंभ दिनांक | 18.05.2026 |
| 02 | निविदा जमा करने अंतिम तिथि | 08.06.2026 |
| 03 | निविदा खोले जाने की तिथि | 10.06.2026 |
| 04 | निविदा खोले जाने का स्थान | वन भवन, तुलसी नगर, भोपाल |
| 05 | निविदा प्रपत्र मूल्य | 2000/- (रूपये दो हजार मात्र) उप वन संरक्षक (रोकड़) के नाम से ऑनलाइन |
| 06 | निविदा प्रतिभूति राशि (ई.एम.डी) निविदा के साथ प्रस्तुत की जावेगी। | 1,50,000/- (रूपये एक लाख पचास हजार मात्र) ऑनलाइन |
| 07 | निष्पादन प्रतिभूति(परफोरमेंस गारन्टी) / धरोहर राशि सफल निविदाकार को एक वर्ष अथवा सामग्री प्रदाय करने तक के लिए | कार्य के मूल्य का 3 प्रतिशत राशि किसी भी मान्यता प्राप्त वाणिज्यिक बैंक के डिमांड /मियादी जमा राशि या irrevocable बैंक गारंटी के रूप में। |

टीप-
1. निविदा मात्र आनेंलाइन स्वीकार की जावेगी। ऑनलाइन निविदा म.प्र. शासन के एम.पी.ई. प्रोक्योरमेंट की साईट https://mptenders.gov.in से प्रस्तुत किया जावेगा। आनेंलाइन का दिनांक, समय उपरोक्तानुसार अंकित विवरण अनुसार प्रक्रिया के लिए लागू होगा।
2. म.प्र. भण्डार कय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) में अंकित समस्त नियम शर्ते सामग्री कय करने हेतु अनिवार्यतः मान्य होंगी ।
3. निविदा फार्म वेबसाइट https://mptenders.gov.in से रूपये 2000/- (रूपये दो हजार मात्र) ऑनलाइन जमा करना होगा।
4. निविदा प्रतिभूति राशि रूपये 1,50,000 (रूपये एक लाख पचास हजार मात्र) ऑनलाइन जमा करना होगा।
5. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज उसी क्रम में होना चाहिए जिस क्रम में निविदा प्रपत्र में वर्णित है, अर्थात निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले डोक्यूमेन्टस निविदा फार्म में अंकित अनुसार ही पेज नम्बर अंकित कर संलग्न करना होगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (समन्वय)
मध्यप्रदेश, भोपाल

जी- 13342/26

मैच 69: जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला खेल से राजस्थान 30 रन से जीता, पांच बार की चैंपियन मुंबई की हार के साथ विदाई

# रॉयल्स 7वीं बार प्लेऑफ में, पंजाब-केकेआर का सफर समाप्त




जेएनएन, मुंबई

जोफ्रा आर्चर के हरफनमौला खेल की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के 69वें मुकाबले में रविवार को मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ का टिकट पक्का किया। राजस्थान की टीम सातवीं बार प्लेऑफ में पहुंची है। प्लेयर ऑफ द मैच आर्चर ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लड़खड़ाने के बाद 32 रन की अहम पारी खेली और गेंदबाजी में चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। रॉयल्स ने लगातार अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद अपने करो या मरो मैच में आठ विकेट पर 205 रन बनाने के बाद मुंबई की पारी को नौ विकेट पर 175 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ ही रॉयल्स के 14 मैचों में 16 अंक हो गए और उसने अंक तालिका में चौथा स्थान पक्का कर लिया। इसके साथ ही पंजाब और कोलकाता की उम्मीदें खत्म हो गईं। प्लेऑफ की दौड़ से पहले से ही बाहर मुंबई का अभियान नौवें स्थान पर खत्म हुआ। टीम के लिए सूर्यकुमार यादव ने 60, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और विल जैक्स ने 33 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर राजस्थान की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 38, आर्चर ने 15 गेंद में 32, दासुन शनाका ने 15 गेंद में 29 और यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंद में 27 रन का अहम योगदान दिया। रविंद्र जडेजा (नाबाद 19) और नांद्रे बर्गर (नाबाद 10) ने आखिरी ओवरों में 13 गेंद में 30 रन की साझेदारी कर टीम को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया।

## स्कोर बोर्ड

**राजस्थान रॉयल्स: 205/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का. बॉश बो. जैक्स | 27 | 17 | 1 | 3 |
| वैभव का. नमन बो. चाहर | 4 | 6 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो. कार्बिन बॉश | 38 | 26 | 3 | 2 |
| पराग का. तिलक बो. गजनफर | 14 | 8 | 2 | 1 |
| दसून शानका रनआउट | 29 | 15 | 0 | 3 |
| फरेरा का. बॉश बो. चाहर | 18 | 15 | 0 | 2 |
| आर्चर का. तिलक बो. शार्दुल | 31 | 15 | 1 | 3 |
| दुबे का. नमन बो. शार्दुल | 5 | 6 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 19 | 11 | 3 | 0 |
| नांद्रे बर्गर नाबाद | 10 | 3 | 0 | 1 |

अतिरिक्त: 9, कुल: 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन, विकेट पतन: 1-33, 2-33, 3-54, 4-99, 5-119, 6-139, 7-174, 8-175, गेंदबाजी: दीपक चाहर 4-0-43-2, विल जैक्स 2-0-12-1, एएम गजनफर 3-0-45-1, रघु शर्मा 3-0-25-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-41-2, कार्बिन बॉश 4-0-38-1.

**मुंबई इंडियंस: 175/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का. जुरेल बो. आर्चर | 0 | 4 | 0 | 0 |
| रिकल्टन का. वैभव बो. बर्गर | 12 | 7 | 1 | 1 |
| नमन धीर बो. आर्चर | 6 | 5 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का. एंड बो. बर्गर | 60 | 42 | 3 | 4 |
| तिलक बो. बृजेश | 3 | 7 | 0 | 0 |
| जैक्स का. जुरेल बो. यश पुंजा | 33 | 18 | 3 | 2 |
| हार्दिक का. बर्गर बो. आर्चर | 34 | 15 | 3 | 2 |
| कार्बिन बॉश का. फरेरा बो. यश | 2 | 4 | 0 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर नाबाद | 10 | 11 | 1 | 0 |
| दीपक चाहर पगबाधा बो. बृजेश | 8 | 5 | 0 | 1 |
| गजनफर नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 5, कुल: 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन, विकेट पतन: 1-0, 2-18, 3-24, 4-38, 5-101, 6-149, 7-152, 8-158, 9-167, गेंदबाजी: जोफ्रा आर्चर 4-0-17-3, नांद्रे बर्गर 4-0-43-2, बृजेश शर्मा 4-0-26-2, रवींद्र जडेजा 2-0-24-0, यश पुंजा 4-0-44-2, दसून शानका 2-0-21-0.

## प्लेयर ऑफ द मैच, जोफ्रा आर्चर, 32 रन, 3 विकेट



## मुंबई ने पॉवरप्ले में गंवाए 4 विकेट

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित शर्मा को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन धीर (छह) को बोल्ड किया। बर्गर ने आक्रामक दिख रहे रिकल्टन (12) को सूर्यवंशी के हाथों कैच कराकर मुंबई को तीसरा झटका दिया। छठे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए बृजेश शर्मा ने अपनी पहली ही गेंद पर तिलक वर्मा (तीन) का विकेट उखाड़ दिया। पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर चार विकेट पर 49 रन था। इस बीच सूर्यकुमार को यश राज की गेंद पर बृजेश ने कैच टपकाकर जीवनदान दिया। वह उस समय 27 रन पर खेल रहे थे। जैक्स ने इस गेंदबाज के खिलाफ 12वें ओवर में छक्के से टीम के रनों का शतक पूरा किया। वह इसी ओवर में आउट हो गए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने क्रीज पर आते ही दो छक्के जड़े। पंड्या ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए शनाका के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके जड़कर रॉयल्स के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। पराग ने 16वें ओवर में गेंद आर्चर को थमाई और इस गेंदबाज ने पंड्या की 15 गेंद में 34 रन की पारी समाप्त कर टीम को बड़ी सफलता दिला दी। यश राज ने अगले ओवर में बॉश (दो) को चलता करने के साथ ओवर से सिर्फ पांच रन खर्च कर मुंबई पर दबाव बना दिया। बर्गर ने अगले ओवर में अपनी ही गेंद पर सूर्यकुमार का कैच लपककर टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय कर दिया।

● इससे पहले बिना जसप्रीत बुमराह के खेलने उतरी मुंबई ने राजस्थान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। जायसवाल ने राजस्थान को आक्रामक शुरुआत दिलाई थी, लेकिन जल्द ही जैक्स ने उन्हें अपना शिकार बना लिया और पावरप्ले के भीतर ही राजस्थान ने जायसवाल के साथ ही वैभव सूर्यवंशी और कप्तान रियान पराग के विकेट गंवा दिए थे। 54 के स्कोर पर तीन विकेट गंवाने के बाद ध्रुव जुरेल और दसून शानका के बीच साझेदारी पनपी और दोनों बल्लेबाज राजस्थान को 99 तक ले गए। हालांकि 11वें ओवर में शानका ने रन लेने का प्रयास किया, लेकिन जुरेल की नजरें गेंद पर टिकी थीं।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साईसुदर्शन (गुजरात) | 638 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 616 |
| क्लासेन(हैदराबाद) | 606 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरु) | 24 |
| कगिसो रबाडा (गुजरात) | 24 |
| जोफ्रा आर्चर (राजस्थान) | 21 |

### बाउंड्री मीटर



1349 छक्के
2174 चौके
143 अर्धशतक

कोलकाता नाइट राइडर्स के मनीष पांडे के आईपीएल में 4000 रन पूरे हो गए हैं। उनके 164 पारियों में 4012 रन हो गए हैं।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.783 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.695 |
| हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 | 0.524 |
| राजस्थान | 14 | 8 | 6 | 16 | 0.189 |
| पंजाब | 14 | 7 | 6 | 15 | 0.309 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 | -0.651 |
| कोलकाता | 14 | 6 | 7 | 13 | -0.147 |
| चेन्नई | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.345 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.584 |
| लखनऊ | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.740 |

आइपीएल के अंतिम लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर को उसके घर में 40 रन से हराया

# दिल्ली ने जीत से किया सीजन का अंत

जेएनएन, कोलकाता

दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को आईपीएल के इस सत्र के अंतिम लीग मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 40 रन से जीत हासिल की, हालांकि इस मैच का नतीजा अब कोई मायने नहीं रखता है। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दिन के शुरुआती मैच में जब राजस्थान ने मुंबई को हराकर प्लेऑफ में चौथी और आखिरी टीम के तौर पर क्वालिफाई किया तो यह मुकाबला पहली पारी के चौथे ओवर में ही बेमानी हो गया था। जब मैच में दांव पर लगाने के लिए कुछ खास नहीं था तो मैदान पर खिलाड़ियों में जोश की कमी साफ नजर आ रही थी। केएल राहुल (60 रन) के इस सत्र में छठे अर्धशतक की बदौलत दिल्ली ने पांच विकेट पर 203 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (63 रन) के सत्र के दूसरे अर्धशतक के बावजूद केकेआर की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। केकेआर ने अंतिम सात विकेट 35 रन के अंदर गंवा दिए। प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव के रहाणे को 14वें ओवर में आउट करने के बाद केकेआर के विकेट पतन का सिलसिला शुरू हुआ। कुलदीप ने रहाणे के बाद रिंकू यादव को आउट किया और हैट्रिक बनाने से चूक गए, क्योंकि अभिषेक पोरेल ने तेजस्वी दहिया का कैच छोड़ दिया। एन्गिडी ने 3.4 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। मिचेल स्टार्क (तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट) ने एक ही ओवर में दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। रहाणे के अलावा केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। रोवमैन पॉवेल ने रनआउट होने से पहले 29 रन बनाए। केकेआर ने 10 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 98 रन बना लिए थे। एन्गिडी ने फिन एलन (20 रन) को पावरप्ले में आउट किया, जबकि मनीष पांडे (25 रन) को नौंवे ओवर में स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया। अगले ओवर में कैमरन ग्रीन (02) कुलदीप यादव का शिकार हुए। रहाणे ने 31 गेंद में सत्र का दूसरा अर्धशतक जमाया। कुलदीप ने ही उनकी पारी समाप्त की और इस गेंदबाज ने अगली गेंद पर रिंकू सिंह को स्टब्स के हाथों कैच आउट कर खाता भी नहीं खोलने दिया। इस समय स्कोर पांच विकेट पर 128 रन था। और फिर पूरी टीम 163 रन में सिमट गई।

प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप



**100** छक्के दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल के आईपीएल में पूरे हो गए।

## स्कोर बोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स: 203/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पोरेल का. दहिया बो. दुबे | 22 | 18 | 4 | 0 |
| राहुल का. पॉवेल बो. अनुकूल | 60 | 30 | 5 | 4 |
| साहिल का. रहाणे बो. नरेन | 24 | 17 | 3 | 1 |
| अक्षर का. रिंकू बो. वरुण | 39 | 25 | 3 | 2 |
| मिलर का. एलन बो. दुबे | 28 | 19 | 0 | 3 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 18 | 11 | 2 | 1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 12, **कुल**: 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन, **विकेट पतन**: 1-40, 2-125, 3-166, 4-201, **गेंदबाजी**: अनुकूल रॉय 2-0-23-1, सौरभ दुबे 4-0-28-2, कैमरन ग्रीन 2-0-21-0, कार्तिक त्यागी 4-0-55-0, सुनील नरेन 4-0-38-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-35-1.

**कोलकाता नाइट राइडर्स: 163/10 (18.4 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का. मिलर बो. कुलदीप | 63 | 39 | 4 | 4 |
| फिन एलन बो. एन्गिडी | 20 | 13 | 3 | 1 |
| पांडे का. स्टार्क बो. एन्गिडी | 25 | 18 | 2 | 2 |
| ग्रीन का. मिलर बो. कुलदीप | 2 | 3 | 0 | 0 |
| रोवमन पॉवेल रनआउट | 29 | 21 | 3 | 1 |
| रिंकू का. स्टब्स बो. कुलदीप | 0 | 1 | 0 | 0 |
| तेजस्वी दाहिया बो. अक्षर | 1 | 3 | 0 | 0 |
| अनुकूल का. एंड बो. स्टार्क | 9 | 8 | 1 | 0 |
| त्यागी का. अक्षर बो. स्टार्क | 0 | 1 | 0 | 0 |
| वरुण का. अक्षर बो. एन्गिडी | 5 | 5 | 1 | 0 |
| सौरभ दुबे नाबाद | 4 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त**: 5, **कुल**: 18.4 ओवर में 163 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन**: 1-43, 2-87, 3-96, 4-128, 5-128, 6-129, 7-154, 8-154, 9-155, 10-163, **गेंदबाजी**: मिचेल स्टार्क 3-0-26-2, आकिब नबी 2-0-23-0, एन्गिडी 3.4-0-27-3, अक्षर पटेल 4-0-38-1, माधव तिवारी 2-0-20-0, कुलदीप यादव 4-0-29-3.

टॉम मूडी ने बदलाव के संकेत दिए

## 27 करोड़ में खरीदे गए रिषभ पंत से छिन सकती है कप्तानी

**लखनऊ, जेएनएन।** पिछले दो सत्र में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने के कारण रिषभ पंत से लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी छिन सकती है, क्योंकि उसके क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने स्वीकार किया है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज दबाव को झेलने में असफल रहा है। लखनऊ 2025 में सातवें स्थान पर रहा था, जबकि इस सत्र में उसका प्रदर्शन पिछले साल से भी खराब रहा। पंत की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने दो सत्र में 28 मैचों में केवल 10 में जीत हासिल कीं। मूडी ने पंजाब से सात विकेट से मिली हार के बाद पत्रकारों से कहा, अगर कप्तानी की बात करें तो निश्चित तौर पर उन्हें यह चुनौतीपूर्ण लगी है और परिणाम इसे दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, हमें इस पर विचार करना होगा कि इस दबाव का बल्लेबाजी में उनके प्रदर्शन पर भी तो असर नहीं पड़ रहा है। मैं जानता हूं कि यह सत्र हमारे लिए मुश्किल रहा है, लेकिन हम इस पर विचार करेंगे। हम हर पहलू पर गौर करेंगे। एलएसजी ने पंत को रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में खरीदा था, इसलिए उनके प्रदर्शन पर शुरू से ही नजर रखी जा रही थी। इस बीच वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। हाल में पंत की जगह केएल राहुल को टेस्ट टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्हें वनडे टीम से भी बाहर कर दिया गया है। इसके बाद अब मूडी की यह टिप्पणी आई है।



● भारत के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले पंत ने आईपीएल 2018 में शानदार प्रदर्शन किया। तब उन्होंने 173.60 के स्ट्राइक रेट से 684 रन बनाए। इसके बाद 2019 में उन्होंने 162.66 के स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए। लखनऊ की तरफ से हालांकि पंत ने दो सत्र में 581 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 135.74 रहा, जो उनके करियर के 144.18 के स्ट्राइक रेट से कम है।

## खेल एक नजर

### गेंदबाज अक्षय की मैच के दौरान तबीयत खराब, अस्पताल में निधन

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 39 वर्ष के थे। अक्षय उस टीम का हिस्सा रहे थे जिसने 2014-15 सत्र में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। वह रविवार को यहां केएससीए तीसरे डिवीजन मैच में सैफायर सीसी की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद अक्षय ने असहज महसूस होने की शिकायत की और मैदान से बाहर चले गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, अक्षय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कर्नाटक का शानदार प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद भी उन्होंने पूरे समर्पण और जुनून के साथ क्रिकेट की सेवा जारी रखी। जूनियर स्तर के कोच के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका राज्य में क्रिकेट प्रतिभाओं के विकास पर स्थायी प्रभाव पड़ा। एसएल अक्षय ने 2011 से 2013 के बीच कर्नाटक के लिए छह प्रथम श्रेणी, तीन लिस्ट ए और नौ टी20 मुकाबले खेले थे। खेल से संन्यास के बाद वह राज्य की अंडर-19 टीम के साथ कोचिंग से जुड़े हुए थे।

## नॉर्वे शतरंज आज से, भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा

**ओस्लो, जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के जरिए विश्व चैंपियनशिप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से पहले लय हासिल करने के इरादे से उतरेंगे, जबकि एलीट खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके धैर्य और कौशल की परीक्षा होगी। टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी हिस्सा ले रहे हैं। गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा की मौजूदगी में भारतीय दल टूर्नामेंट में खिताब के अपने सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगा। प्रतियोगिता के ओपन और महिला वर्ग में दुनिया के छह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता में चार खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। गुकेश और प्रज्ञानानंदा ओपन वर्ग में शिरकत करेंगे तो वहीं महिला वर्ग में कोनेरू हंपी और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख हिस्सा लेंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं होगी।

## सैफ चैंपियनशिप में मालदीव के खिलाफ भारत का लक्ष्य जीत से आगाज करने पर

**मडगांव, जेएनएन।** फीफा रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 में मालदीव के खिलाफ सोमवार को ग्रुप-बी में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम की नजरें 2019 के बाद पहली बार खिताब दोबारा अपने नाम करने पर टिकी हैं। भारतीय महिला टीम पहली बार गोवा में कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगी। भारत इस टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है, जबकि मालदीव 167वें स्थान पर है। ऐसे में भारतीय टीम को मुकाबले का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारत का मालदीव के खिलाफ रिकॉर्ड भी बेहद शानदार रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक खेले गए आठ मुकाबलों में भारत ने सात जीते हैं, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा।

## मध्यप्रदेश के देव मीणा ने पोल वॉल्ट में नेशनल रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**रांची, जेएनएन।** मध्य प्रदेश के पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीना और कुलदीप कुमार ने 5.45 मीटर की समान छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया, लेकिन रविवार को राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन देव कुमार मीना ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछला रिकॉर्ड (5.41 मीटर) हाल ही में भुवनेश्वर में कुलदीप कुमार ने ही बनाया था। दोनों खिलाड़ियों ने 5.45 मीटर की छलांग लगाई, लेकिन काउंटबैक के आधार पर देव कुमार मीना ने स्वर्ण पदक जीता। कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोल वॉल्ट और ऊंची कूद स्पर्धाओं में जब दो या दो से अधिक एथलीट समान ऊंचाई पार करते हैं, तो काउंटबैक नियम के आधार पर विजेता का फैसला होता है। इसमें प्रतियोगिता के दौरान उस ऊंचाई को पार करने में सबसे कम प्रयास करने वाला खिलाड़ी विजेता माना जाता है।

## हैरी केन की हैट्रिक से बायर्न म्यूनिख ने जर्मन कप जीता

**बर्लिन, जेएनएन।** स्टार फुटबॉलर हैरी केन की हैट्रिक की मदद से बायर्न म्यूनिख ने मौजूदा चैंपियन स्टटगार्ट को 3-0 से हराकर जर्मन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता और इस तरह से वर्तमान सत्र में घरेलू टूर्नामेंट जीतने का डबल पूरा किया। केन की दूसरे हाफ में बनाई गई हैट्रिक ने बायर्न के प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया। इस बीच दोनों टीम के प्रशंसकों ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए जर्मन फुटबॉल महासंघ (डीएफबी) के विरोध में नारे भी लगाए। केन ने 55वें मिनट में माइकल ओलिस के क्रॉस पर हेडर से पहला गोल किया। इससे बायर्न के प्रशंसकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी। इससे काफी धुआं हो गया और खेल रोकना पड़ा। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी केन ने 80वें मिनट में दूसरा गोल किया और फिर इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर हैट्रिक पूरी की। बायर्न म्यूनिख ने इससे पहले जर्मन लीग बुंडेसलिगा का खिताब जीता था।




## फीफा विश्वकप: ईरान ने अपना आधार शिविर अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित किया

**फीनिक्स, जेएनएन।** ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि फीफा से मंजूरी मिलने के बाद उनकी टीम के आधार शिविर को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित कर दिया गया है। मेहदी ताज ने यह जानकारी दी हालांकि अभी तक फीफा ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ईरान को एरिजोना के टक्सन में अभ्यास शिविर लगाना था, लेकिन मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध और सुरक्षा चिंताओं के कारण इसे कहीं और स्थानांतरित करने की संभावना बनी हुई थी। टक्सन के कीनो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। महासंघ का कहना है कि टीम अब सैन डिएगो के ठीक दक्षिण में स्थित मैक्सिको के तिजुआना में ठहरेगी। इस वर्ष विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर इसकी मेजबानी कर रहे हैं। ताज ने बयान में कहा, विश्व कप में भाग लेने वाले सभी देशों को अपने आधार शिविर के लिए फीफा से मंजूरी लेनी होती है। सौभाग्य से फीफा और विश्व कप के अधिकारियों के साथ इस्तांबुल में हुई बैठकों के बाद हमारी टीम के आधार शिविर को अमेरिका से मैक्सिको में स्थानांतरित करने का हमारा अनुरोध स्वीकार कर लिया गया है।



# कुल्ल में 7 फुट बर्फ में टूरिस्ट की मस्ती

**शिमला/मनाली, जेएनएन।** देश में जब भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं तो मई के आखिरी सप्ताह में भी टूरिस्ट हिमाचल में लाइव स्नोफॉल का मजा ले रहे हैं। रोहतांग दर्रा खुलते ही बर्फ देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पिछले 4 दिन में लगभग 25 हजार टूरिस्ट रोहतांग पहुंच गए हैं। वहीं कुल्ल में सड़क के दोनों ओर 5 से 7 फुट ऊंची बर्फ की दीवार टूरिस्ट को रोमांचित कर रही है। हालांकि भारी ट्रैफिक जाम टूरिस्ट को परेशान कर रहा है।

# पाक के बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 26 की मौत

## जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे, सैन्य कर्मियों को ले जा रही ट्रेन की बोगी खाक

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान के क्वेटा में रविवार सुबह एक बड़ा आतंकी हमला हुआ, जब बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मजीद ब्रिगेड के एक आत्मघाती हमलावर ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को निशाना बनाकर जोरदार विस्फोट कर दिया। धमाका इतना भीषण था कि ट्रेन की एक बोगी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस हमले में अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 70 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने इसे सुनियोजित फिदायीन हमला करार दिया है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**चमन फाटक के पास हुआ बड़ा विस्फोट:** जानकारी के मुताबिक, जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा कैंट से सैन्य कर्मियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान चमन फाटक के पास रेलवे ट्रैक के नजदीक आत्मघाती हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। धमाके की चपेट में आने से ट्रेन की एक बोगी पूरी तरह नष्ट हो गई और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि रेलवे ट्रैक के आसपास मौजूद कई घरों और वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। चश्मदीदों के मुताबिक, धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनी गई, जिसके बाद इलाके में धुएं का गुबार फैल गया।



● **राहत और बचाव कार्य जारी:** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। क्वेटा में हुए भीषण विस्फोट की पाकिस्तान के रेल मंत्री ने कड़ी निंदा करते हुए इसे कायराना आतंकवादी हमला बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमले देश के हौसले और राष्ट्रीय संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते।

● **बीएल ने ली हमले की जिम्मेदारी:** बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने मीडिया को जारी बयान में इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हमले की योजना पहले से तैयार की गई थी और ट्रेन के गुजरने के समय को जानबूझकर चुना गया ताकि अधिकतम नुकसान पहुंचाया जा सके। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां विस्फोट के सटीक कारणों और हमलावर की पहचान से जुड़े सुराग जुटाने में लगी हुई हैं। अधिकारियों के अनुसार, पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है।

● **पहले हाईजैक भी हो चुकी है यह ट्रेन:** यह वही जाफर एक्सप्रेस है, जिसे साल 2025 में पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलोच लिबरेशन आर्मी के लड़ाकों ने हाईजैक किया था। मार्च 2025 में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को बलूचिस्तान के बोलन जिले के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में रोककर हाईजैक किया गया था। ट्रेन में सवार करीब 400 से ज्यादा यात्रियों को बलोच लड़ाकों ने बंधक बना लिया था। पाकिस्तानी सेना द्वारा 'ऑपरेशन ग्रीन बोलन' चलाकर यात्रियों को छुड़ाने का दावा किया गया था, जिसमें कई जानें भी गई थीं।

### तुर्किये के लोकतंत्र पर गहराया संकट

# विपक्षी दल के मुख्यालय में घुसी पुलिस, दागे आंसू गैस के गोले

**अंकारा, जेएनएन।** तुर्किये की दंगा नियंत्रण पुलिस ने रविवार को मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) के मुख्यालय में जबरन घुसकर उसके हटाए गए नेतृत्व को बाहर निकाल दिया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियां दागी गईं, जिससे तुर्किये के लोकतंत्र के केंद्र में जारी राजनीतिक संकट और गहरा गया है।

सीएचपी पार्टी के मुख्यालय की इमारत के भीतर आंसू गैस का भारी गुबार छा गया, जबकि अंदर मौजूद समर्थकों ने चिल्लाते हुए प्रवेश द्वार पर चीजें फेंकी, जिसके बाद पुलिस ने अस्थायी बैरिकेड्स को तोड़ दिया। स्थानीय मीडिया द्वारा जारी फुटेज में



कोर्टयार्ड (आंगन) और इमारत के अंदर आंसू गैस के बड़े बादल दिखाई दे रहे हैं, जिसके बाद पत्रकारों को भी पुलिस ने वहां से हटा दिया। इमारत के भीतर मौजूद संवाददाताओं ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान दफ्तर के दरवाजे और फर्नीचर पूरी तरह नष्ट हो गए।

### फाइनेंस मैगजीन की सर्वे

# 75% भारतीयों के पास रिटायरमेंट प्लान नहीं

*फाइनेंस मैगजीन के सर्वे के अनुसार, रिटायरमेंट सेवानिवृत्ति के करीब पहुँच रहे अधिकांश भारतीयों को लगता है कि वे वित्तीय रूप से तैयार हैं, लेकिन उनके पास कोई व्यवस्थित योजना स्ट्रक्चर्ड प्लान नहीं है। 40 से 60 वर्ष की आयु के 1,218 भारतीयों के बीच किए गए इस सर्वे में पाया गया कि 75.5 प्रतिशत उत्तरदाताओं के पास कोई विस्तृत रिटायरमेंट प्लान नहीं है। इसके बावजूद, बिना किसी उचित योजना वाले 61 प्रतिशत से अधिक लोगों को उम्मीद है कि वे आराम से रिटायर होंगे।*



| | | | |
|---|---|---|---|
| **61%** से अधिक को उम्मीद आराम से होंगे रिटायर | **48%** लोगों ने इसे परिवार के साथ जोड़ा | **03%** ने इसे वेल्थ क्रिएशन से जोड़ा | **39** वर्ष में औसतन लोग बचत शुरू करते हैं |
| **24.5%** के पास है रिटायरमेंट की रणनीति | **28** लाख का है औसतन लोगों के पास प्लान | **82%** ने हेल्थकेयर को बताया बड़ी चिंता | **47.3%** गोल्ड - रियल एस्टेट में करते हैं निवेश |

## संक्षिप्त समाचार

### व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, हमलावर ढेर

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में शनिवार देर रात व्हाइट हाउस के पास हुई गोलीबारी ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर ला दिया। घटना उस समय हुई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक संदिग्ध युवक ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की, जिसके बाद सीक्रेट सर्विस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे गोली मार दी। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। मृत हमलावर की पहचान 21 वर्षीय नासिर बेस्ट के रूप में हुई है, जो मैरीलैंड का रहने वाला था। गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

### आरबीआई खजाने से 8.7 करोड़ चोरी, एक गिरफ्तार

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात के अहमदाबाद में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के करेंसी चेस्ट (खजाने) से 8.70 करोड़ रुपए चोरी का करीब 4 महीने बाद खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरी करने और उस पैसे को प्रॉपर्टी-क्रिप्टोकरेंसी में लगाने के आरोप में बैंक ऑफ बड़ौदा के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हर्षिद्द कडियार बैंक ऑफ बड़ौदा की गांधी रोड शाखा में जूनियर जॉइंट कस्टोडियन था। इसी शाखा में आरबीआई का करेंसी चेस्ट भी मौजूद है। 13 जनवरी को आरोपी ने दो मजदूरों के साथ मिलकर बक्सों में कैश भरकर बैंक से बाहर निकाला था।

### सीजेपी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें पार्टी की गतिविधियों की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है। याचिका में आरोप है कि संगठन सुप्रीम कोर्ट की मौखिक टिप्पणियों का गलत इस्तेमाल कर उनका व्यावसायिक फायदा उठा रहा है। याचिका में फेक वकीलों की सीबीआई जांच की भी अपील की गई। दरअसल, चीफ जस्टिस ने 15 मई को एक सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कह दिया था। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है।

# भारत-अमेरिका वार्ता में जयशंकर ने उठाया वीजा मुद्दा, कहा-वैध यात्रियों को न हो परेशानी

## ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा में सहयोग के लिए दोनों ने जताई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) ने रविवार को व्यापार वार्ता में मतभेदों और अमेरिकी वीजा नीतियों में सख्ती के बावजूद अपनी रणनीतिक साझेदारी में निरंतरता और गति को बनाए रखने का प्रयास किया। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में प्रवेश के इच्छुक वैध भारतीय यात्रियों को होने वाली दिक्कतों पर चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद नई दिल्ली में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार वार्ताओं में प्रगति की है और वे ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, गतिशीलता (मोबिलिटी) और क्षेत्रीय सुरक्षा में सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जयशंकर ने इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा के दौरान हुए द्विपक्षीय व्यापार ढांचे का भी जिक्र किया।



### स्थायी व्यापार समझौते के बेहद करीब दोनों देश: मार्को रूबियो

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने पुष्टि की कि दोनों पक्ष एक स्थायी समझौते पर पहुंचने के 'बेहद करीब' हैं। रूबियो ने कहा, 'रिश्ते ने अपनी गति नहीं खोई है। हमें उम्मीद है कि हमारे व्यापार प्रतिनिधि बहुत जल्द यहां का दौरा कर सकते हैं... मुझे लगता है कि हम दोनों पक्षों के लिए लाभकारी व्यापार समझौते पर पहुंचेंगे।

### यूएस में कुछ बेवकूफ भी: रुबियो

विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने नस्लीय टिप्पणियों पर बात करते हुए कहा कि अमेरिका एक बहुत ही स्वागत करने वाला देश है, लेकिन वहां कुछ बेवकूफ लोग भी मौजूद हैं। जो हर समय बेवकूफी भरी बातें करते रहते हैं। वे अमेरिका का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

# बांग्लादेशी को डिपोर्ट करने के लिए बनेंगे होल्डिंग सेंटर

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को लेकर एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को उनके देश वापस भेजने (डिपोर्ट करने) के लिए विशेष 'होल्डिंग सेंटर' बनाने के निर्देश जारी किए हैं। शुभेंदु सरकार की ओर से इस संबंध में पश्चिम बंगाल के सभी जिलाधिकारियों (डीएम) को लिखित निर्देश और गाइडलाइंस जारी कर दी गई हैं। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इन होल्डिंग सेंटरों को बनाने के लिए सही जगह की पहचान करने और आगे की कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू करने को कहा है। प्रशासन का मुख्य फोकस सीमावर्ती जिलों में है।



### भाजपा प्रत्याशी देबांग्शु की ऐतिहासिक जीत

पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। भाजपा उम्मीदवार देबांग्शु ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। इस चुनाव में सीपीआई(एम) के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे।



# राहुल बोले-सरकार गिरेगी भाजपा बोली- यह सपने जैसा

### राहुल का बयान एक बड़ी साजिश का इशारा: गोयल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार गिरने की भविष्यवाणी करने को लेकर भाजपा ने रविवार को कड़ा पलटवार किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी का यह बयान दिन में सपने देखने जैसा है। वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राहुल का बयान एक बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है, जिसमें कांग्रेस, अन्य विपक्षी दल और 'टूलकिट गैंग' शामिल हैं। ये देश को अस्थिर करने का सपना देख रहे हैं। दरअसल, राहुल गांधी शनिवार को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की सलाहकार परिषद की एक बैठक में शामिल हुए





थे। सूत्रों के मुताबिक राहुल ने बैठक में कहा था कि एक साल के अंदर केंद्र सरकार गिर जाएगी और पीएम मोदी की विदाई तय है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'देश के लोग राहुल गांधी, विपक्ष और उस 'टूलकिट गैंग' की असली फितरत को पूरी तरह समझते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम कर रहा है। बार-बार, लोगों ने इन तत्वों को करारा जवाब दिया है। भारत को आग के हवाले करने की 'इंडी गठबंधन' की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी।'

**दावा** विलुप्त जीवों को दोबारा जिंदा करने का रास्ता साफ, पहली बार ऐसी सफलता

# वैज्ञानिकों ने कृत्रिम अंडे से निकाला जिंदा चूजा

**लंदन/न्यूयॉर्क, जेएनएन।** वैज्ञानिकों ने पूरी तरह से कृत्रिम अंडे (आर्टिफिशियल एग) से जिंदा चूजों को सेने (हैच करने) में सफलता हासिल की है। 'डी-एक्सटिंक्शन' (विलुप्त हो चुके जीवों को पुनर्जीवित करने) के क्षेत्र में इसे एक ऐतिहासिक सफलता माना जा रहा है, जो सदियों पहले विलुप्त हो चुकी प्रजातियों को धरती पर वापस लाने का रास्ता साफ करेगी। विशालकाय वूली मैमथ (ऊनी हाथी) को वापस लाने की योजना पर काम कर रही प्रसिद्ध कंपनी 'कोलोसल बायोसाइंसेज' के विशेषज्ञों ने दुनिया का पहला 'शेल-लेस इनक्यूबेशन सिस्टम' (बिना छिलके वाली सेने की प्रणाली) तैयार किया है, जो काफी हद तक एक प्राकृतिक अंडे की तरह ही काम करता है।

**कैसे काम करता है यह थ्री-डी प्रिंटेड अंडा:** इस कृत्रिम अंडे के बाहरी हिस्से को सुरक्षा और मजबूती देने के लिए थ्री-डी प्रिंटेड तकनीक से एक जालीदार मजबूत खोल के रूप में तैयार किया गया है। इस परत के अंदर एक सिलिकॉन-आधारित झिल्ली (मेम्ब्रेन) लगाई गई है जो ऑक्सीजन को सिस्टम के अंदर जाने देती है। पिछले 40 वर्षों में कृत्रिम अंडे बनाने के कई प्रयास हुए, लेकिन उनमें अत्यधिक मात्रा में शुद्ध ऑक्सीजन देने की आवश्यकता होती थी, जिससे जीवों का डीएनए डैमेज हो जाता था और उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस नए डिजाइन की पारगम्य झिल्ली (परमेबल मेम्ब्रेन) वातावरण से ऑक्सीजन को स्वाभाविक रूप से अंडे के अंदर जाने देती है, ठीक वैसे ही जैसे प्राकृतिक अंडों के सूक्ष्म छिद्रों से ऑक्सीजन अंदर जाती है। इस अंडे के ऊपर एक 'विंडो' (पारदर्शी खिड़की) भी बनाई गई है, जिससे भ्रूण के विकास के हर चरण को लाइव देखा जा सकता है।

### 18 दिनों तक कृत्रिम अंडे में रहा भ्रूण



वैज्ञानिकों की टीम ने शुरुआती पक्षी भ्रूणों (एम्ब्रियो) को लिया, उन्हें इस कृत्रिम खोल में रखा और विकसित होने के लिए 18 दिनों तक इनक्यूबेट किया। जब चूजे पूरी तरह तैयार हो गए, तो वे अपने इस अनूठे घर से बाहर आ गए और अब वे एक बड़े फार्म में पूरी तरह स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। कंपनी का कहना है कि यह विकास 'साउथ आइलैंड जायंट मोआ' को वापस लाने की उनकी योजना के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'मोआ' एक बेहद विशालकाय पक्षी था जो लगभग 11.8 फीट (3.6 मीटर) लंबा होता था और उसका वजन करीब 230 किलोग्राम (केजी) था। इसके साथ ही यह तकनीक भविष्य में कृत्रिम गर्भ (आर्टिफिशियल वोम्ब) के निर्माण के लिए एक आधारशिला साबित होगी।

### विशालकाय 'मोआ' पक्षी को वापस लाने की चुनौती

कंपनी ने बताया कि 'साउथ आइलैंड जायंट मोआ' को वापस लाने की राह में इनक्यूबेशन सबसे बड़ी चुनौती थी। मोआ के अंडे का आकार एक सामान्य मुर्गी के अंडे से 80 गुना और एमू के अंडे से आठ गुना बड़ा होता था। वर्तमान में दुनिया में कोई भी ऐसा जीवित पक्षी नहीं है जो इतने बड़े अंडे को सेने के लिए सेरोगेट (मेजबान) बन सके। इसलिए, इस प्रजाति को वापस लाने के लिए एक बड़े आकार का कृत्रिम अंडा ही एकमात्र जरिया है। कोलोसल बायोसाइंसेज मोआ की हड्डियों से निकाले गए जीन (जींस) का उपयोग आधुनिक पक्षियों को जेनेटिकली इंजीनियर करने के लिए करेगी, ताकि वे 500 से 600 साल पहले न्यूजीलैंड से विलुप्त हो चुके मोआ पक्षी जैसे दिखने लगें। इन एडिटेड भ्रूणों को फिर विकास के लिए इसी कृत्रिम अंडे में रखा जाएगा। कंपनी के मुख्य जीवविज्ञान अधिकारी प्रोफेसर एंड्रयू पास्क ने कहा, 'जीनोम सिर्फ एक ब्लूप्रिंट है, लेकिन अगर आपके पास इसे बनाने की जगह नहीं है, तो यह बेकार है।


दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 545/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## पेड़ गिरने से कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप

**जागरण, सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम मऊ में रविवार दोपहर तेज आंधी और तूफान से भारी नुकसान हुआ। एक विशाल बाबुल का पेड़ बिजली के तारों पर गिरने से दो बिजली पोल टूट गए और एक ट्रांसफार्मर झुक गया। इससे मऊ, रघुनाथपुर और शंकरपुर सहित तीन गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। यह घटना रविवार दोपहर लगभग 12 बजे हुई। पेड़ गिरने से चार पोलों के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए।

## बड़वानी मंडी में सौंफ की आवक घटी

**जागरण, बड़वानी।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में सौंफ की आवक अब अंतिम दौर में है। इस सप्ताह मंडी में केवल 18 बोरी सौंफ पहुंची, जिसका अनुमानित वजन 11 क्विंटल रहा। आवक कम होने के कारण मंडी में चहल-पहल भी घट गई है। रविवार को कृषि उपज मंडी में हाट बाजार लगा, जहां सौंफ का अधिकतम भाव 11 हजार रुपए प्रति क्विंटल और न्यूनतम भाव 6 हजार तीन सौ रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

## "ट्वीट ऑफ द डे"



ममता बनर्जी, पूर्व सीएम प.बंगाल

विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस को विपक्ष का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। हमारे 89 विधायक हैं, जबकि 30 विधायकों में विपक्ष का दर्जा दिया जाता है, लेकिन विपक्षी दल के नेता के घर में ताला लगा दिया है। पूर्व मंत्री और पूर्व स्पीकर बरामदे में बैठने के लिए बाध्य हैं। संविधान का उल्लंघन किया जा रहा है, लेकिन हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

# जानवरों के भौंकने और म्याऊं का मतलब समझाएगा कॉलर डिवाइस

## 95 प्रतिशत सटीकता का बड़ा दावा: पेट ट्रांसलेटर के रिलीज से पहले ही मिले 10 हजार से ज्यादा इंटरनेशनल ऑर्डर

### चीनी टेक स्टार्टअप 'मेंग शियाओयी' का कमाल

**बीजिंग/नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन के एक टेक स्टार्टअप 'मेंग शियाओयी' ने एक हैरतअंगेज डिवाइस बनाया है जिसकी मदद से आप अपने पालतू जानवरों के भौंकने और म्याऊं करने का मतलब अपनी भाषा में समझ पाएंगे। इतना ही नहीं, इस चीनी कंपनी का दावा है कि उनका यह डिवाइस जानवरों की बात को 95 प्रतिशत सटीकता के साथ डिकोड करेगा। यह डिवाइस एक कॉलर पट्टा है जो जानवरों की गर्दन में बंधा रहेगा और उनके भौंकने, उठने-बैठने और बॉडी लैंग्वेज शारीरिक हाव-भाव के हिसाब से रियल टाइम में बताएगा कि जानवर क्या कहना चाह रहा है।




### कैसे काम करेगा ये गैजेट और क्या होगी कीमत?

जानवरों की भाषा समझाने वाले इस डिवाइस की कीमत 799 युआन है, जो कि भारतीय रुपयों में करीब 11,300 रुपये बैठती है। इस डिवाइस को जानवरों के गले में सामान्य पट्टे की तरह बांधा जा सकता है। यह डिवाइस अलीबाबा क्लाउड के 'क्युवेन' लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर काम करने वाले एआई से लैस है। यह एआई जानवरों की आवाजों का एक बहुत बड़ा डेटाबेस रखता है। जानवर के पट्टे में लगा यह डिवाइस इस चीज को ट्रैक करता रहता है कि जानवर ने क्या आवाज निकाली और साथ ही उस वक्त क्या हरकत की? इन दोनों चीजों को मिलाकर एआई जानवरों की खुशी, दुख या गुस्से जैसी भावनाओं को सटीक रूप से डिकोड कर पाता है।

**प्री-बुकिंग का बनाया रिकॉर्ड, पर दावे पर संशय बरकरार:** अगर आप इस डिवाइस को महज टाइम पास समझ रहे हैं, तो गौर करने वाली बात यह है कि यह प्री-बुकिंग का रिकॉर्ड बना चुका है। कंपनी ने 1 मई से इस डिवाइस की प्री-ऑर्डर बुकिंग शुरू की थी और कुछ ही दिनों में इसे 10,000 से ज्यादा इंटरनेशनल ऑर्डर मिल चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी का कहना है कि उनका डिवाइस टाइम पास ऐप्स की तरह नहीं है, बल्कि यह एक बेहद गंभीर और एडवांस टेक्नोलॉजी है।

हालांकि, इस कंपनी के डिवाइस से ज्यादा इसके 95 प्रतिशत सटीक होने का दावा चर्चा और विवादों में है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीनी कंपनी ने अभी तक यह सार्वजनिक नहीं किया है कि यह 95 प्रतिशत सटीकता उसने ऐसे कितने डिवाइस और किन परिस्थितियों में टेस्ट करके निकाली है? इतना ही नहीं, इस दावे को साबित करने वाली कोई भी पीयर-रिव्यूड रिसर्च रिपोर्ट विशेषज्ञों द्वारा जांची गई रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक फिसलने से बाउंसर की मौत

**जागरण, भोपाल।** अयोध्यानगर थाना क्षेत्र में बाइक फिसलने से बाउंसर की मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 38 वर्षीय रफीक खान पिता अब्दूल रसीद नहेरू नगर में रहते थे। वह मिनाल रेसीडेंसी स्थित क्लब में बाउंसर का काम करते थे। जहां वह नाइट ड्यूटी करके घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान तनिष्क गैलेक्सी के पास अयोध्या बायपास रोड़ पर कंस्ट्रक्शन का काम चलने रविवार सुबह साढ़े पांच बजे उनकी बाइक स्पिल हो गई। हेलमेट नहीं पहनने की वजह से उनकी सिर पर गंभीर चोटे आई। बाद राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बेटी को लेने आए पिता की 5वीं मंजिल से गिरकर मौत

**जागरण, भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में 5वीं मंजिल से गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई। वह दतिया से अपनी बेटी को लेने के लिए आए थे। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 64 वर्षीय विरेंद्र खरे मूल से दतिया के रहने वाले थे। उनकी बेटी की शादी भोपाल स्थित ललीता नगर में हुई थी। वह उसे लेने के लिए शनिवार सुबह आए थे। अलगे दिन वह पंजाब मेल से बेटी के साथ घर वापस जाने वाले थे। जहां वह दृष्टि सिटी में रहने वाले अपने बड़े भाई के घर में रुके थे। वे रात में खाना खाकर सो गए थे। जहां रात करीब एक बजे बाथरूम से आने बाद गैलरी छोटी होने की वजह से वह 5वीं मंजिल से नीचे गिर गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मनमानी और नियमों की अनदेखी के खिलाफ परिवहन विभाग और पुलिस का अभियान

# अनफिट यात्री बसों पर कार्रवाई जारी दो जब्त व 75 हजार जुर्माना वसूला

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में यात्री बसों की मनमानी और नियमों की अनदेखी के खिलाफ रविवार को परिवहन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। परिवहन आयुक्त के सख्त निर्देशों के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने शहर के प्रमुख मार्गों पर यात्री बसों की सघन चेकिंग की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाली दो बसों को जब्त किया गया, जबकि एक बस का फिटनेस मौके पर ही निरस्त कर दिया गया। जानकारी अनुसार चेकिंग के दौरान टीम ने बस क्रमांक एमपी 04 पीए 0848 को रोका। जांच में पाया गया कि इस बस के पास न तो वैध परमिट था, न फिटनेस सर्टिफिकेट और न ही वाहन का बीमा कराया गया था। गंभीर लापरवाही पाए जाने पर टीम ने बस को तुरंत जब्त कर लिया।




इसके अलावा, एक अन्य बस क्रमांक पीएम 04 पीए 1150 को परमिट की शर्त का सरेआम उल्लंघन करने के आरोप में जब्त किया गया है।

**एक बस का फिटनेस निरस्त:** यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले बस संचालकों पर भी टीम ने कड़ा रुख अपनाया। बस क्रमांक एमपी 41 पी 0840 की जांच के दौरान पाया गया कि उसमें लगे फायर एक्टिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) की वैधता (तारीख) समाप्त हो चुकी थी। साथ ही, आपातकालीन स्थिति में यात्रियों को बाहर निकालने वाली इमरजेंसी विंडो (आपातकालीन खिड़की) भी पूरी तरह अवरुद्ध थी। इस गंभीर लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए आरटीओ टीम ने मौके पर ही उक्त बस का फिटनेस निरस्त कर दिया।

### दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों की हुई जांच

चेकिंग अभियान के दौरान टीम ने दर्जनों बसों के दस्तावेजों और सुरक्षा मानकों को खंगाला। इस दौरान मोटर यान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वाली 17 यात्री बसों पर चालानी कार्रवाई की गई। इन वाहनों से समन शुल्क (शमन शुल्क) और बकाया मोटर यान कर के रूप में कुल 75,000 रुपए का राजस्व वसूल किया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यात्री सुरक्षा को लेकर इस तरह का चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### प्रदेश भर में 27 मई तक चलेगी मुहिम

इंदौर से शिवपुरी जा रही एसी बस में 16 मई को आग लगने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी और कई यात्री बुरी तरह झुलस गए थे। ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस और परिवहन विभाग ने प्रदेशभर में यात्री बसों की सुरक्षा जांच के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। 21 मई से शुरू अभियान 27 मई तक चलेगा। पुलिस मुख्यालय और पुलिस प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान की ओर से जिलों को सघन चेकिंग करने के निर्देश दिए गए थे। अभियान में हर जिले में परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें बसों की जांच कर रही हैं। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बस संचालकों और रनिंग स्टॉफ की लापरवाही प्रतिदिन सामने आ रही हैं। पुलिस दस्तावेजों के अलावा मूल मॉडल, बसों में किया गया मॉडिफिकेशन, यात्री सुविधा, फायर शेफ्टी सिस्टम, फर्स्ट एड के अलावा बसों के फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, पंजीयन और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच कर रही है। क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने, तेज गति से वाहन चलाने और चालक के लाइसेंस की भी जांच हो रही है। अभियान का उद्देश्य सड़क हादसों और तकनीकी खामियों को रोकना है ताकि सुरक्षित यात्रा को बढ़ावा दिया जा सके। जांच के दौरान कई बसों में सीटों की संख्या से छेड़छाड़, क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना, इमरजेंसी गेट के नियम का उल्लंघन, फायर सेफ्टी और फर्स्ट एड बॉक्स की अनदेखी सामने आ रही हैं।

# धधक रहे बांदा पर छलका एमपी के आईपीएस का दर्द

## यूपी के सीएम को सलाह, बांदा में 10 साल बैन कर दें खनन





**जागरण, भोपाल।** दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मा रहे बांदा के हालात देख मध्यप्रदेश के आईपीएस ऑफिसर अपना दर्द रोक नहीं सके। अपना बचपन बांदा में बिताने वाले एडीजी रेल राजाबाबू सिंह ने बांदा का दर्द सोशल मीडिया पर बयां करते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को सलाह भी दे डाली। उन्होंने लगातार बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए मुख्यमंत्री योगी को सलाह दी है कि अगले दस सालों के लिए पूरे जिले में रेत व पत्थर के खनन पर रोक लगा दी जाए। सारे ठेके रोक दिए जाएं। वरना यही हाल रहा तो आने वाली पीढ़ी माफ नहीं करेगी।

पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक व वैदिक जीवन शैली के पक्षधर माने जाने वाले एडीजी रेल राजाबाबू सिंह ने एक वीडियो के जरिए अपने मन की बात कही है। सोशल मीडिया पर चल रहे इस वीडियो में उन्होंने 47.6 डिग्री तापमान से बांदा का नाम दुनिया के सबसे गर्म शहरों में शामिल होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहाकि मैं जानता हूं कि मैं सर्विंग ऑफिसर हूं और सिविल सर्विस कंडक्ट रूल्स से बंधा हूं, लेकिन बांदा मेरा गृह जिला है। उनका बचपन वहीं बीता है और स्कूली शिक्षा-दीक्षा भी उसी जिले में हुई है। वहां प्रचुर प्राकृतिक संपदा और केन-बेतवा जैसी नदियां हैं, लेकिन मिस मैनेजमेंट के कारण आज बांदा दुनिया के सबसे गर्म शहरों में शामिल हो गया है। यह हमारे ऊपर एक कलंक है। अपने वीडियो में उन्होंने सीएम योगी से केन नदी में अवैध खनन और पहाड़ियों की कटाई को तत्काल रोका जाना चाहिए। बांदा, महोबा और हमीरपुर में अगले 10 सालों के लिए माइनर मिनरल (बालू और स्टोन क्रेरिंग) के ठेके पर पूरी तरह से बंद हो जाएं। प्रकृति जब तक खुद को रिकवर न कर ले, तब तक खनन पर अनिवार्य रूप से रोक लगा दी जाए।

**फोटो सेशन नहीं, युद्ध स्तर पर प्रयास जरूरी:** ग्वालियर के तिघरा की बंजर जमीन पर जैव विविधता को पुनर्जीवित कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर चुके एडीजी सिंह ने बांदा सहित कई जिलों में बेलगाम चल रहे खनन पर वहां के प्रशासन को आड़े हाथों लिया। साथ ही भावुक लहजे में यूपी के प्रशासन को सलाह देते हुए कहा है कि बांदा की ओरिजनल और विलुप्त हो चुकी वनस्पतियों को दोबारा लगाया जाए। उन्होंने वीडियो जारी करने के बाद बांदा के डीएम और डीएफओ से संपर्क कर सुझाव दिया है कि जुलाई से ही पौधारोपण शुरू कराया जाए। यह मुहिम केवल केवल फोटो सेशन तक सीमित न रखें, बल्कि पूरी ईमानदारी से प्रकृति बचाने का काम किया। यदि आज अवैध खनन नहीं रुका और ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ काम नहीं किया तो बांदा की नारकीय गर्मी की वजह से आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी।

# ठगी के लिए पति ने पत्नी के पैर छूकर किया कन्यादान, सास बनी नकली मां

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश में ग्वालियर के झांसी रोड थाना क्षेत्र में शादी के नाम पर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नाका चंद्रवदनी इलाके के रहने वाले रतन शर्मा नामक युवक की शादी जिस युवती से कराई गई, वह पहले से शादीशुदा निकली। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि शादी में लड़की का भाई बनकर शामिल हुआ युवक ही उसका असली पति था। पुलिस ने इस मामले में लुटेरी दुल्हन समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का केस दर्ज किया है। पीड़ित रतन शर्मा जबलपुर के एक निजी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में टीम लीडर हैं। परिवार में पांच भाई हैं और सभी अविवाहित हैं। अच्छे रिश्ते की तलाश में जुटे परिवार की मजबूरी का फायदा पड़ोसी सोनू तिवारी ने उठाया। उसने रतन के भाई गोविंद को बताया कि



मुरैना निवासी उसका परिचित सोनू उर्फ अजय चौहान अपनी गरीब मुंहबोली बहन राधा उर्फ दीक्षा मुद्गल के लिए रिश्ता ढूंढ रहा है। फोटो दिखाने के बाद रिश्ता तय कर दिया गया। 27 अप्रैल 2026 को गोद भराई की रस्म कराई गई, जबकि 7 मई को पाटनकर चौराहा स्थित एक होटल में हिंदू रीति-रिवाज से शादी संपन्न हुई। शादी में करीब सात लाख खर्च किए गए।

### जेवर और नकदी हड़पने के लिए रची साजिश

रतन शर्मा को समझ आया कि यह पूरा गिरोह सुनियोजित तरीके से शादी कर लोगों को फंसाता है और बाद में जेवर तथा नकदी लेकर फरार हो जाता है। उन्होंने परिवार को जानकारी देने के बाद दुल्हन को पकड़कर झांसी रोड थाने पहुंचाया। पुलिस ने राधा उर्फ दीक्षा मुद्गल, सोनू उर्फ अजय चौहान, माया देवी, शिल्पी परमार, राघवेंद्र परमार, सत्येंद्र चौहान और सोनू तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गिरोह पहले भी कई लोगों को इसी तरह ठगी का शिकार बना चुका है।

## खाने में नहीं आया स्वाद दुल्हन पक्ष पर हमला

**जागरण, बालाघाट।** जिले के भरवेली थाना क्षेत्र में रविवार को शादी के बाद लौट रहे दुल्हन पक्ष पर हमला हो गया। जोधीटोला के जंगल में करीब एक दर्जन लोगों ने वाहन रोककर दुल्हन और उसके परिजनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। हमलावरों ने वाहन में भी तोड़फोड़ की। करीब एक घंटे तक चले इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार हट्टा थाना क्षेत्र के खोड़सिनी निवासी निया का विवाह 22 मई को जोधीटोला निवासी अक्षय मात्रे से हुआ था। शादी समारोह के दौरान भोजन व्यवस्था को लेकर दूल्हा पक्ष और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट की स्थिति बन गई। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन बाद में यही विवाद हमले की वजह बना।

# संदेह से टूटा परिवार: मासूम बेटी के सामने पत्नी की हत्या कर पति ने भी की खुदकुशी

## सुसाइड नोट में पत्नी के किसी और से प्रेम प्रसंग का किया जिक्र

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के मेघदूत नगर में एक युवक ने मासूम बेटी के सामने अपनी पत्नी की हत्या की और और खुद जहर खाकर खुदकुशी कर ली। अकेली बच्ची जब लगातार रोने लगी तो पड़ोसी युवक के घर पहुंचे। इसके बाद जाकर घटना का खुलासा हुआ। हत्या की वजह कथित प्रेम संबंध बताए जा रहे हैं। पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी कारण दोनों के बीच विवाद हुआ था। आत्महत्या करने से पहले युवक ने सुसाइड नोट तैयार किया, उसमें लिखा था कि पत्नी ने मुझे धोखा दिया। वह किसी दूसरे युवक से प्यार करती थी। पुलिस के मुताबिक मेघदूत नगर में रहने वाला हल्के वीर पटेल पीथमपुर की एक कंपनी में काम करता है। हल्के वीर और



रोशनी की शादी पांच साल पहले हुई थी। वह मूलतः नर्मदापुरम का रहने वाला है और कुछ साल पहले ही इंदौर आया था। पुलिस जांच में पता चला कि पत्नी रोशनी पीथमपुर के ही सतीश साहू से प्रेम करती थी। यह बात हल्के वीर को पता चली थी। वह अपने एक रिश्तेदार के साथ शनिवार को सतीश से मिलने भी गया था। यहां से लौटने के बाद रात को पत्नी के साथ उसका विवाद हुआ। सुबह दोनों अपने कमरे में मृत मिले। पुलिस को आशंका है कि पहले पति ने पत्नी का गला घोंट दिया और फिर आत्महत्या कर ली। युवक ने नोट में दोनों के जहर खाने की बात लिखी है, लेकिन रोशनी के गले में निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्या गला दबा कर की गई है। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है।

**रोने की आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसी:** मालूम हो कि रविवार सुबह छह बजे से बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी। वह देर तक जब चुप नहीं हुई तो पड़ोसी हल्के वीर के घर पहुंचे। पड़ोसियों ने देखा कि दोनों शव फर्श पर थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हल्के वीर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि सतीश ने उसके साथ मारपीट भी की।

**नवाचार** — हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 'निपुण भारत अभियान' का नया प्रयोग

# बच्चे एआई से करेंगे होमवर्क, खोलेंगे मिनी ढाबा और बैंक

**चंडीगढ़, जेएनएन।** हरियाणा के सरकारी स्कूलों के ग्रीष्मकालीन होमवर्क में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की एंट्री होगी। प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थी अपने दिनभर के कार्यों की गणना करेंगे, पता करेंगे उनको करने में कितना समय लगा है और अगले दिन इन्हीं कार्यों को एआई की मदद से करेंगे। इसके अलावा वे बिजली बचाने की जानकारी लेंगे और 5 दिन के अखबारों का विश्लेषण भी करेंगे। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 मई से 30 जून तक रहेगा। 'निपुण भारत अभियान' के तहत शिक्षा विभाग ने इसके लिए एक विशेष कार्य पुस्तिका तैयार की है।



### समय और स्वाद का एआई फॉर्मूला

बच्चे दिनभर के कार्यों में लगने वाले समय की गणना करेंगे और फिर एआई से पूछेंगे कि उसी काम को कम समय में कैसे किया जाए। यही नहीं, वे अंकुरित चाट खुद बनाएंगे और उसे अधिक स्वादिष्ट व पौष्टिक बनाने के सुझाव एआई से लेंगे।

**अखबार का विश्लेषण:** छात्र पिछले 5 दिनों के अखबारों से क्रिकेट स्कोर, तापमान व सूर्योदय-सूर्यास्त के आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे।

**बिजली-ईंधन की बचत:** बच्चे परिजनों के साथ-साथ एआई से बिजली बचाने के उपाय पूछेंगे। इसके अलावा गूगल मैप के जरिए कम समय वाला रास्ता तलाश करना सीखेंगे।

**नेचर और टेक्नोलॉजी:** घर के आस-पास लगे पेड़ों को पहचान कर उनकी फोटो लेंगे और एआई के जरिए उनके नाम व इंसानी जीवन में उनके महत्व को समझेंगे।

### मिनी ढाबा, बैंक और डिस्पेंसरी की सैर

- **दुकानदार बनना:** बच्चे 'आओ स्टॉल से खरीदो' नाम से छोटी दुकान या मिनी ढाबा लगाएंगे। वे चीजों के दाम तय करेंगे, परिजनों से ऑर्डर लेंगे और दिन के अंत में लाभ-हानि का हिसाब लगाकर भोजन को खराब होने से बचाने के तरीके सीखेंगे।
- **फील्ड विजिट:** बच्चे परिजनों के साथ नजदीकी बैंक जाकर पैसे जमा करना और बचत योजनाएं समझेंगे। इसके अलावा सरकारी अस्पताल डिस्पेंसरी में इलाज की प्रक्रिया जानेंगे और मंडी में सब्जी तोलने के तरीके देखेंगे।

### बच्चों को कहानी सुनने से लेकर 'वैज्ञानिक' बनने तक के टास्क

- **बालवाटिका-3:** माता-पिता के मोबाइल नंबर याद करना, तरबूज के बीज गिनना, कहानियां सुनना और भगवान का धन्यवाद करना। पानी में वस्तुएं डालकर देखना कि कौन सी डूबती है और कौन सी तैरती है।
- **कक्षा पहली:** साफ-सफाई की आदतें, अनाजों की पहचान, पौधों को पानी देना, चिड़ियों को दाना डालना और परिजनों के साथ योग करना।
- **कक्षा दूसरी:** पेयजल के स्रोत जानना, जलेबी बनते देखना, वेस्ट स्टिक से पेंसिल स्टैंड बनाना और रसोई की खुशबू से पकवान पहचानना।
- **कक्षा चौथी:** एक महीने के घरेलू खर्च का हिसाब रखना, कपड़े सजाना, डाकघर या पुलिस चौकी जाकर वहां की कार्यप्रणाली को समझना आदि शामिल हैं।

### सतना में गांव के बाद शहर में भी खसरे की दस्तक

# 5 वर्ष से कम उम्र के 8 बच्चों में मीजल्स की पुष्टि से हड़कंप

**जागरण, सतना।** जिले के नागौद ब्लॉक के गिंजारा गांव के बाद अब सतना शहर के राजेंद्र नगर गली नंबर-16 में भी खसरे (मीजल्स) के कई मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि मई माह में ही 22 संदिग्ध बच्चों के सैंपल जांच के लिए भेजे, जिनमें से आठ बच्चों में सक्रमण की पुष्टि हुई है। इनमें सात नए मामले सतना ग्रामीण क्षेत्र से सामने आए हैं, जबकि एक मामला नागौद ब्लॉक का है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि संक्रमित बच्चे पांच वर्ष से कम आयु के हैं। इनमें छह बच्चियां शामिल हैं। विभाग के अनुसार संक्रमित बच्चे हनुमान नगर नई बस्ती, बजरहा टोला, राजेंद्र नगर खूंटी और गिंजारा क्षेत्रों से संबंधित हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग भले ही स्थिति नियंत्रण में होने का दावा कर रहा हो, लेकिन बढ़ते मामलों ने विभागीय टीकाकरण अभियान पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बड़ा सवाल यह है कि जब 2024 में सतना और मैहर जिले में 40 मामले सामने आ चुके हैं, तब विभाग ने पहले से ठोस रोकथाम के कदम क्यों नहीं उठाए। खसरे जैसी बीमारी अब गांवों से निकल शहर की गलियों तक पहुंच चुकी है।

> "स्थिति नियंत्रण में है और संदिग्ध बच्चों की जांच कराई जा रही है।
> ● **मनोज शुक्ला**, सीएमएचओ सतना


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।